जयपुर

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 153

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



12

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक ने उत्तर प्रदेश के पहले संघ भवन का किया उद्घाटन

# भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए समाज को करना होगा कार्य : भागवत

महानगर संवाददाता

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन मधुकर भागवत ने सोमवार को कारवालोनगर में नवनिर्मित प्रदेश के पहले संघ भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए समाज को कार्य करना होगा। भारत हिंदू समाज का घर है और संघ जीवन है। संघ का कार्य सबके जीवन में शुचिता और करुणा लाना है।




भागवत ने बाबा साहेब भीमराव डॉ. अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हिंदू समाज को विषमता से बाहर लाने का काम किया। इस दौरान मोहन भागवत ने कहा कि हम आपसी मतभेदों में उलझ गए और इसका विदेशी आक्रांताओं ने फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि संघ केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए काम करता है, देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए काम करता है। भागवत ने विशाल जनसमूह की ओर देखते हुए कहा कि यहां उत्सव का वातावरण कई बार आया, लेकिन इतनी भीड़ कभी नहीं देखी। उन्होंने आगे कहा कि अपने समाज में लोग पिछले दो हजार वर्षों से आपसी स्वार्थों में लगे रहे, आपसी मतभेद भी रहे। इसके कारण विदेशी आक्रांताओं ने हमको पीटा और फायदा भी उठाया। संघ समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलता है और यह कार्यालय समाज में चल रहे अच्छे कार्यों को जोड़ने का केंद्र बनेगा। मोहन भागवत ने कहा कि बाबा साहेब को जीवन में बड़ी विषमताओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने बचपन से ही विषमता का सामना किया। उन्होंने जीवनभर समाज को एकजुट करने के लिए प्रयास किए। गौरतलब है कि सरसंघचालक भागवत पांच दिन शहर में ही प्रवास करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान वे क्षेत्र और कानपुर प्रांत से जुड़े प्रचारकों के साथ बैठक कर अक्टूबर में होने वाले संघ के शताब्दी वर्ष की कार्ययोजना तैयार करेंगे। इसे पूरे देश में अभियान के तौर पर लागू किया जाएगा।

### राजस्थानी लाल पत्थरों से बना है संघ का भवन

**नवनिर्मित** चार मंजिला संघ भवन में राजस्थान से लाए गए लाल पत्थरों का प्रयोग किया गया है। भवन की पेंटिंग गोबर मिश्रित विशेष पेंट से कराई गई है। भवन का मुख्य द्वार और चारदीवारी भी लाल पत्थर से बनाई गई है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग के अलावा एक बड़ी लाइब्रेरी की स्थापना भी की गई है। यहां हिंदू धर्म का इतिहास बताने वाले साहित्य और ज्ञानवर्धक पुस्तकें रखी गई हैं। भागवत ऐसे पहले सरसंघचालक हैं, जो उत्तर प्रदेश के किसी संघ भवन में पहली बार प्रवास कर रहे हैं। अभी तक जब भी उनका कानपुर या प्रदेश के किसी भी जिले में आना हुआ है, उनका प्रवास संघ कार्यालयों की जगह किसी अन्य स्थान पर ही रहा है। अभी तक प्रदेश में संघ की अपनी कोई ऐसी जगह नहीं थी।

### क्षेत्र-प्रांत, विभाग और जिला प्रचारकों के साथ करेंगे बैठक

**सरसंघचालक** क्षेत्र, प्रांत, विभाग, जिला प्रचारकों की बैठक लेकर सेवा, समरसता, पर्यावरण के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा करेंगे। इसमें घर-घर तुलसी वितरण, प्लास्टिक प्रयोग से होने वाली हानि पर बात होगी। वे 15-16 अप्रैल को संघ के छह आयाम में से एक सेवा विभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। 15 अप्रैल को ही कोयला नगर और 16 को निराला नगर की शाखा में शामिल होंगे। 17 को संघ की प्रांत कार्यकारिणी के साथ संघ शताब्दी वर्ष में संघ पंच परिवर्तन पर चर्चा होगी।

### जैन मुनियों पर हमला किया लहूलुहान

**नीमच (मसं)।** नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र स्थित हनुमान



मंदिर में विश्राम करने रुके तीन जैन मुनियों को रविवार रात करीब 12 बजे छह बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जैन समाज ने शाम को मौन जुलूस निकालकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चित्तौड़गढ़ निवासी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### बेल्जियम में गिरफ्तार हुए मेहुल चोकसी

**ब्रुसेल्स (विसं)।** पीएनबी से



लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार हो गए। जानकारी के अनुसार भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी हुई। भारत ने बेल्जियम के साथ चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### कांग्रेस महिला विधायक भाजपा नेता से भिड़ीं

**सवाई माधोपुर (मसं)।** बौंली कस्बे में रविवार रात अंबेडकर सर्किल पर नाम पट्टिका लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे चारों ओर नाम पट्टिका लगाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। आपसी विवाद के दौरान कांग्रेस की बामनवास विधायक इंदिरा मीणा, भाजपा के प्रधान कृष्ण पोसवाल सहित कई नेतागण अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे। इस बीच प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस ने समझाइश की जिसके बाद हाथापाई भी हुई। विवाद के दौरान विधायक मीणा ने भाजपा नेता के कपड़े खींच डाले। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर किया तीखा हमला

# ‘वक्फ पर सही काम होता तो मुसलमान नहीं बनाते पंक्चर’

महानगर संवाददाता

**हिसार/ यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हिसार में कांग्रेस पर ‘तुष्टिकरण की राजनीति’ के लिए वक्फ कानून बदलने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला किया। उन्होंने दावा किया कि अगर वक्फ बोर्ड अपने मूल उद्देश्य के अनुसार काम करता तो भारत में मुसलमानों को गरीबी में जीने और पंक्चर बनाने जैसे काम करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान और सामाजिक न्याय की कीमत पर अपने वोट बैंक को लाभ पहुंचाने के लिए वक्फ नियमों में बदलाव करने का आरोप लगाया। इसके बाद यमुनानगर में उन्होंने 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास और रेवाड़ी बाइपास का उद्घाटन किया।

हिसार में बड़ी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को सत्ता हासिल करने का हथियार बना लिया। आपातकाल के दौरान सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान की भावना की हत्या कर दी गई। संविधान धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया। पीएम मोदी ने मुस्लिम समुदाय के प्रति कांग्रेस की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे कहते हैं कि उन्होंने मुसलमानों के पक्ष में ऐसा किया। मैं इन वोट बैंक के भूखे राजनेताओं से पूछना चाहता हूं कि अगर उन्हें वाकई मुसलमानों से हमदर्दी होती तो कांग्रेस किसी मुसलमान को पार्टी अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती? वे अपने 50 प्रतिशत टिकट मुसलमानों को क्यों नहीं देते? वे ऐसा नहीं करना चाहते, बल्कि देश के 50 प्रतिशत अधिकार छीन लेना चाहते हैं। पीएम मोदी ने वक्फ बोर्ड के मूल उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य गरीब और हाशिए पर पड़े मुसलमानों, खासकर महिलाओं का उत्थान करना था। वहीं यमुना नगर में आयोजित सभा में पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा की गाड़ी अब विकास के पथ पर दौड़ रही है। कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के साथ विश्वासघात हो रहा है। पड़ोस में देखिए, हिमाचल में सारे काम ठप पड़े हैं। कर्नाटक में देखिए हर चीज महंगी हो रही है। कर्नाटक में जो कांग्रेस सरकार ने टैक्स लगाए हैं, उनकी सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब आलोचना की है।




### कॉमर्शियल विमान को दिखाई हरी झंडी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां से अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई और हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। हवाई यात्रा को सुरक्षित, किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएम मोदी ने महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन के लिए आधारशिला रखी। इसका निर्माण अनुमानित 410 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया जाएगा। इसमें एक अत्याधुनिक यात्री टर्मिनल, एक कार्गो टर्मिनल और एक एटीसी भवन शामिल होगा। इस परियोजना को दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### यमुना नगर में रामपाल कश्यप को जूता पहनाकर किया सम्मानित

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने यमुना नगर में रामपाल कश्यप नाम के एक शख्स को जूता पहनाकर सम्मानित किया। हरियाणा के कैथल जिले के निवासी रामपाल ने 14 साल पहले पीएम नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने और उनसे मुलाकात होने के बाद ही जूते पहनने की कसम खाई थी। इस पर पीएम ने उन्हें अपने हाथों से जूते पहनाए। हालांकि रामपाल को जूते पहनाते समय पीएम ने उनसे भविष्य में कभी इस तरह का प्रण नहीं करने की बात भी कही। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम द्वारा जूते पहनाए जाने के बाद कहा कि पीएम मोदी और रामपाल कश्यप की यह स्नेहिल भेंट ना केवल असाधारण जनसमर्थन को रेखांकित करती है, बल्कि यह जनसामान्य के हृदय में देश के प्रधानसेवक के प्रति निश्चल अपनत्व एवं असीम विश्वास का अनुपम उदाहरण भी है। इस मिलन से प्रतिबिंबित होता है कि जन-जन के मन में पीएम मोदी के प्रति अटूट सम्मान और गहरी निष्ठा का भाव है।



# बाबा साहेब ने देश ही नहीं, दुनिया को भी दिखाई राह : भजनलाल

डॉ. भीमराव अंबेडकर का 134वां जयंती समारोह आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान का जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रतिबद्धता से जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सभी वर्गों में शिक्षा पर जोर दिया और महिला सशक्तीकरण तथा श्रम सुधार के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दुनिया उनके सामाजिक दर्शन और कानूनी ज्ञान का लोहा मानती है और उन्हें सिंबल ऑफ नॉलेज भी कहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गांवों में 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी है, वहां बाबा साहेब अंबेडकर संबल योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में आधारभूत संरचना एवं विकास के कार्य हो सकेंगे। इसके लिए 250 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने बाबा साहेब के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सवा साल के कार्यकाल में कुल सवा सात लाख नए लाभार्थियों को जोड़ा है। प्रदेश में आज 91 लाख से ज्यादा लोग पेंशन पा रहे हैं। साथ ही हमने पेंशन राशि 1,000 से बढ़ाकर अब 1,250 रुपए प्रतिमाह की है। बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों की देखभाल के लिए पालनहार योजना के तहत हर माह 2 हजार 500 रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। वहीं सरकार विमुक्त, घूमंतु और अर्द्धघूमंतु समुदाय के कल्याण के लिए दादूदयाल घूमंतु सशक्तीकरण योजना के माध्यम से 60 करोड़ रुपए खर्च कर रही है।



### इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर का किया वितरण

**मुख्यमंत्री** ने मस्कुलर डिस्ट्रोफी पीड़ितों को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पंचतीर्थ भ्रमण योजना के तहत सरकार अनुसूचित जाति के लोगों को बाबा साहेब के जीवन से जुड़े पंचतीर्थों का भ्रमण करवा रही है। योजना के अंतर्गत आज उन्होंने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। साथ ही उन्होंने कुलदीप पंवार पाली को अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार और डॉ अनुपमा सोनी को अंबेडकर महिला कल्याण पुरस्कार भी प्रदान किए।

### इन्होंने भी किया संबोधित

**इस** अवसर पर डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि पीएम मोदी ने बाबा साहेब के विचारों के प्रसार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में सरकार अजा-अजजा के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि वंचितों के उत्थान के लिए राज्य सरकार ने जो भी वादे किए थे, वे पूरे किए जा रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है।

## सरकारी स्कूलों में अब एप से दर्ज होगी बच्चों की उपस्थिति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति अब शिक्षक एप से दर्ज होगी। यह काम प्रार्थना सभा के समय ही कर लिया जाएगा। प्रार्थना सभा में एप में प्रदर्शित बच्चों में से सिर्फ उन्हें चिह्नित करना होगा, जो उपस्थित नहीं हैं। इससे बच्चों की उपस्थिति सीधे शाला दर्पण मॉड्यूल में चली जाएगी। दरअसल पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने शिक्षित राजस्थान अभियान में इसकी शुरुआत तो कर दी थी, लेकिन पहले चरण में इसे सिर्फ विवेकानंद मॉडल स्कूलों और अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी स्कूलों में ही लागू किया गया था। अब इसे सभी स्कूलों के लिए लागू कर दिया गया है। उपस्थिति दर्ज करने के लिए सभी टीचर्स को अपने मोबाइल फोन में यह एप डाउनलोड करना होगा।



महानगर ग्राउंड रिपोर्ट | घाटियों की गहराई पर सीना तानकर खड़ा हुआ रेलवे का पहला केबल स्टेड पुल, देखकर आप कहोगे... वाह, क्या गजब की इंजीनियरिंग है।

# हिम्मत व हुनर की अद्भुत मिसाल गहरी खाई को पाटता अंजी खड्ड पुल

मनीष कुमार शर्मा

**अंजी/रियासी (जम्मू)।** यदि आपको घाटियों की गहराई पर सीना तानकर खड़े अद्भुत हिम्मत और हुनर की बेजोड़ कारीगरी देखनी है तो जम्मू के रियासी जिले में अंजी आना होगा। भारतीय रेलवे के पहले केबल-स्टेड ब्रिज अंजी खड्ड को देखकर आप कहोगे... वाह, क्या गजब की इंजीनियरिंग है।

कहते हैं जब घाटियां गहरी होती हैं और पहाड़ रास्ता रोकते हैं, तब इंसान के सपने ऊंचे हो जाते हैं। कश्मीर के दिल तक पहुंचने के इन्हीं ऊंचे सपनों ने बेजोड़ कारीगरी को जन्म दिया और घाटियों की गहराई पर शान से खड़ा हो गया अंजी खड्ड ब्रिज। 96 लोहे के केबल के सहारे खड़ा भारतीय रेलवे का पहला केबल-स्टेड ब्रिज जम्मू और कश्मीर की चुनौतीपूर्ण घाटियों के बीच अंजी नदी की गहरी खाई को पाटता है। कटरा और रियासी के बीच कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देने जा रहा यह पुल अद्भुत संरचना के साथ भारतीय इंजीनियरिंग के आत्मविश्वास और कौशल की मिसाल है। यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के तहत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू के रियासी जिले में कटरा-बनिहाल रेल खंड में बनाया गया है। यह पुल जम्मू से सड़क मार्ग से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को पार कर यह ब्रिज घाटी को देश के बाकी हिस्सों से और मजबूती के साथ जोड़ रहा है।



### फैक्ट फाइल

- 725 मीटर पुल की कुल लंबाई।
- 331 मीटर नदी के तल से ऊंचाई।
- 193 मीटर सेंट्रल पॉयलन की ऊंचाई।
- 96 कुल केबल की संख्या है पुल में।
- 849 मीट्रिक टन केबल का कुल वजन।
- 653 किलोमीटर केबल की कुल लंबाई।
- 8,215 मीट्रिक टन पुल निर्माण में कुल स्टील का इस्तेमाल।

### 11 महीने में ही पूरा किया निर्माण कार्य

**रेलवे** के अनुसार आकर्षक डिजाइन के साथ बने इस ब्रिज का निर्माण कार्य सिर्फ 11 महीने में ही पूरा कर लिया गया। नदी तल से इसकी ऊंचाई 331 मीटर है। यह ब्रिज नींव से 193 मीटर ऊंचे एक मजबूत सेंट्रल पॉयलन पर टिका हुआ है, जो इसकी पूरी संरचना को संतुलन में रखता है। अंजी खड्ड ब्रिज, चिनाब ब्रिज के बाद दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भी है। इस ब्रिज को 96 केबलों के सहारे बनाया गया है, जिनका कुल वजन 849 मीट्रिक टन और कुल लंबाई 653 किलोमीटर है। 725 मीटर लंबे इस ब्रिज की संरचना में 8,215 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है।



### कटरा-बनिहाल सेक्शन पूरे प्रोजेक्ट में बेहद खास

**यूएसबीआरएल** प्रोजेक्ट का कटरा-बनिहाल (111 किलोमीटर) सेक्शन बेहद खास है। यहां दुर्गम हिमालयी भू-भाग और गहरे नदी खड्डों के कारण इसका निर्माण चुनौतीपूर्ण रहा है। इसकी बानगी है कि इस सेक्शन पर 27 मुख्य सुरंग और 8 एस्केप सुरंगें हैं। इसके साथ ही 37 पुल (26 बड़े और 11 छोटे) हैं। इसी सेक्शन पर 4 मेगा पुल चिनाब पुल, अंजी पुल, पुल-39 और पुल-43 हैं। यदि स्टेशनों की बात करें तो इस रेल खंड में सात स्टेशन हैं, जिनमें से चार स्टेशन रियासी और तीन रामबन जिले में हैं। इन स्टेशनों में रियासी, बक्कल, डग्गा, सावलकोट, सांगलदान, सुंबर और खारी हैं। इन सभी स्टेशनों के भवन पूरे हो चुके हैं।

### रोजगार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**घाटी** के लोगों की मौजूदा आवश्यकताओं को देखते हुए बने इस ब्रिज के तारों से जम्मू और कश्मीर के विकास के तार जुड़े हुए हैं। यह ब्रिज घाटी के दूर-दराज इलाकों में बसे गांवों और कस्बों का बड़े शहरों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है, जिससे विकासशील जगहों पर चिकित्सा, शिक्षा और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता आसान हो जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी के वजह से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। साथ ही घाटी में व्यापार और पर्यटन को भी जबर्दस्त बढ़ावा मिलेगा।

### यह है पुल की खासियत

- **अंजी** खड्ड पुल में सिंगल रेलवे लाइन और 3.75 मीटर चौड़ी सर्विस रोड है। डेक के दोनों ओर 15 मीटर की कुल चौड़ाई वाले 1.5 मीटर चौड़े फुटपाथ हैं।
- **अंजी** खड्ड पुल को तेज हवाओं के भारी तूफानों को झेलने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इसकी डिजाइन विंड स्पीड 213 किलोमीटर प्रति घंटा आंकी गई है।

# कांग्रेस विधायक को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए था : बैरवा



## अंबेडकर प्रतिमा की पट्टी से छेड़छाड़ का मामला, कांग्रेस विधायक ने भाजपा नेता से की मारपीट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सवाईमाधोपुर के बौंली में कांग्रेस विधायक इंदिरा मीणा द्वारा भाजपा नेता के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें विधायक भाजपा नेता का कॉलर पकड़ते और उन्हें पीटते नजर आ रही हैं। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में इस घटना को अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि विधायक को संविधान और सामाजिक समरसता का ध्यान रखना चाहिए, खासतौर पर बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती जैसे मौके पर। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा कार्यकर्ता ने कोई गलती की है, तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन विधायक को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए। बैरवा ने भाजपा मुख्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की और कहा कि भाजपा एक संस्कारित पार्टी है। अंबेडकर की प्रतिमा के पट्टी से छेड़छाड़ मामले में कहा कि किसी ने ऐसा किया है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के आरोपों पर जवाब देते हुए बैरवा ने कहा कि दलितों को आगे बढ़ाने में भाजपा कभी पीछे नहीं रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अंबेडकर को सच्चा सम्मान कांग्रेस ने नहीं, बल्कि पीएम मोदी ने दिया है।

# सिविल लाइंस में धूमधाम से मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

## विधायक गोपाल शर्मा ने अंबेडकर प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 134वीं जन्म जयंती पर सोमवार को जगह-जगह विविध आयोजन हुए। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में भी डॉ. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भाजपा श्याम नगर मंडल की ओर से वार्ड 46 अशोकपुरा में आयोजित समारोह में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

भारतीय जनता पार्टी श्याम नगर मंडल दिनेश यादव ने कहा कि विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में अशोकपुरा स्थित डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर चौराहे पर बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक शर्मा ने क्षेत्रवासियों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया और अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर महान देशभक्त और बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे राष्ट्र से जुड़े सभी विषयों पर मुखर और स्पष्ट राय रखते थे। संविधान निर्मात्री सभा के दौरान कई मुद्दों पर उनके विचार कांग्रेस सरकार से अलग थे। यही कारण रहे कि कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हरवाने के लिए अलग उम्मीदवार खड़े किए।

विधायक शर्मा ने कहा कि कम्युनिस्ट और राष्ट्रविरोधी विचारधारा के लोगों ने बाबासाहेब को हमेशा हिंदू और ब्राह्मण विरोधी के रूप में प्रचारित करने का कुत्सित प्रयास किया, जबकि बाबासाहेब के जीवन में दो सबसे अहम किरदार ब्राह्मण थे। एक उनके गुरु जिन्होंने उन्हें अंबेडकर नाम दिया और दूसरी उनकी पत्नी सविता अंबेडकर भी ब्राह्मण थीं।

इस दौरान नगर निगम हेरिटेज के पार्षद एवं चेयरमैन पवन शर्मा नटराज, धीरज शर्मा, अंशु शर्मा, मंडल प्रभारी अनिल शर्मा, पार्षद प्रत्याशी मीना मीणा, वार्ड अध्यक्ष गणेश देवंदा, दीपेश शर्मा, मनोज खांडल, बूथ अध्यक्ष नरेश नायक, कार्यक्रम संयोजक गगन नायक, कार्यक्रम सहसंयोजक चंद्रप्रकाश नायक और रिया वर्मा, ओमप्रकाश कुमावत सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्य एवं सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## हरिपुरा, शांति नगर में भी हुए आयोजन



वहीं, सिविल लाइंस भाजपा शांति नगर मंडल की ओर से सोमवार देर शाम हरिपुरा ए, वार्ड 40 में हनुमान सहाय नेता का चौक स्थित रामदेव मंदिर पर भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

इस दौरान शांति नगर मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर, महामंत्री रामावतार वैदवाल, पूर्व पार्षद अखिलेश दुबे, कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुनीता शर्मा, सह-संयोजक धीरज धानका और विजय डंडोरिया, पार्षद प्रत्याशी, वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, सभी मोर्चा के पदाधिकारी समेत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही।

**महानगर ग्राउंड रिपोर्ट :** एसएमएस में कार्डियक व आईपीडी टावर के निर्माण कार्यों पर महानगर टाइम्स की पड़ताल

# दो माह में शुरू होगा कार्डियक टॉवर, दिल के मरीजों को एक छत के नीचे मिलेंगी सेवाएं

- देश की सबसे ऊंची मेडिकल इमारत आईपीडी होगी साल के अंत तक होगी तैयार
- यूडीएच शासन सचिव के निर्देश के बाद 24 मंजिला टावर के काम ने भी पकड़ी रफ्तार
- दोनों ही प्रोजेक्ट एसएमएस मेडिकल कॉलेज की सेवाओं के लिहाज से कई मायनों में अहम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एसएमएस साल के अंत तक मेडिकल सेवाओं को लेकर नई ऊंचाई छुएगा। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात के मद्देनजर यहां आईपीडी व कार्डियक टावर के कामों ने रफ्तार पकड़ ली है। महानगर टाइम्स ने सोमवार को निर्माणाधीन दोनों प्रोजेक्ट की पड़ताल की। इसमें सामने आया कि दोनों ही प्रोजेक्ट जिस रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं, इसे लेकर कहा जा सकता है कि साल के अंत तक सवाईमान सिंह अस्पताल की तस्वीर अब आधुनिक रूप में जनता के सामने होगी। एसएमएस अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष के बराबर बन रहे कार्डियक टावर का काम तेजी से चल रहा है। इसके तैयार होने के बाद दिल के मरीजों को एक ही छत के नीचे अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। दोनों ही प्रोजेक्ट एसएमएस मेडिकल कॉलेज की सेवाओं के लिहाज से कई मायनों में अहम माने जा रहे हैं।

## कार्डियक टॉवर : 250 बेड्स, 5 मंजिला टावर में ग्राउंड फ्लोर पर 24 घंटे चलेगी डेडिकेटेड इमरजेंसी

**एसएमएस** के इमरजेंसी वार्ड के बराबर 5 मंजिला कार्डियक टावर का काम लगभग पूरा हो चुका है। 54 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस टावर में अभी सिविल कार्य तेजी से चल रहे हैं। टावर में प्रथम तल पर टाइल्स लगाने, मुख्य द्वार के पिल्लर के काम के अलावा करीब 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके बाद अब दिल के इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात दो माह के भीतर मिलने की संभावना है। 250 बेड्स के कार्डियक टावर के लिए अब मेडिकल उपकरणों की खरीद का काम भी शुरू हो गया है। सब कुछ ठीक रहा तो मई के अंत तक टावर मरीजों के इलाज के लिए शुरू हो जाएगा। कार्यकारी एजेंसी जेडीए के स्तर पर सिविल वर्क का काम लगभग फाइनल कर लिया गया है। 5 मंजिला टावर में ग्राउंड फ्लोर पर 24 घंटे डेडिकेटेड इमरजेंसी चलेगी, जिससे बेहतर सुविधाएं मरीजों को मिल सकेंगी। जानकारी के अनुसार टावर में ही पांच मॉड्यूलर ओटी, पांच कैथ लैब की सुविधा मौजूद मौजूद होगी।



कार्डियक टावर में चल रहा निर्माण कार्य।

> एसएमएस के कार्डियक व आईपीडी टावर का काम निर्माणाधीन है। इनके बन जाने से प्रदेश के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।
>
> *- डॉ. दीपक माहेश्वरी, प्राचार्य एसएमएस मेडिकल कॉलेज*

## आईपीडी टावर : इस वर्ष के अंत तक शुरू करने के निर्देश के बाद काम ने पकड़ी रफ्तार

**सवाईमान सिंह** अस्पताल में बन रहा 24 मंजिला आईपीडी टावर देश की सबसे ऊंची मेडिकल इमारत बताई जा रही है। इसके शुरू होने से प्रदेश में मेडिकल के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान होगा। पिछले दिनों यूडीएच शासन सचिव वैभव गालरिया के निर्देश के बाद आईपीडी टावर के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। गौरतलब है कि प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद भाजपा सरकार ने देश की इस सबसे ऊंची मेडिकल इमारत का नाम आयुष्मान टावर रखा था। हालांकि कुछ समय पहले टावर का काम रुक गया था, जिसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं। यह प्रोजेक्ट जेडीए की ओर से तैयार किया जा रहा है। टावर को लेकर कुछ समय पहले चिकित्सा विभाग ने दावा किया था कि इसका पहला फेज अगस्त, 2025 तक शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन प्रोजेक्ट को लेकर अब दिसंबर तक काम पूरा करने की बात कही जा रही है। जेडीए के अधीशासी अभियंता आशीष कुलश्रेष्ठ का कहना है कि काम धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। इमारत के कंस्ट्रक्शन के बाद इसमें आईटी से जुड़ा काम होना बाकी है। इसमें अभी थोड़ा समय लगेगा।

### निर्माण के बाद मुख्य रूप से अस्पताल का संचालन आईपीडी टावर में होगा शुरू

आईपीडी टावर को लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इसके निर्माण के बाद मुख्य रूप से अस्पताल का संचालन आईपीडी टावर में किया जाएगा। इसके बाद एसएमएस अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का काम भी नए सिरे से शुरू किया जाएगा। बारिश के समय अस्पताल में पानी भरने और फॉल सीलिंग गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिसे देखते हुए एसएमएस अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का रिनोवेशन किया जा सकेगा।



# मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई



## सीएम ने परिवेदनाओं का किया त्वरित निस्तारण, आमजन को मिली राहत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनकी परिवेदनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के उच्च मापदंडों के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जन आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण ही हमारे सुराज संकल्प का केंद्र बिंदु है। इस दौरान उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, राजस्व, मनरेगा, ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर ही निस्तारण कर परिवादियों को राहत दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

# बच्चों के भोजन में खाद्य तेल दस प्रतिशत कम करने पर जोर

## बच्चों में बढ़ते मोटापे पर जारी की एडवाइजरी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** फास्ट फूड और जंक फूड की चपेट में आए बच्चों में बढ़ते मोटापे को लेकर सरकार ने भी चिंता जाहिर की है। इसके लिए बच्चों के भोजन और स्कूलों की कैंटीन में खाद्य तेल के उपयोग को कम करने पर जोर दिया जा रहा है और स्कूलों में बच्चों को इसके लिए जागरूक करने के बारे में शिक्षा विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा और मन की बात कार्यक्रम में बच्चों के बढ़ते मोटापे पर चिंता जाहिर की थी। इसके बाद केन्द्रीय स्कूल शिक्षा मंत्रालय की ओर से इस बारे में सभी राज्यों को एक एडवाइजरी करने के लिए कहा गया है। इसी के तहत प्रदेश के शिक्षा विभाग ने एडवाइजरी जारी की है, जिसमें बच्चों के भोजन में खाद्य तेल को दस प्रतिशत कम करने पर जोर दिया गया है। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि बच्चों में स्नैक्स और प्रोसेस्ड फूड के इस्तेमाल को कम से कम करने के लिए स्कूलों में ऐसी गतिविधियां की जाएं, जिनके माध्यम से बच्चे कम तेल वाला भोजन करने के लिए प्रेरित हो सकें। इसके साथ ही बच्चों में ऐसे स्वास्थ्य राजदूत तैयार किए जाएं, जो अन्य बच्चों को पोषक तत्वों वाला भोजन करने के लिए प्रेरित कर सकें। इसके साथ ही स्कूल में ऐसे विशेषज्ञों के व्याख्यान कराए जाएं, जो कम तेल में पोष्टिक और स्वादिष्ट भोजन करने के तरीके बताएं और इसके लाभ बच्चों को बताएं।

# प्रदेश में मदिरा की नई दरों की सूची जारी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत प्रदेश में मदिरा की नई दरों की सूची जारी कर दी है। नई दरों की सूची आरएसबीसीएल की विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे आमजन ऑनलाइन देख सकते हैं। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार वेबसाइट में मुखपृष्ठ पर पब्लिक सेक्शन में एप्रूव्ड रेट लिस्ट के लिंक पर क्लिक करने पर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, बीयर सहित अन्य ब्रांड की मदिरा की नई रेट लिस्ट उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में नई रेट लिस्ट के अनुसार ही अनुज्ञाधारी दुकानों पर मदिरा का विक्रय किया जाएगा। एमआरपी से अधिक वसूली पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

वक्फ संशोधन बिल पर भाजपा ने खुलकर रखी बात, केंद्रीय मंत्री ने बताया ऐतिहासिक फैसला

# वक्फ की जमीन नहीं छेड़ेंगे, अब कोर्ट करेगा विवादों का निपटारा : मदन राठौड़



महानगर संवाददाता

**जयपुर/जोधपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को जोधपुर दौरे के दौरान बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान निर्माण में अहम योगदान दिया। कांग्रेस ने अंबेडकर को कमजोर करने की कोशिश की, जबकि भाजपा ने उन्हें भारत रत्न दिलवाया और पंच तीर्थ बनवाए।

पत्रकारों से बातचीत में राठौड़ ने कहा कि भाजपा जाति, लिंग या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करती है। उन्होंने कांग्रेस से अपील की कि वह देश हित में भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले। वक्फ संशोधन बिल को लेकर राठौड़ ने साफ किया कि वक्फ की जो जमीन है, उसे नहीं छेड़ा जाएगा। अब वक्फ से जुड़े विवादों का निपटारा कोर्ट करेगा। उन्होंने बताया कि वक्फ संपत्ति का रजिस्ट्रेशन होगा और बोर्ड में केवल मुस्लिम सदस्य रहेंगे, लेकिन निगरानी कमेटी में दो गैर मुस्लिम और एक महिला सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वक्फ का पैसा व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहे थे, लेकिन अब यह पैसा मुस्लिम समुदाय की शिक्षा और विकास पर खर्च होगा।

### वक्फ संपत्तियों का सही लाभ नहीं मिला, इसलिए किया हस्तक्षेप : शेखावत

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का सही लाभ पात्रों को नहीं मिल रहा था। मुतवल्लियों और कुछ तथाकथित धर्मगुरुओं ने इन संपत्तियों का दुरुपयोग किया, जिससे आम मुसलमानों को इसका फायदा नहीं मिला। इसलिए सरकार ने कानून में बदलाव कर हस्तक्षेप किया, ताकि संपत्तियों का उपयोग उन्हीं लोगों के लिए हो, जिनके लिए वे दान की गई थीं।

### पाकिस्तान भी वक्फ कानून जैसा लाए, तो मंदिर-गुरुद्वारे कैसे बचेंगे: रंधावा

देश में नए वक्फ कानून को लेकर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि अगर ऐसा ही कानून पाकिस्तान में आ जाएगा, तो वहां पर हमारे गुरुद्वारे और मंदिर बचेंगे ही नहीं। उन्होंने कहा कि इस कानून में संशोधन केवल केवल हिंदू-मुसलमान करने के लिए किया गया है। पाकिस्तान में भी ऐसा ही कानून आया, तो वहां हमारे मंदिरों और गुरुद्वारों का क्या होगा?



कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा केवल हिंदू-मुसलमान करके वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहती है। मुसलमानों को अनावश्यक परेशान करने के लिए वक्फ कानून लाया गया है। रंधावा ने कहा कि बांग्लादेश में रोज हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के लोग इस पर एक शब्द नहीं बोलते हैं। रंधावा ने कहा कि गुरुनानक साहब ने भी कहा है कि न कोई हिंदू है, न कोई मुसलमान है सब एक ईश्वर की संतान है।

### भाजपा संविधान को कमजोर करने का काम कर रही: जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा की ओर से एक आदेश निकाला गया है, जिसमें कहा गया है कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई की जाएगी। जूली ने कहा कि भाजपा केवल दलितों के हितैषी होने का दिखावा करती है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने का काम किया जा रहा है। ये लोग रोजाना संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रहे हैं और जो लोग इनके खिलाफ आवाज उठाते हैं, उसके पीछे सीबीआई और ईडी को लगा दिया जाता है। जूली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अंबेडकर जयंती के मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दलितों के हितों की रक्षा करने में अक्षम साबित हो रही हैं।

# अर्पित ने ली जैन सोशल ग्रुप हवामहल के अध्यक्ष पद की शपथ




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जैन सोशल ग्रुप हवामहल का 2025-27 के लिए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 'आरंभ 2025- नई सोच' का आयोजन मानसरोवर स्थित गेम जोन में किया गया। हवामहल ग्रुप के नव निर्वाचित अध्यक्ष अर्पित-निकिता जैन बड़जात्या, सचिव मधु-संजीव जैन, उपाध्यक्ष अनुराग-निधि जैन, सह सचिव सारथी-सर्वेश काला, कोषाध्यक्ष नितेश शिखा जैन एवं समस्त कार्यकारणी समिति सत्र 2025-27 को जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन एवं नॉर्दर्न रीजन के पदाधिकारियों ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राकेश जैन, कमल संचेती (पूर्व अध्यक्ष (जेएसजीआईएफ), महेंद्र गिरधारवाल उपाध्यक्ष (जेएसजीआईएफ), राजीव पाटनी (चेयरमैन (जेएसजीआईएफ-नॉर्दन रीजन), रविन्द्र बिलाला (सचिव (जेएसजीआईएफ नॉर्दन रीजन), अभय कोटेचा (एडिटर मंगल यात्रा जेएसजीआईएफ), संजय जैन पांड्या, राजेंद्र डाबरिया एवं महेंद्र सिंघवी (आईडी जेएसजीआईएफ) एवं संदीप, वंदना काला उपस्थिति रहे। कार्यक्रम संयोजक मनीष-सुरभि सोगानी एवं रक्षित-वैशाली काला ने संचालन किया। हवामहल ग्रुप के अध्यक्ष अर्पित बड़जात्या ने बताया कि ग्रुप की स्थापना 25 जनवरी 1998 में हुई। ये ग्रुप नॉर्दर्न रीजन के सबसे पुराने ग्रुप के रूप में अलग ही पहचान रखता है। अंत में ग्रुप द्वारा सभी सदस्यों को एक पौधा उपहार स्वरूप दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

# शादी के तीन साल बाद पत्नी घर से जेवरात लेकर फरार

महानगर संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के बनाड़ थाने में एक व्यक्ति ने कोर्ट के जरिए धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। बताया कि शादी के 3 साल बाद पत्नी घर से सोने चांदी के जेवरात और नगद रुपए साथ में लेकर चली गई। बाद में किसी दूसरे युवक के साथ रहने लग गई। इसको लेकर रिपोर्ट दी गई है। थाने में विशनाराम मेघवाल ने बताया कि उसकी शिवानी के साथ 16 जून 2021 को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में शादी हुई थी। शादी के बाद उनके एक बेटी भी हुई। आरोप है की शादी के करीब 3 साल बाद शिवानी अपने घर से बेटी को पावटा अस्पताल जाकर दवाई लाने का बोलकर निकली जो आज तक वापस नहीं लौटी। इस दौरान वह बेंगलुरु में था इस पर अपने भाई को भेज कर बना थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। बाद में घर में तलाशी लेने के दौरान अलमारी से सोने चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपए नगद गायब मिले। वहीं आसपास की जगह पर पता करने पर सामने आया कि उसकी पत्नी किसी अन्य युवक के साथ रहने लग गई है और उसी के कहने पर उसने घर से जेवरात और नगद रुपए चुरा लिए। इसकी रिपोर्ट बनाड़ थाने में देने के बावजूद पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इसके बाद उन्होंने कोर्ट के जरिए मामला दर्ज करवाया।

### एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में डमी अभ्यर्थियों की मिक्सिंग की थी फोटो, एडमिट कार्ड पर थी चिपकाई

# एसओजी ने फोटो एडिटिंग वाले स्टूडियो ऑनर को किया अरेस्ट



**जयपुर (मसं)।** एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में डमी अभ्यर्थियों की फोटो एडिट करने वाले फोटो स्टूडियो ऑनर को सोमवार दोपहर अरेस्ट किया है। इसने एसआई परीक्षा में आरएएस हनुमाना राम और टीचर रामनिवास विश्नोई की फोटो एडिट की थी। इस फोटो को एडमिट कार्ड पर चिपकाकर हनुमाना राम ने डमी बनकर एसआई परीक्षा दी थी। एडीजी (एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र कुमार जालोर के भीनमाल का रहने वाला है। भीनमाल में उसका अजंता के नाम से फोटो स्टूडियो है। वह शादी-समारोह में फोटोग्राफी और विडियोग्राफी के काम के साथ-साथ फोटो मिक्सिंग का काम भी करता है। एसआई की लिखित परीक्षा के लिए महेन्द्र कुमार ने रामनिवास विश्नोई और आरएएस हनुमानाराम दोनों की फोटो को मिक्स कर रामनिवास की नई फोटो बनाई थी।

# अजमेर-जयपुर हाईवे पर ट्रक में लगी आग



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** अजमेर-जयपुर हाईवे पर गेगल टोल प्लाजा के निकट सोमवार दोपहर को एक ट्रक में अज्ञात कारणों के चलते भीषण अचानक आग लग गई। इस ट्रक पर डीजी पैनल लदा हुआ था। ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन समय रहते टोल कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। टोल कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग कर आग को फैलने से रोका और एक बड़े हादसे को टाल दिया। गनीमत रही कि इस आगजनी में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और किसी के हताहत होने की भी सूचना नहीं है। ट्रक ड्राइवर और टोल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने के बाद राहत की सांस ली। आग पर काबू पाने के बाद ट्रक को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवती ने दी जान

**फलोदी (म.सं.)।** फलोदी जिले में एक दुखद घटना सामने आई है। भीकमकौर क्षेत्र में जैसलमेर-जोधपुर लोकल ट्रेन के सामने कूदकर एक अज्ञात युवती ने जान दे दी। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है। युवती की पहचान ईंदो की ढाणी निवासी मुली मेघवाल है। आत्महत्या के कारणों का भी पता नहीं चल सका है। हरलाया रेलवे स्टेशन से भीकमकौर की ओर जा रही ट्रेन के सामने अचानक एक युवती पटरियों पर आ गई। ट्रेन ड्राइवर ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना के बाद युवती के शव को भीकमकौर रेलवे स्टेशन लाया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल पाएगा।

# 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को ठगने वाला कांस्टेबल सस्पेंड

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** अजमेर में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को ठगने वाले कांस्टेबल पवन मीणा को सस्पेंड कर दिया गया है। सोमवार को अजमेर एसपी वंदिता राणा ने इसका आदेश जारी किया है। उधर, आरोपी पवन मीणा फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम बनाकर दबिश दी जा रही है। अजमेर पुलिस लाइन में पोस्टेड एक कांस्टेबल पवन मीणा ने अपने सरकारी टीचर भाई कुलदीप मीणा के साथ मिलकर अजमेर जिले के दूसरे पुलिसकर्मियों को करोड़पति बनने के सपने दिखाए और उनसे करोड़ों रुपए ठग लिए था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी कांस्टेबल और उसका भाई कुलदीप फरार है।

## जयपुर में लेफ्टिनेंट कर्नल के घर चोरी

**जयपुर (म.सं.)।** जयपुर में लेफ्टिनेंट कर्नल के घर चोरी का मामला सामने आया है। वह परिवार के साथ अपने गांव गए हुए थे। छत के रास्ते घर में घुसकर बदमाशों ने चोरी की वारदात की। वैशाली नगर थाना पुलिस ने मौके से सबूत जुटाकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रताप लाइंस ऑफिसर्स एन्क्लेव निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रवीण कुमार शर्मा के घर चोरी हुई। उनकी पत्नी लेफ्टिनेंट कर्नल ममता डिमरी को सरकारी आवास आवंटित किया गया है। वह 4 अप्रेल को छुट्टी पर अपने गांव रोहतक गए थे। पीछे से बदमाशों ने चोरी की नीयत से मकान को निशान बनाया। घर में छत के रास्ते घुसे बदमाश सोने-चांदी के गहने और कैश चोरी कर ले गए। गांव से वापस लौटने पर पीड़ित को चोरी का पता चला। वैशाली नगर थाना पुलिस चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबूत जुटाने के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाल चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पकड़े जाने के कुछ घंटे पहले बदमाशों ने की थी कार चालक के साथ लूट और मारपीट की वारदात

# अवैध हथियार के साथ चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर के मुहाना थाना पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को एक हथियार के साथ गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 13 अप्रैल को इन लोगों ने महिमा सर्किल पर हथियार की नोक पर एक कार को रुकवाया और उस में बैठे व्यक्ति के साथ लूटपाट और मारपीट की। पुलिस ने सभी बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। मुहाना थाना सीआई उदयसिंह यादव ने बताया कि डीसीपी साउथ के आदेश के की इलाके में आदतन बदमाशों पर नजर रखी जाए जिस पर पुलिस ने एक शातिर बदमाश भूपेंद्र कुमार मीणा को डिटेन किया। पुलिस ने उस के पास से एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस रिकवर किये। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का हैं जिस पर आरोपी से पूछताछ की गई तो आरोपी ने पुलिस को बताया कि उस ने अपने अन्य साथियों जितेन्द्र वैरागी, आशिष जोगी एवं शिवम गुर्जर के साथ मिलकर 13 अप्रैल की रात को महिमा सर्किल के पास हथियार दिखा कर राहगीर की गाडी के आगे अल्टो कार लगाकर उसको डरा धमका कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपी के अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया। सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं। जिन के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## इनकी हुई गिरफ्तारी

**भूपेन्द्र** कुमार मीणा पुत्र नाहर सिंह मीणा निवासी सपेरा बस्ती गंगापुर सिटी चाना उदय मोड गंगापुर सिटी हाल रांथल होटल के पास बाला जी अपार्टमेन्ट दुर्गापुरा सांगानेर जयपुर। जितेन्द्र वैरागी पुत्र जगदीश प्रसाद वैरागी निवासी गांव कडी झोंपड़ी थाना गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर हाल खुशी विहार पत्रकार कोलोनी थाना मुहाना जयपुर। आशिष जोगी पुत्र हेमराज जोगी निवासी सैनिक नगर गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर हाल खुशी विहार पत्रकार कोलोनी थाना मुहाना जयपुर। शिवम गुर्जर पुत्र रंगलाल गुर्जर निवासी गांव जिझण थाना सिकन्दरा दौसा हाल खुशी विहार पत्रकार कोलोनी थाना मुहाना जयपुर।

### पिता बोले- बेटे को बेरहमी से पीटा, पैरों में सूजन थी

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत, 32 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

महानगर संवाददाता



**झुंझुनूं।** जिले के खेतड़ी थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक युवक की पुलिस हिरासत में तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। मृतक की पहचान पप्पू राम मीणा पुत्र हनुमान, निवासी श्योपुर अजीतगढ़ थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। खेतड़ी थानाधिकारी गोपाल लाल ने बताया कि पूछताछ के दौरान पप्पू राम की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

उसे तुरंत खेतड़ी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण झुंझुनूं बीडीके अस्पताल रेफर किया गया। देर रात 1 बजे बीडीके अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी के अनुसार, चोरी के आरोप में अजीतगढ़ के श्योपुर निवासी पप्पू राम मीणा को रविवार शाम 5 बजे गिरफ्तार किया गया था। थाने में पूछताछ के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। एसपी ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, पुलिस ने युवक के साथ मारपीट और टॉर्चर की बात से इनकार किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएचओ से लेकर कांस्टेबल तक सभी को लाइन हाजिर कर दिया है। 32 पुलिसकर्मियों को खेतड़ी थाना से पुलिस लाइन झुंझुनूं भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## फरवरी में दर्ज हुआ था मामला

**खेतड़ी** थानाधिकारी ने गोपाल लाल ने बताया कि रवि कुमार ने 28 फरवरी को खेतड़ी थाने में मामला दर्ज हुआ था। इसमें उसने बताया था कि करमाड़ी ढाणी में उसका मकान है। जहां 200 कट्टे ग्वार के रखे हुए थे। 110 क्विंटल ग्वार की कीमत करीब 6 लाख रुपए थी। 28 फरवरी को जब वह मकान पर गया तो ताला टूटा हुआ मिला और ग्वार के कट्टे गायब थे।

## सीसीटीवी फुटेज से चोरों तक पहुंची थी पुलिस

**इसके** बाद आस-पास लगे सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि चोरी की घटना 24 फरवरी की रात करीब 2 बजे की है। इसमें कुछ लोग गाड़ियों में ग्वार के कट्टे भरकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि इसी मामले में एक युवक को पकड़ा था, रिमांड के दौरान उसने पप्पूराम का नाम लिया था। ऐसे में रविवार को पप्पू राम को अरेस्ट किया था।

## पूछताछ के दौरान अचानक बिगड़ी तबीयत

**पूछताछ** के दौरान पप्पूराम को घबराहट होने लगी और थोड़ी देर बाद वह उल्टियां करने लगा। पुलिस उसे खेतड़ी के सरकारी अस्पताल में ले गई। जहां से बीडीके हॉस्पिटल रेफर कर दिया। रात 1 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पिता का आरोप- छोड़ने की एवज में 2 लाख मांगे

**पिता** हनुमान प्रसाद ने आरोप लगाया कि पप्पू को छोड़ने के बदले पुलिसकर्मियों ने दो लाख रुपए की मांग की थी। पप्पू के खिलाफ दो साल पहले अमरसर थाने में चोरी की एक भैंस खरीदने का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस अब उसे बेवजह इस मामले में घसीट रही थी।

# शादी समारोह के दौरान अचानक सिलेंडर ने पकड़ी आग

### दुल्हन की बुआ सहित पांच जने झुलसे



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** थाना इलाके के नांगलभीम गांव के भोजलाई जोहड़े में एक शादी समारोह के दौरान अचानक चीख पुकार मच गई जब चाय बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर ने आग पकड़ ली। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला सहित दो बच्चे और दो पुरुष गंभीर रूप से झुलस गए। घटना उस वक्त हुई जब शादी की तैयारियों के बीच रिश्तेदारों के लिए चाय बनाई जा रही थी तभी गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण अचानक आग भड़क गई। हादसे में दौसा से अपने पीहर आई सुनिता, जो अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने आई थी, गंभीर रूप से झुलस गई। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत जयपुर रैफर कर दिया है। झुलसे अन्य लोगों में रिश्तेदार नरेश नावरिया, शेरसिंह, करण और राहुल शामिल हैं। सभी का अस्पताल में इलाज जारी है। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे ने शादी की रौनक के बीच अचानक व्यवधान उत्पन्न हो गया।

हादसे के शिकार नरेश ने बताया कि वे चार भाई हैं। तीन भाइयों की शादी शादी वाले परिवार में हुई है। सोमवार को उसकी साली पूजा की शादी थी। वे सभी परिवार के साथ शादी में आए थे। इसी दौरान हादसा हो गया। रोहिताश गंगवाल ने बताया कि उसकी सबसे छोटी बहन पूजा की शादी थी। बारात रानोली के पृथ्वीपुरा से आनी थी। वह बाज़ार में शादी की ख़रीदारी कर रहा था। हादसे की खबर मिलते ही वह घर की ओर दौड़ा। अचानक हादसे के बाद शादी के परिवार में अफरा तफरी का माहौल हो गया। वहीं गनीमत यह रही की हादसे में समय रहते हुए भभकते हुए सिलेंडर पर तुरंत काबू पा लिया गया अन्यथा कोई बड़ा हादसा घटित हो जाता।

# जेल से फरार दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

### शौक पूरे करने के लिए चंद पैसों में बेचते



**जयपुर (म.सं.)।** जयपुर के कोतवाली थाना पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वाहन चोर नशे के आदी हैं। ऑन डिमांड वाहन चोरी करते थे। चोरी के वाहन को ये बदमाश चंद पैसों में आगे सप्लाई कर दिया करते थे। जो पैसा मिलता उससे अपने शौक पूरे करते थे। गिरफ्तार दोनों बदमाशों में से एक बदमाश अलवर जेल से फरार है। इसकी तलाश अलवर पुलिस भी कर रही है। दोनों बदमाश चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी के आदतन अपराधी है। इन के खिलाफ विद्याधर नगर, गलतागेट में वाहन चोरी के कई मामले दर्ज हैं। कोतवाली पुलिस टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर इन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली सीआई राजेश कुमार ने बताया कि वाहन चोरों के खिलाफ उनके थाने की टीम पिछले कई समय से लग रही थी। टीम ने इलाके में हुई वाहन चोरी की वारदात के बाद घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद गिरफ्तार दोनों बदमाश साबिर उर्फ मुन्ना और मोहम्मद राजू उर्फ शाकिर खान की पहचान हुई।

## ऑन डिमांड करते थे वाहन चोरी

**दोनों** बदमाश ऑन डिमांड वाहन चोरी की वारदात करते चोरी के वाहन को लोगों को दे दिया करते थे। इनसे जो पैसा मिलता वह पैसा लेकर ये अपने शौक पूरा किया करते थे। बदमाशों से हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर रेड कर के स्कूटी और बाइक रिकवर की है। बदमाशों ने शहर में दर्जनों वाहन चोरी करना कबूल किया है। गिरफ्तार साबिर और मोहम्मद राजू को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। इन बदमाशों से अभी और वाहन रिकवर होनी की उम्मीद हैं।

# सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 7 जुआरी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के खोह नागोरियान थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार जुआरियों के पास से 1 लाख 18 हजार रुपए की राशि बरामद की है। डीसीपी ईस्ट के आदेश पर सभी थानाधिकारियों ने एक साथ मिल कर सम्भावित ठिकानों पर दबिश देकर यह कार्रवाई की है। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जयपुर शहर में आईपीएल मैचों में सट्टे व अवैध जुआ पर अंकुश लगाने के लिये सभी थानाधिकारियों को अपने-अपने इलाके में कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस पर थाना पुलिस ने इलाके में चल रहे जुआ घर पर दबिश देकर कार्रवाई की। 7 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। इनके पास से 1 लाख 18 हजार रुपए की राशि रिकवर की गई। सीआई ओमप्रकाश की टीम ने इस कार्रवाई को किया।

## इन जुआरियों की हुई गिरफ्तारी

राकेश शर्मा पुत्र हुकुम चन्द बागड़ा निवासी मनोहरपुरिया थाना सदर सांगानेर जिला जयपुर। सोनु सैनी पुत्र सुशीलाल माली निवासी अमराका की ढाणी का थाना जयसिंहपुरा खोर जिला जयपुर। राकेश पुत्र गोपाल लाल मीना निवासी बड़ी का बास नाई की थसी थाना जयसिंहपुरा खोर जिला जयपुर। प्रेम प्रकाश खण्डेलवाल पुत्र कपुरचन्द महाजन निवासी जयपुर। रईस खान पुत्र फयाज खान निवासी पाटियो की ढाणी थाना खोनागोरियान जिला जयपुर पूर्व। मुकेश सैनी पुत्र बाबू लाल सैनी निवासी बस्सी वालो की ढाणी थाना जयसिंहपुरा खोर जिला जयपुर। देवेन्द्र कुमार मीना पुत्र रामेश्वर प्रसाद मीना निवासी फकिरियों की वाणी नेवर थाना आधी जिला जयपुर ग्रामीण।

# खेत की डीपी से लगा करंट, किसान और चरवाहे की मौत

महानगर संवाददाता

**बूंदी।** निकटवर्ती मांड्झा गांव में सोमवार दोपहर को खेत में लगी डीपी के करंट से एक किसान और चरवाहे की मौत हो गई। घटना की सूचना पर ग्रामीण और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। कांग्रेस नेताओं ने इस हादसे के लिए विद्युत वितरण निगम को जिम्मेदार बताया है।

सदर थाना प्रभारी रमेश आर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों की करंट लगने से मौत की बात सामने आई है। दोनों के शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है। घटना की सूचना पर कांग्रेस नेता सत्येश शर्मा, कांग्रेस शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी और पूर्व सरपंच महेंद्र शर्मा अस्पताल पहुंचे और घटना पर दुख जताते हुए इसके लिए विद्युत वितरण निगम को जिम्मेदार बताया। मांड्झा पंचायत के उप सरपंच विजय साहू ने बताया कि घटना दोपहर 1 बजे की है। गांव के किसान रामदेव माली पुत्र गणेश लाल और रामभरोस पुत्र चौथमल सिंह की इस हादसे में मौत हुई है। उन्होंने बताया कि जैसे ही घटना की सूचना पर वे मौके पर पहुंचे तो बिजली के खंभे के पास दोनों अचेत अवस्था में पड़े थे। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों की करंट लगने से मौत हो गई है। मृतक रामदेव माली के पुत्र शंभु लाल ने बताया कि उसके पिता ने गांव में खेत किराए पर ले रखा था। उस पर खेती करते थे। सोमवार को जब वह खाना लेकर खेत पर पहुंचा तो उसके पिता रामदेव और चरवाहा रामभरोस सिंह खेत पर डीपी के नीचे अचेत अवस्था में पड़े थे। उन्होंने अन्य ग्रामीणों को घटना की सूचना देकर बुलाया। ग्रामीणों ने विद्युत वितरण निगम को सूचना दी और बिजली सप्लाई बंद करवाई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाए। दूसरे मृतक रामभरोस सिंह के पुत्र मनोज सिंह ने बताया कि उसके पिता गांव में जानवरों को चराने का काम करते थे। सोमवार दोपहर को रामदेव माली के पुत्र शंभु लाल ने उसे फोन कर बताया कि उसके पिता खेत पर अचेत अवस्था में पड़े हैं। सूचना पर पहुंचा तो वहां उसके पिता रामभरोस और रामदेव माली दोनों डीपी के नीचे अचेत अवस्था में पड़े थे। मनोज ने अंदेशा जताया कि उसके पिता की मौत भी रामदेव माली को बचाने के प्रयास में करंट लगने से मौत हुई है।

**दुर्घटना** — खाटू श्यामजी के दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मेजर की कार को मारी टक्कर, 6 लोग घायल

महानगर संवाददाता



**झुंझुनूं।** सूरजगढ़ के श्यालु गांव के पास सोमवार को एनएसजी के मेजर की कार का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में मेजर बाल-बाल बच गए। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के मेजर अभिलाष शर्मा कमांडो की ट्रेनिंग पूरी कर दिल्ली से अपनी ड्यूटी पर बीकानेर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार मेजर शर्मा अपनी टाटा हैरियर कार में थे। श्यालु गांव में दूसरी लेन में तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो डिवाइडर तोड़कर आई और मेजर की कार से टकरा गई। स्कॉर्पियो में 5 युवक थे जो खाटू श्यामजी के दर्शन कर हरियाणा लौट रहे थे। हादसे में सभी 6 लोग घायल हो गए। मेजर शर्मा को हल्की चोटें लगीं। उन्होंने एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार लिया। इसके बाद वे बीकानेर रवाना हो गए। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार 5 श्रद्धालुओं को चिड़ावा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज किया गया। घायलों की पहचान मनोज, दिनेश, अभिलाष, प्रवीण, श्याम सुंदर और एक अन्य अज्ञात युवक के रूप में हुई। सभी की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच है।

## प्रत्यक्षदर्शी बोले- स्कॉर्पियो की स्पीड तेज थी


**जानकारी** के अनुसार स्कॉर्पियो में सवार पांच श्रद्धालु हरियाणा के सतनाली के पास स्थित कुम्हारों की ढाणी के रहने वाले थे। वे सभी खाटू श्यामजी के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। स्यालु गांव में स्थित एक मंदिर के समीप अचानक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके परिणामस्वरूप यह दर्दनाक हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कॉर्पियो की रफ्तार काफी तेज थी। मंदिर के पास पहुंचने पर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और गाड़ी डिवाइडर को पार कर विपरीत दिशा में चली गई। उसी दौरान सामने से आ रही एक मेजर शर्मा की गाड़ी से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## घटना के बाद मची अफरा-तफरी

**हादसे** के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने घायलों को क्षतिग्रस्त वाहनों से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से चिड़ावा के उप जिला अस्पताल ले जाया गया।

# अम्बेडकर जयंती पर निकाली रैलियां, गूंजे 'जय भीम' के नारे

## सीकर में निकाली समता रैली





महानगर संवाददाता

**सीकर।** सीकर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर समता रैली निकाली गई। रैली सीकर के फतेहपुर रोड से शुरू हुई, जो डाक बंगला, कल्याण सर्किल, जाट बाजार, पुराना अजमेर बस स्टैंड सहित शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंची, जहां अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सांसद अमराराम ने कहा कि अंबेडकर के जीवन से हम सबको सीख लेनी चाहिए। वर्तमान में खासकर युवाओं को उनके आदर्शों और विचार पर चलना चाहिए। अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान की वजह से ही आज हम सभी को अपने अधिकार मिले हैं।

पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि हर शख्स को समय निकालकर अंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का अध्ययन करना चाहिए। देश के कई लेखकों ने अंबेडकर की जीवनी पर किताबें भी लिखी है। जब आप इन किताबों को पढ़ेंगे तो आपको पता चलेगा अंबेडकर के जीवन में कितना संघर्ष रहा है। सीकर विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि मैं उस कोख को नमन करता हूं जिसने अंबेडकर जैसे महान आदमी को जन्म दिया।

## जय भीम के नारों से गूंजा जैसलमेर



### अंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**जैसलमेर (मसं)।** जिले में भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई, जो हनुमान चौराहा से रवाना होकर मुख्य मार्ग गांधी चौक, सदर बाजार, गोपा चौक होते हुए गड़ीसर चौराहा स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत भी हुआ। शोभायात्रा के दौरान जय भीम के नारों से जैसलमेर गुंजायमान हो उठा। अंबेडकर पार्क में आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, अखिल भारतीय मेघवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जैसलमेर के पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव, पूर्व विधायक मुल्ताराम बारूपाल, पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी, उप जिला प्रमुख डॉ. भूपेंद्र बारूपाल सहित कई लोग मौजूद रहे। अंबेडकर पार्क में मौजूद अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को जीवन में उतारने की लोगों से अपील की। आमसभा में दलित समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।

## अंबेडकर सर्किल बनाने सहित 7 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**श्रीमाधोपुर (मसं)।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शहर में सोमवार सुबह 9 बजे रैली निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से अंबेडकर पार्क, खटोड़ा बाजार, गोपीनाथ जी मंदिर, रींगस बाजार, खंडेला बाजार, गौशाला बाजार होती हुई मीणा चौक पहुंची, जहां प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह का आयोजन विधानसभा प्रभारी तथा यूडीएच मंत्री पुत्र अजय सिंह खर्रा के मुख्यातिथि एवं प्रधान शंकर लाल यादव अजीतगढ़, तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा श्रीमाधोपुर की मौजूदगी में डॉ. अंबेडकर विचार समिति तथा डॉ. अंबेडकर जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अजय सिंह खर्रा ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। समारोह में अनुसूचित जाति और जनजाति की 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज की कुरीतियों को खत्म करने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षित बनने और संगठित होकर संघर्ष करने की बात कही।

मानव विकास मंच जयपुर अध्यक्ष तुलसीराम मीणा तथा एससी-एसटी अत्याचार निवारण समिति अध्यक्ष एड. हरिनारायण मुख्य वक्ता रहे। डॉ. हंसराज चौहान, मुकेश कुमार और नंदलाल महरड़ा ने संचालन किया। समिति ने पदाधिकारियों ने यूडीएच मंत्री के नाम 7 सूत्रीय मांगों का प्रभारी अजय खर्रा को ज्ञापन सौंपा। विजयपुरा चौराहे पर अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित कर अंबेडकर सर्किल बनाने, अंबेडकर भवन की मरम्मत, राजकीय बालिका महाविद्यालय का नाम सावित्री बाई फुले के नाम पर करने और अनुसूचित जाति-जनजाति बालिका छात्रावास बनाने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा।

## बाबा साहेब की मूर्ति का हुआ अनावरण





**नवलगढ़ (मसं)।** प्रधान एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूंडा ने चनाना गांव में अंबेडकर पार्क में बाबासाहेब की मूर्ति का अनावरण किया। समारोह को सबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों को गांव-गांव तक पहुचाएंगे एवं सामाजिक कुरीतियां दूर कर सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने व शराब जैसी बुराइयों से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चनाना सरपंच चरणसिंह धींवा ने की। मुख्य अतिथि जुगलाल सिंह वरिष्ठ अधिशासी अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबन्धन नई दिल्ली व डॉ. मुकेश डिग्रवाल अति. निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान रहे। विशिष्ट अतिथि चनाना पंचायत समिति सदस्य सुमन डिग्रवाल, राजकुमार मूण्ड, रिसालसिंह, चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, कृष्ण कुमार, कुलदीप धींवा, पूर्व पंस सदस्य सुरेश बडसरा, पवन आलड़िया, जगदीश प्रसाद सबल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस दौरान नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुण्डा ने समाज के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले व राजकीय सेवा में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया।

## भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित



**नवलगढ़ (मसं)।** मुकुंदगढ़ शहर में स्थित अम्बेडकर भवन में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर संयोजक संस्कार फाउंडेशन सोसायटी के चेयरमैन विजयपाल मलोवा ने बताया कि शिविर में 83 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवनाथ जिनोलिया पूर्व तहसीलदार रहे। इस मौके पर संदीप कुमावत, कृष्णकांत जिनोलिया, शीशराम महरिया, दीपक मलोवा, संदीप बेरवाल, रामनिवास गुडेसर, राहुल राजपूत मौजूद रहे।

## माय भारत वॉलिंटियर्स ने मनाई अंबेडकर जयंती



**सवाई माधोपुर (मसं)।** नेहरू युवा केंद्र संगठन/माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सोमवार को सवाई माधोपुर के माय भारत वॉलिंटियर्स की ओर से राजकीय महाविद्यालय परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। नेहरू युवा केंद्र के रजत भारद्वाज ने बताया कि मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोपाल सिंह सहित अन्य अतिथियों ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किए। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में अतिथियों ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को संविधान दिया। साथ ही महिला वर्ग के लिए भी बराबरी के अधिकारों में नौकरी करने का अधिकार व ऐसे अन्य अधिकारों का भी संविधान में प्रावधान किया। उन्होंने हमें अज्ञानता, असमानता और अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी।

## बाबा साहेब की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित



**नवलगढ़ (मसं)।** बिरोल रोड पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अलायंस क्लब, संजीवनी व भारत स्काउट गाइड द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर एसोसिएशन ऑफ अलायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़, संजीवनी के संरक्षक पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा, स्काउट गाइड प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, प्रांतपाल रामावतार सबलानिया, सह प्रांतपाल पंकज शाह, पूर्व प्रांतपाल कैलाश चोटिया, जगदीश जांगिड़, हरिराम जांगिड़, ओमप्रकाश सैन, पीरामल दायमा, दीपचंद पंवार, महेन्द्र सैनी, सीताराम वर्मा, विष्णु सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व बाबा भीमराव के अनुयायी उपस्थित रहे। सभी ने बाबा रामदेव स्थल से निकली रैली में भाग लिया। डॉ जांगिड ने बताया कि हमारी संस्थाएं संविधान का आदर करती है। पूरे अलायंस इंटरनेशनल में तीन प्रांतपाल अंबेडकर के अनुयायी बने हैं। एक क्लब भी अंबेडकर के नाम से बना हुआ है। डॉ. राजकुमार शर्मा ने भी डॉ. अंबेडकर के पदचिन्होंने पर चलने का आह्वान किया।

## बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती पर दंपती ने की देहदान की घोषणा



**बाड़मेर (मसं)।** बाड़मेर शहर के एक दंपती ने सोमवार को अनूठे अंदाज में अम्बेडकर जयंती मनाई। महावीर नगर बाड़मेर निवासी 70 वर्षीय गोवर्धन राम चौहान ने पत्नी 69 वर्षीय अमिया देवी के साथ देहदान का संकल्प पत्र राजकीय मेडिकल कॉलेज को सौंपा। इस मौके पर उनके पुत्र प्रेमराज चौहान व पुत्रवधू पार्वती एवं विधि व प्रेरणा स्त्रोत जिला चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी छगन धंदे मौजूद रहे। इस अवसर पर देहदान की घोषणा करने वाले गोवर्धन राम चौहान ने कहा है कि शिक्षा व जागरूकता के अभाव में लोग देहदान करने से घबराते है। ऐसे में बाड़मेर मेडिकल में भावी चिकित्सकों की प्रैक्टिस में बाधाएं आती है। इन भावी चिकित्सकों को बेहतर ज्ञान और अवसर मिले, इसके लिए उन्होंने छगन धंदे से प्रेरित होकर अम्बेडकर जयंती पर पत्नी के साथ देहदान का संकल्प पत्र डॉ. दिनेश परमार आचार्य को सौंपा है।

## जय भीम के नारों की गूंज, रैली पर जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

**नवलगढ़ (मसं)।** कस्बे में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर सोमवार को रैली निकाली गई। रैली में शहर जय भीम के नारों से गूंज उठा। रैली में शमिल लोगों ने नीले वस्त्र और साफा धारण किए हुए थे। रामदेवरा चौक से शुरू हुई रैली नीले झंडों और तिरंगे के साथ नानसा गेट, नरसिंह पार्क, मिंतर चौक और चूणा चौक होते हुए बिरोल रोड से अंबेडकर पार्क तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लोगों से अंबेडकर के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने भी रैली पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान पालिका चेयरमैन सुरेंद्र सैनी, समाज सेवी कैलाश चोटिया, रामावतार नारनोलिया, सुभाष बुनकर, भोलाराम जागृत सहित कई लोग मौजूद रहे।



## 'बाबा साहेब ने वंचितों को प्रदान कराया संवैधानिक संरक्षण'

**बस्सी (मसं)।** कस्बे के तिलक पी.जी. महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज निदेशक नारायण मीना ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। बाबा साहेब ने देश के करोड़ों दलित, वंचित एवं आदिवासियों, पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा मे लाने के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया एवं उनको संवैधानिक संरक्षण प्रदान करवाया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।





## मंत्री आपके द्वार जनसुनवाई आज से, समस्याओं का होगा समाधान

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र में आमजन की समस्याओं का उनके द्वार पर जाकर समाधान करने के उद्देश्य से 15 से 17 अप्रेल तक 'मंत्री आपके द्वार' जनसुनवाई कार्यक्रम निर्धारित किया है।

कृषि मंत्री के निजी सहायक ने बताया कि 15 अप्रेल को प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक मलारना डूंगर, दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक मलारना चौड़ एवं सायं 5 से 7 बजे तक भाड़ौती में मंत्री आपके द्वार जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 16 अप्रेल को प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक गणेशधाम, दोपहर 1 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उलियाना, सायं 5 से 7 बजे तक चकेरी एवं रात्रि 7 से 9 बजे तक मीना कॉलोनी, ठींगला एवं जटवाड़ा में तथा 17 अप्रेल को प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक अजनोटी, दोपहर 1 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक काला खेजड़ा, सायं 4 से 6 बजे तक लोरवाड़ा माताजी का स्थान, सायं 6:30 बजे सीनोली एवं रात्रि 7:30 बजे से 9:30 बजे तक रेलवे कॉलोनी, विज्ञाननगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंत्री आपके द्वार जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## करीरा कलां को ग्राम पंचायत बनाने पर विधायक का जताया आभार

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** विधानसभा खंडार के ग्राम करीरा कलां को नवीन ग्राम पंचायत बनाए जाने पर ग्राम करीरा कलां, करीरा खुर्द व किशनगढ़ छाहरा के ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेश मंत्री व विधायक खंडार जितेंद्र गोठवाल का उनके निज निवास सवाई माधोपुर पहुंचकर स्वागत अभिनन्दन कर आभार जताया। इस मौके पर सभी ग्राम वासियों ने मिठाइयां बांटी। विधायक के इस फैसले से सभी ग्राम वासियों में खुशी की लहर हैं। विधायक ने भी ग्रामीणों को भाजपा सरकार की सरकारी योजनाओं के बारे में बताया और समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवारी जाट, ओबीसी मोर्चा खंडार के अध्यक्ष भागचंद गुर्जर, महावीर बैरवा, बूथ अध्यक्ष सीताराम गुर्जर, मुकेश बैरवा, रामलखन प्रजापत, हरिकेश गुर्जर, विष्णु जाट, रामावतार गुर्जर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर दिया जोर

### झुंझुनूं कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक बैठक आयोजित, अंबेडकर जयंती मनाई



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थानीय कांग्रेस कार्यालय माननगर में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस विधानसभा झुंझुनूं की आठ मंडलों की संगठनात्मक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी इस्लाम खान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और उनके जीवन व विचारों पर चर्चा कर की। इस्लाम खान ने कहा कि हमें जमीनी स्तर पर संगठन को इतना मजबूत करना है कि हर नागरिक कांग्रेस की नीतियों से जुड़े और पार्टी पर भरोसा करे।

कांग्रेस नेता अमित ओला ने पार्टी की रीति-नीति और संगठनात्मक एकता पर बल दिया। उन्होंने हाल ही में हुए निकाय चुनावों में परिसीमन को असवैधानिक ठहराते हुए संगठन के जिम्मेदारों से आग्रह किया कि वे संवैधानिक तरीके से इस पर आपत्ति दर्ज करवाएं।

इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष खलील बुडाना, पूर्व सभापति नगमा बानो, ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली, मंडल अध्यक्ष मुमताज कबाड़ी, ताराचंद सैनी, राकेश राहड़, सुदेश श्योराण, मदनलाल सैनी, उर्मिला, श्रीचंद भेड़ा, विजय सिंह लाखलान, पार्षद प्रदीप सैनी सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक का संचालन गिडानियां ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला ने किया।

## सबलपुरा में पानी के लिए प्रदर्शन-नारेबाजी



### ...इधर कोतवाली रोड पर लीकेज से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा

महानगर संवाददाता

**सीकर।** गर्मियों की शुरुआत होते ही राजस्थान के कई जिलों में पेयजल का संकट भी गहराने लगा है। सोमवार को सीकर शहर के नजदीकी गांव सबलपुरा के ग्रामीणों ने जलदाय विभाग की पानी की टंकी के पास विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीण पानी सप्लाई नहीं होने से आक्रोशित नजर आए। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दूसरी तरफ सीकर शहर के नए कोतवाली रोड पर पिछले कई महीनों से पाइप लाइन मे लीकेज होने पर हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत दर्ज करवाई, पर लीकेज को ठीक नहीं किया गया है। इसके पानी सड़क पर बहने से कीचड़ हो जाता है। वहीं आवागमन में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## नौ दिवसीय एवं नौ कुण्डीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ आज से

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** गांव गढ़टकनेत की बड़ी ढाणी रामसागर जोहड़ा स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर परिसर में महामण्डलेश्वर हरिदास महाराज के सान्निध्य में होने वाले चिर-प्रतीक्षित नौ दिवसीय एवं नौ कुण्डीय श्री मारुति नन्दन महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ होगा।

कलश यात्रा आसपुरा मोड़ स्थित ब्रह्मलीन संत कालीदास महाराज के मंदिर से गाजे-बाजे के साथ प्रातः 7.15 से शुरू होगी और यज्ञस्थल रामसागर जोहड़ा स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर तक पंहुचेगी। महायज्ञ आयोजन समिति से जुड़े सेवानिवृत्त ब्लाक आयुर्वेद चिकित्साधिकारी वैद्य कैलाश चन्द्र शर्मा आसपुरा ने जानकारी दी कि महाराज श्री और विप्र सेना के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिनेश गोविन्द शर्मा ने मुख्य कार्यकर्ताओं के साथ महायज्ञ की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं के अलावा समाजसेवी विमल इंदोरिया, पवन कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग, श्रद्धालु एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'परिण्डे लगाओ-मूक पक्षी बचाओ' अभियान का शुभारंभ



महानगर संवाददाता

**बस्सी/जमवारामगढ़।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट कानडियावाला (मानोता) तहसील जमवारामगढ़ की ओर से मूक प्राणियों के पानी की व्यवस्था के लिए परिण्डे लगाकर 'परिण्डे लगाओ-मूक पक्षी बचाओ' अभियान का शुभारंभ किया गया।

ट्रस्ट संयोजक वरिष्ठ आरएएस अधिकारी डॉ. हरसहाय मीणा ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से 14 अप्रेल को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर, ग्राम कानडियावाला स्थित आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर गर्मी के मौसम में मूक पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए 'परिण्डे लगाओ- पक्षी बचाओ' अभियान का शुभारंभ किया गया।

ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा ने सभी कार्यकर्ताओं तथा ट्रस्टियों से आग्रह किया कि अब आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ती जाएगी तथा पानी के स्त्रोत कम होते चले जाएंगे। मूक प्राणियों के पीने के पानी का संकट उत्पन्न होगा, ऐसी स्थिति में मूक प्राणियों-पशुओं एवं पक्षियों के जीवन पर भी संकट आ सकता है। इनको बचाने के लिए अपने आस-पास पानी की व्यवस्था कराएं।

## डॉ. मधुमुकुल चतुर्वेदी डॉ. भीमराव अम्बेडकर राष्ट्र गौरव अवॉर्ड से सम्मानित



**सवाईमाधोपुर (मसं)।** भाजपा नेता, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, साहित्यकार, समाजसेवी तथा राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राष्ट्र गौरव अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी, आगरा द्वारा अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में डॉ. चतुर्वेदी को संस्था के सचिव तिरवरनाथ, कोषाध्यक्ष रीना देवी, विधिक सलाहकार डॉ. नरेश सिहाग तथा मुख्य अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ऋषि वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

**ग्रह गोचर : कॅरियर, व्यापार और निजी जीवन में होगा सकारात्मक बदलाव**

# मेष राशि में बनेगा लक्ष्मी नारायण राजयोग, कई राशियों का शुरू होगा अच्छा समय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मई माह में एक खास ज्योतिषीय संयोग बन रहा है, जब बुध और शुक्र का संयोग मेष राशि में होगा। यह संयोग विशेष रूप से लक्ष्मी नारायण राजयोग का निर्माण करेगा, जो सभी राशियों पर प्रभाव डालेगा। हालांकि, तीन राशियों के लिए यह संयोग खास तौर पर भाग्यशाली साबित हो सकता है। क्योंकि इन राशियों के जातकों की किस्मत इस दौरान चमक सकती है। मेष, मिथुन और कर्क राशियां इस समय खास फायदे की स्थिति में हो सकती हैं। इस समय इन राशियों के जातकों को अपने करियर, व्यापार और निजी जीवन में सकारात्मक



बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि वैदिक ज्योतिष में ग्रहों के गोचर का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि ये गोचर समय-समय पर शुभ और राजयोग का निर्माण करते हैं, जिनका प्रभाव न केवल व्यक्तिगत जीवन पर, बल्कि समाज और देश-विदेश पर भी पड़ता है।

### क्या है लक्ष्मी नारायण राजयोग

लक्ष्मी नारायण राजयोग ज्योतिष शास्त्र में एक बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण योग माना जाता है। यह योग तब बनता है जब कुंडली में बुध और शुक्र ग्रह एक साथ एक राशि में स्थित होते हैं। जब यह संयोग बनता है, तो उस जातक पर लक्ष्मी जी की कृपा विशेष रूप से बरसती है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में धन, ऐश्वर्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसे सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। जिनकी कुंडली में यह योग होता है, उनके जीवन में आर्थिक तरक्की, व्यापार में सफलता, और सुख-शांति बनी रहती है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति को कई तरह के लाभ प्राप्त होते हैं और जीवन में लगातार प्रगति होती है।

## इन राशियों पर रहेगी विशेष कृपा

### मेष राशि

लक्ष्मी नारायण राजयोग आपके लिए बहुत शुभ साबित हो सकता है क्योंकि यह योग आपकी गोचर कुंडली के लग्न स्थान में बन रहा है। इस समय आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा, जिससे आप अपनी कार्यक्षमता में भी वृद्धि देखेंगे। अगर आप व्यापारी हैं, तो इस समय व्यापार में निवेश बढ़ाने के बारे में सोच सकते हैं। विवाहिता महिलाओं के लिए वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी और अविवाहितों को रिश्ते के प्रस्ताव मिल सकते हैं। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और आपका आत्मविश्वास आपको नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### मिथुन राशि

यह राजयोग मिथुन राशि के जातकों के लिए फायदेमंद हो सकता है। यह आपकी गोचर कुंडली के 11वें भाव में बन रहा है, जिससे आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। इस दौरान नए आय स्रोत भी बन सकते हैं। निजी जीवन में पार्टनर के साथ रिश्ता मजबूत होगा और आपको नई योजनाओं को लागू करने का अवसर मिलेगा। करियर में प्रमोशन और नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत संभव है। इस समय निवेश से भी लाभ मिल सकता है।

### कर्क राशि

कर्क राशि के जातकों के लिए लक्ष्मी नारायण राजयोग अनुकूल साबित हो सकता है। यह राजयोग आपके करियर और कारोबार भाव में बन रहा है, जिससे आपको काम में सफलता मिल सकती है। बेरोजगारों को नई नौकरी मिल सकती है और व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। आपकी मेहनत का फल मिलेगा और काम में पहचान मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति का योग बन सकता है।

### कुंभ राशि

लक्ष्मी नारायण राजयोग कुंभ राशि के लिए शुभ हो सकता है। इस समय आपको आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जो धन फंसा हुआ था, वह वापस मिल सकता है। नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग के लिए स्थिति अनुकूल रहेगी। राजनीति के क्षेत्र में भी समय अच्छा रहेगा। पैतृक कारोबार में बड़ा मुनाफा हो सकता है और परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।

## सोलर प्लांटः दिशा का रखा ध्यान तो नहीं होंगे परेशान



एस के मेहता

**देश-प्रदेश** में सोलर प्लांट लगाने का कार्य बहुत तेज हो गया है। सोलर कंपनियां और सरकार आकर्षक छूट के साथ घर-प्रतिष्ठान की छत पर सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रेरित कर रही है। लोगों का रुझान भी इस ओर अधिक बढ़ा है। अगर सोलर प्लांट लगाते समय वास्तु विज्ञान के बेसिक नियमों का ध्यान रखा जाए तो बहुत सारे वास्तु दोषों का स्वतः ही निवारण हो सकता है। देखा गया है कि भवन की पश्चिम दिशा को ऊंचा करवाने के लिए जरूरत नहीं होने के बावजूद भी सोलर पैनल लगाने की सलाह दी जाती है। इसको लगाने के बाद उन्हें बहुत ज्यादा लाभ हुआ है। ध्यान रहे कि गलत दिशा में लगा हुआ सोलर प्लांट जीवन में भूचाल भी ला सकता है। गलत दिशा में सोलर प्लांट लगाने से किसी का व्यापार, कैरियर चौपट हो गया तो कि किसी की बेटी ससुराल में दुःखी है। किसी के जीवन में इतनी ज्यादा टेंशन बढ़ गई कि उसने आत्महत्या तक कर ली।

अगर आप छत पर सोलर ऊर्जा प्लांट लगाना चाहते हैं तो इसे भवन की पश्चिम दिशा में ही लगाएं और पैनल का ढलान सिर्फ पूर्व दिशा में ही रखें। पश्चिम दिशा का स्वामी शनि ग्रह को माना जाता है और नीले काले रंग का संबंध भी शनि ग्रह से ही होता है। इसलिए पश्चिम दिशा में सोलर पैनल लगाना अत्यंत शुभ होता है। पश्चिम दिशा पूर्व से ऊंची हो तो पद प्रतिष्ठा बढ़ती है, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। संतान के स्वास्थ्य एवं विकास में भी सहायक सिद्ध होती है। वास्तु के हिसाब से भवन की दक्षिण दिशा भी ऊंची और भारी होनी चाहिए पर अधिकांश सौर पैनल नीले या काले रंग के होते हैं और चूंकि दक्षिण दिशा का स्वामी मंगल ग्रह को माना जाता है मंगल ग्रह का रंग लाल होता है इसलिए नीले काले और ग्रे रंगों का प्रयोग दक्षिण दिशा में नहीं करना चाहिए। भवन की छत पर उत्तर या पूर्व दिशा में दक्षिण की तरफ ढलान करके सोलर पैनल लगाने के बाद बहुत सारे लोगों के व्यापार, सुख-शांति और जीवन संकट में आ चुका है इसलिए विशेष ध्यान रखें।

**भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन**

# अंबेडकर जयंती पर कैंडल मार्च निकाल उठाई आरक्षण में वर्गीकरण की मांग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरक्षण से वंचित एस-सी-एसटी संघर्ष समिति ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर अमर जवान ज्योति से अंबेडकर सर्किल तक कैंडल मार्च निकालकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जय भीम के जयकारों के साथ अंबेडकर सर्किल गूंज उठा। सैकड़ों मोमबत्ती की रोशनी से अंबेडकर की प्रतिमा स्वर्णिम हो उठी।

समिति के संयोजक राकेश बीडावत ने बताया कि राजस्थान सरकार जल्दी से जल्दी आरक्षण में वर्गीकरण लागू कर वंचित




समाज को न्याय दिलाने का बाबा साहेब की इच्छा पूरी करें। डॉ. भीमराव का जो सपना था वह आरक्षण में वर्गीकरण लागू होने से ही पूरा हो सकता है। समिति के प्रदेश सहसंयोजक घनश्याम बडतिया ने इस मौके पर कहा कि जिस प्रकार बाबा साहेब के जन्मदिन पर तेलंगाना सरकार ने अनुसूचित जातियों को आरक्षण में वर्गीकरण का तोहफा देकर बाबा साहेब के विचारों को और प्रगाढ़ किया है उसी प्रकार राज्य सरकार भी जल्द से जल्द आरक्षण में वर्गीकरण कर राज्य की अनुसूचित जाति तथा जनजातियों के उत्थान का कार्य करे।

### बाबा साहेब को अर्पित की पुष्पांजलि



**मानसरोवर** के वार्ड 70 स्थित विजया राजे सिंधिया पार्क में सोमवार को संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। क्षेत्रवासियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्षद रामावतार गुप्ता ने बाबा साहेब के विचारों और संघर्षों को याद किया तथा उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि आने वाली पीढ़ियों को भी बाबा साहब के सिद्धांत, समानता, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे। मेघवाल विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र चौहान ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी संविधान के अनुसार भारत के नागरिकों को समानता के आधार पर सभी लाभ बिना किसी भेदभाव के दे रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक रावतानी, जयंती समारोह की संयोजक ललिता दयाल, सह संयोजक रामावतार गुप्ता, आशीष पांडे, महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रिया ज्ञानानी, मंडल मंत्री घनश्याम शर्मा, वार्ड संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पांच सौ लोगों की कराई दुर्घटना बीमा पॉलिसी



झालाना स्थित डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान में आयोजित कार्यक्रम में 500 लोगों को एक-एक लाख रुपए की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी निशुल्क दी गई।

यह आयोजन ऑल इंडिया जनरल इंश्योरेंस एससी-एसटी एंप्लोयज वेलफेयर एसोसिएशन (राजस्थान), ऑल इंश्योरेंस एंप्लोइज ऑर्गनाइजेशन और संबोधी सेवा सोशल वेलफेयर एंड कल्चर सोसायटी की ओर से किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में गीता बाल निकेतन स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सोसायटी के संगठन सचिव महेश धावनिया ने बताया कि कार्यक्रम में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ और मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। आईपीएस अध्यक्ष जसवंत सम्पतराम ने समारोह की अध्यक्षता की। करीब दो हजार लोगों की उपस्थिति में संस्था की आम सभा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान 2024-25 के लिए केंद्रीय कार्यसमिति के निर्णयों का अनुमोदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का माला और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

**वाटर कूलर किया भेंट :** इस मौके पर केनरा बैंक की ओर से संस्था को वाटर कूलर भेंट किया। साथ ही ऑल इंडिया केनरा बैंक एससी-एसटी एम्प्लॉइज बहुजन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 30 हजार रुपए का सहयोग दिया गया।

## आवासन मंडल में अम्बेडकर जयंती मनाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी समन्वय परिषद राजस्थान आवासन की ओर से मण्डल मुख्यालय में अम्बेडकर जयंती के पर पुष्पांजली कार्यक्रम हुआ। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष अशोक सामरिया ने अंबेडकर जयंती पर बधाई देते हुए कि कहा कि अम्बेडकर साहब ने अपने विचारों से पूरी दुनिया को प्रभावित किया। इस अवसर पर मण्डल के मुख्य अभियन्ता टी.एस.मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता हंसराज दुपगा, आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रदीप शर्मा, सचिव गोविन्द नाटाणी, आवसीय अभियन्ता बीएल मीणा, जे सी गोधा, जे.पी.वर्मा. दानाराम गैवा,कैलाश मीणा,धनराज नायक, आवासन अधिकारी सीताराम गोठवाल, रामनारायण जाबडोलिया, कन्हैयालाल पालीवाल, नरेन्द्र कुमार, मुकेश तंवर उपस्थित थे।

## तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विद्याधर नगर के सेक्टर 7 स्थित श्री तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। पंडित राधेश्याम शर्मा, मालीराम शर्मा सहित 11 पंडितों ने विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक किया। शाम को भोलेनाथ का विशेष शृंगार किया गया।

## हनुमान चालीसा-रामधुनी सम्पन्न

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** किरण पथ मानसरोवर में बिजली पॉवर हाउस स्थित श्री सरपेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं रामधुनी का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण जय श्रीराम और बजरंग बली की जय के जयघोष से गूंज उठा। भजन-कीर्तन और ढोल-मंजीरों की मधुर ध्वनि ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में चालीसा का पाठ कर भगवान हनुमान जी का स्मरण किया। रामधुनी और प्रसादी वितरण किया गया। अनूप गौतम ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## भक्तों ने किया संगीतमय सुंदर कांड का पाठ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित श्रीराम हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। सुबह हनुमान जी का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद आरती हुई। शाम को संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया गया। इसमें मुरलीपुरा स्कीम से बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। अंत में उत्सव में सभी ने प्रसादी ली तथा शीतल पेय का आनंद लिया। मंदिर



के पदाधिकारी महेश मित्तल तथा अनिल कुमार शर्मा ने बताया जन्मोत्सव के प्रति कॉलोनी बासियों में बहुत अधिक उत्साह था।

## रितु मोतियानी ने संभाला पदभार



**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** नगर निगम हैरिटेज की सीवरेज संधारण समिति के अध्यक्ष पद का पदभार रितु मोतियानी ने नगर निगम मुख्यालय में ग्रहण किया। महापौर कुसुम यादव और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर पार्षद श्याम सुंदर सैनी, किशोर मोतियानी, शिव अरोड़ा, महेश ठाकुरिया, महेंद्र लालवानी, ओम प्रकाश, सुरेश गिरधानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 4 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आज निकलेगी 1100 महिलाओं की मंगल कलशयात्रा

### सोमवार को यज्ञशाला-देव मंच की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व शांति और राष्ट्र जागरण के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगरा रोड स्थित ग्रीन पार्क पंचमुखी महादेव मंदिर में 15 से 19 अप्रेल तक 24 कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को स्थानीय लोगों के सहयोग से गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने



तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम संयोजक अनिल खंडेलवाल ने बताया कि गायत्री परिवार राजस्थान जोन के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सोमवार को यज्ञशाला, देव मंच को अंतिम रूप दिया गया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार के निर्देशन में रामकिशोर शर्मा, महावीर माहेश्वरी, ऋतिक खंडेलवाल सहित अन्य ने दिनभर श्रमदान किया। मंगलवार, 15 अप्रेल को शाम चार बजे आगरा रोड पर बाल्टी फैक्ट्री के पास स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से गाजेबाजे और स्वरूप झांकियों के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। इसमें 1100 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती चलेंगी। कलश के ऊपर हरियाली बढ़ाने का संदेश देने के लिए ज्वारे होंगे। वहीं पुरुष कार्यकर्ता हाथों में पीले ध्वज और सद्वाक्य लिखी तख्तियां थामे जयघोष लगाते हुए चलेंगे। भारत माता, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई और महाराणा प्रताप की स्वरूप झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। राम दरबार की झांकी भी कलश शोभायात्रा का हिस्सा होगी। कलशयात्रा हाइवे के किनारे सर्विस रोड होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेगी। विभिन्न संस्थाओं की ओर से पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।



### संगीतमय प्रवचन कल

बुधवार 16 अप्रेल को दोपहर दो से शाम पांच बजे तक संगीतमय प्रवचन होंगे। गुरुवार, 17 अप्रेल को सुबह आठ बजे से देव पूजन और गायत्री महायज्ञ होगा। इसी दिन दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कार्यकर्ता गोष्ठी और संगीतमय प्रवचन होंगे। शुक्रवार, 18 अप्रेल को सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ और विभिन्न संस्कार कराए जाएंगे। दोपहर दो से शाम पांच बजे तक संगीतमय प्रवचन होंगे। शाम सात से रात्रि नौ बजे तक राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ होगा। शनिवार, 19 अप्रेल को सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। गुरु दीक्षा संस्कार विशेष रूप से कराया जाएगा। नशा मुक्ति संकल्प के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। दोपहर एक बजे शांतिकुंज से आई टोली की विदाई होगी।

### नारी जागरण की गतिविधियों को देंगे बढ़ावा

आगरा रोड पर बसी नई कॉलोनियों में शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन, नशा मुक्ति, नारी जागरण, कुरीति उन्मूलन, वृक्षारोपण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यह महायज्ञ हो रहा है। स्थानीय लोगों को साथ लेकर गायत्री परिवार के सातों आंदोलनों का संचालन किया जाएगा। यह यज्ञ पूरी तरह निःशुल्क है। किसी भी जाति, वर्ग के लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। आगरा रोड की 24 कॉलोनियों की प्रमुख रूप से भागादारी होगी।

# तकनीकी सुधार करने की जरूरत

## 15 दिन में तीसरी बार ठप पड़ी यूपीआई सेवा, लेन-देन प्रभावित

**यूनिफाइड** पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई के एक बार फिर डाउन होने से बड़ी संख्या में यूजर्स को परेशानी झेलनी पड़ी। दो हफ्ते में तीसरी बार इस तरह की दिक्कत पेश आना बताता है कि एक अकेली बॉडी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के भरोसे रहने के बजाए अब इसके वैकल्पिक इंतजाम भी किए जाने चाहिए। वैसे, यह भी सच है कि भारत का ऐप्स बेस्ड पेमेंट सिस्टम बाकी दुनिया से कहीं आगे है। हाल के दिनों में, 26 मार्च और दो अप्रेल को यूपीआई व्यवधान की सूचना मिली थी। आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के अनुसार, दोपहर 1 बजे तक 2,358 शिकायतें दर्ज की गईं। यूपीआई सर्विस से जुड़ी 81 प्रतिशत सबसे ज्यादा शिकायतें पेमेंट को लेकर दर्ज की गईं। वहीं, 17 फीसदी शिकायतें फंड ट्रांसफर को लेकर दर्ज की गईं। ध्यान रहे, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) एक त्वरित भुगतान प्रणाली है, जिसे आरबीआई द्वारा विनियमित इकाई एनपीसीआई ने विकसित किया है। यूपीआई के डाउन होने पर एनपीसीआई की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या की वजह से ऐसा हुआ। दिन में कई घंटे के लिए ट्रांजेक्शन रुक गए। ऐसा ही कुछ मार्च के आखिरी हफ्ते में भी हुआ था और तब भी यही कारण बताया गया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि अप्रेल में यूपीआई ट्रांजेक्शंस बहुत बढ़ गए हैं और इसके पीछे है आईपीएल। इस समय बेटिंग और गेमिंग ऐप्स के चलते ऑनलाइन लेनदेन खूब हो रहा है। इस महीने हर दिन औसतन 60 करोड़ ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। केवल मार्च में ही 18 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए, जबकि इसके पहले के तीन महीनों में यह आंकड़ा केवल 16 अरब था। जाहिर है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ ही ट्रांजेक्शन भी बढ़ा। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब दो बार पहले टेक्निकल एरर का सामना किया जा चुका था, तो तीसरी बार के लिए तैयारी क्यों नहीं हुई! सामने आई इस गंभीर समस्या को लेकर एनपीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, 'बीच-बीच में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण आंशिक रूप से यूपीआई लेनदेन में कमी आ रही है। हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं और आपको सूचना देते रहेंगे। आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।' यूपीआई सर्विस को लेकर एसबीआई, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी जैसे प्रमुख बैंकिंग ऐप भी प्रभावित हुए। भारत में यूपीआई लेनदेन काफी लोकप्रिय है। यहां तक कि हर गुजरते महीने के दौरान इसने नया रिकॉर्ड बनाया है। एनपीसीआई के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई ने मार्च में 18.3 बिलियन लेनदेन की मात्रा दर्ज की, जबकि फरवरी में लेनदेन की मात्रा 16.11 बिलियन थी। लेनदेन की मात्रा को लेकर मासिक आधार पर 13.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मार्च महीने में यूपीआई-आधारित लेनदेन का रिकॉर्ड 24.77 लाख करोड़ रुपए रहा, जो फरवरी में 21.96 लाख करोड़ रुपए से 12.79 फीसद अधिक है। मार्च में 24.77 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड-तोड़ यूपीआई लेनदेन ने मूल्य में सालाना आधार पर 25 फीसद और मात्रा में 36 फीसद की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। आज भुगतान से जुड़े सभी क्षेत्रों में जिस तरह से यूपीआई का प्रचलन बढ़ रहा है उस समय कई घंटों तक इससे लेनदेन में आए व्यवधान को देखते हुए यह आसानी से समझा जा सकता है कि लोगों को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा होगा। एक मोटे अनुमान के मुताबिक हर चौथा व्यक्ति बाजार से ली गई सेवा अथवा उत्पाद की खरीददारी करने पर यूपीआई से भुगतान करता है तब समस्या और विकट हो जाती है। इससे पहले कि फिर से ऐसी स्थिति पैदा हो हमें सावचेत हो जाना चाहिए। प्रतिदिन यूपीआई लेनदेन की सीमा पर गौर करें तो यूपीआई नेटवर्क में प्रत्येक बैंक द्वारा प्रतिदिन यूपीआई लेनदेन की सीमा निर्धारित की गई है और यह हर बैंक में अलग-अलग होती है। उदाहरण के लिए, एसबीआई यूपीआई लेनदेन की प्रतिदिन की सीमा 1,00,000 रुपए है। इसी तरह प्रति सप्ताह यूपीआई लेनदेन की सीमा के अनुसार कुछ बैंकों ने यह भी परिभाषित किया है कि कितनी राशि ट्रांसफर की जा सकती है। उदाहरण के लिए, आईडीएफसी यूपीआई की प्रति सप्ताह सीमा 1,00,000 रुपए है। सीमित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और मान्यता प्राप्त निजी बैंकों ने प्रतिमाह यूपीआई लेनदेन की सीमा तय की है। उदाहरण के लिए, आईडीएफसी बैंक की प्रति माह यूपीआई लेनदेन की सीमा 30,00,000 रुपए है, जबकि एसबीआई ने कोई सीमा तय नहीं की है। यहां यह भी ध्यान में रहना चाहिए कि पूरी दुनिया में जितने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होते हैं, उसके करीब 49फीसदी केवल भारत में अंजाम दिए जाते हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआई के जरिए 117.6 अरब लेनदेन किए गए। हर दिन के साथ यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इसकी वजह है सहूलियत और देश के दूरदराज के इलाकों तक इंटरनेट की पहुंच। यूपीआई ने आर्थिक समानता लाने में मदद की है, बैंकों पर से बोझ कम किया है और लेनदेन को चंद सेकंड्स का काम बना दिया है। सबसे बड़ी बात कि इससे लेनदेन पर आम जनता को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता। कुछ तकनीकी खामियों के बावजूद यूपीआई जैसा कोई और सिस्टम दुनिया में मौजूद नहीं, जो इतनी बड़ी आबादी के बीच काम कर सके। यही वजह है कि फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, मॉरिशस समेत सात देश इसका इस्तेमाल करने लगे हैं और भविष्य में कई और मुल्क भी इससे जुड़ेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एनपीसीआई पर से बोझ कम करने के लिए एक अम्ब्रेला बॉडी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन इस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। हालांकि अब समय की जरूरत को देखते हुए लगता है कि यूपीआई को स्मूद और एरर फ्री बनाने के लिए कुछ जरूरी सुधार किए जाने चाहिए। चूंकि भारत में डिजिटल लेनदेन का एक बड़ा हिस्सा यूपीआई पर निर्भर करता है, इसलिए इस तरह की किसी भी बाधा का देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता के दैनिक जीवन पर बड़ा असर पड़ता है। छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और आम उपयोगकर्ताओं को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ता है। यूपीआई की यह विफलता हमें एक बार फिर याद दिलाती है कि तकनीक पर अत्यधिक भरोसे के साथ-साथ मजबूत बैकअप सिस्टम और पारदर्शी संचार भी उतना ही महत्वपूर्ण है।




> **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) एक त्वरित भुगतान प्रणाली है, जिसे आरबीआई द्वारा विनियमित इकाई एनपीसीआई ने विकसित किया है। यूपीआई के डाउन होने पर एनपीसीआई की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या की वजह से ऐसा हुआ। दिन में कई घंटे के लिए ट्रांजेक्शन रुक गए। ऐसा ही कुछ मार्च के आखिरी हफ्ते में भी हुआ था और तब भी यही कारण बताया गया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि अप्रेल में यूपीआई ट्रांजेक्शंस बहुत बढ़ गए हैं और इसके पीछे है आईपीएल।**

# बर्रे के छत्ते में हाथ तो नहीं डाल रही कांग्रेस!

## कर्नाटक में जाति जनगणना का दांव 'बैकफायर' करने की आशंका

**अंजन कुमार**

**कर्नाटक** में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले ही इसको लेकर सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है। इस जनगणना के संभावित आंकड़ों के लीक होने के बाद प्रदेश के दो प्रभावशाली समुदायों वोक्कालिगा और लिंगायतों में खलबली मची हुई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की ओर से इस रिपोर्ट को जारी करने को लेकर 17 अप्रेल को बुलाई गई विशेष कैबिनेट बैठक अब केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं रह गई है, बल्कि उनकी सरकार के राजनीतिक अस्तित्व और प्रभाव के लिए भी एक निर्णायक जंग बन गई है। सवाल यह है कि कांग्रेस ने कहीं बर्रे के छत्ते में तो हाथ नहीं डाल दिया है?

लीक हुई जाति जनगणना रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, मुसलमानों को राज्य की सबसे बड़ी आबादी वाला समूह बताया गया है, इसके बाद अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का नंबर आता है। वोक्कालिगा और लिंगायत जैसी पारंपरिक रूप से प्रभावशाली मानी जाने वाली जातियां जनसंख्या के लिहाज से अब पीछे दिखाई गई हैं। यह वही जातियां हैं, जिनके समर्थन पर दशकों से कर्नाटक की राजनीति का संतुलन टिका रहा है। ऐसे में इन आंकड़ों ने न केवल सत्ताधारी कांग्रेस के भीतर दरार की आशंकाएं बढ़ा दी हैं, बल्कि बीजेपी को भी हमला करने का एक नया हथियार थमा दिया है।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राहुल गांधी जैसे नेता इस रिपोर्ट को सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम मान सकते हैं। लेकिन डिप्टी सीएम और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार, जो स्वयं वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं, उनके लिए यह रिपोर्ट एक सियासी सिरदर्द बन गई है। शिवकुमार जैसे नेताओं की राजनीतिक शक्ति काफी हद तक उनकी जातिगत जनसंख्या के आधार पर तय होती रही है। अगर अब यह आधार ही कमजोर पड़ता दिखे, तो उनका राजनीतिक कद भी खतरे में पड़ सकता है।

कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल, जो कि लिंगायत समुदाय से आते हैं, जाति जनगणना रिपोर्ट को सिरे से नकारते हुए दावा कर चुके हैं कि उनके बिरादरी की वास्तविक आबादी 1 करोड़ से अधिक है, जबकि रिपोर्ट में इसकी तुलना में यह काफी कम बताई गई है। उनका कहना है कि समुदाय के कई लोगों ने खुद को सब-कास्ट के रूप में दर्ज कराया है, ताकि वे आरक्षण का लाभ ले सकें।

रिपोर्ट में कुल आरक्षण को मौजूदा 50 फीसदी से बढ़ाकर 73.5फीसदी करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें एससी के लिए 15 फीसदी और एसटी के लिए 7.5 फीसदी आरक्षण शामिल है। कैटेगरी 3(ए) में वोक्कालिगा और दो अन्य समुदाय शामिल हैं, जिनकी आबादी 73 लाख बताई गई है और उन्हें 73 फीसदी



आरक्षण दिया गया है। वहीं, कैटेगरी 3 (बी) में लिंगायत समुदाय और पांच दूसरे समुदायों को जगह दी गई है, जिनकी जनसंख्या 81.3 लाख है और उन्हें 8फीसदी आरक्षण दिया गया है। हालांकि, इन आंकड़ों में स्पष्टता की कमी और समुदायों के विभाजन के तरीके ने आरक्षण नीति को एक और जटिल मोड़ पा ला दिया है। ये आंकड़े जहां कुछ समुदायों के लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आए हैं, वहीं प्रभावशाली जातियों में असंतोष और राजनीतिक बेचैनी बढ़ा रहे हैं।

बीजेपी ने इस रिपोर्ट को लेकर सीधा हमला बोला है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने इसे 'संख्याओं की हेराफेरी' बताते हुए कहा कि मुसलमानों को 'बहुसंख्यक' बताने की कोशिश सीधे-सीधे कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति का नतीजा है। बीजेपी पहले ही कांग्रेस पर मुस्लिम समुदाय को सरकारी टेंडरों में आरक्षण देने के फैसले को लेकर बवाल मचा रही थी, अब यह नया मुद्दा उसे और धार दे रहा है। दूसरी तरफ, वोक्कालिगा संघ और वीरशैव महासभा जैसे प्रभावशाली संगठन सरकार को चेतावनी दे चुके हैं कि अगर यह रिपोर्ट सार्वजनिक की गई, तो वे विरोध का रास्ता अपनाएंगे। 16 अप्रेल को बेंगलुरु में लिंगायत और वोक्कालिगा मठों के प्रमुखों की बैठक में अगली रणनीति तय की जाएगी, जो सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश का हिस्सा है। कांग्रेस के लिए यह मामला दोधारी तलवार की तरह बनता जा रहा है। एक ओर, अगर वह इस रिपोर्ट को लागू करती है, तो उसे सामाजिक न्याय के पैरोकार के रूप में समर्थन मिल सकता है, खासकर ओबीसी, एसी, एसटी और मुस्लिमों वर्गों से। लोकसभा में नेता विपक्ष और पार्टी सांसद राहुल गांधी की राजनीति आज इसी दिशा में बढ़ भी रही है। दूसरी ओर, अगर उसने प्रभावशाली जातियों को नाराज किया, तो अगले चुनावों में इसका भारी खामियाजा तो भुगतना ही पड़ सकता है, मौजूदा समय में भी विरोध का दबा पाना आसान नहीं होगा।

यह भी गौर करने वाली बात है कि कर्नाटक में टिकट वितरण से लेकर मंत्रिमंडल गठन और मुख्यमंत्री पद के दावेदारी भी जातिगत पृष्ठभूमि से ही तय होती है। ऐसे में अगर जातीय संतुलन बिगड़ता है, तो पार्टी में आंतरिक संघर्ष और विद्रोह की स्थिति पैदा हो सकती है। जाति जनगणना की रिपोर्ट ने कांग्रेस को एक ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां कोई भी फैसला उसे नुकसान पहुंचा सकता है। अगर वह रिपोर्ट के आंकड़ों को मानती है, तो पारंपरिक वोट बैंक खिसकने का डर पैदा हो सकता है। अगर नहीं मानती, तो सामाजिक न्याय के एजेंडे से पीछे हटने का आरोप झेलना पड़ेगा और राहुल गांधी की सारी कवायद पर ही सवालिया निशान खड़ा हो सका है।

कुल मिलाकर, कांग्रेस एक ऐसा दांव चलने की तैयारी में है जो फिलहाल तो 'साहसिक' दिखता है, लेकिन आने वाले समय में यह 'बैकफायर' भी कर सकता है। इसलिए सवाल यह है कि क्या यह सामाजिक न्याय की लड़ाई है, या फिर वोट बैंक की नई सियासत को धार देने की पहल? 17 अप्रेल को होने वाली कैबिनेट बैठक शायद इस सवाल का जवाब दे दे। लेकिन तब तक, कांग्रेस इस 'बर्रे के छत्ते' से खुद को कितना बचा पाती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

# भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने में सांस्कृतिक संगठनों की विशेष भूमिका

**प्रहलाद सबनानी**

**प्राचीनकाल** में भारत विश्व गुरु रहा है इस विषय पर अब कोई शक की गुंजाइश नहीं रही है क्योंकि अब तो पश्चिमी देशों द्वारा पूरे विश्व के प्राचीन काल के संदर्भ में की गई रिसर्च में भी यह तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत क्यों और कैसे विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा है, इस संदर्भ में कहा जा रहा है कि भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के नियमों के आधार पर भारतीय नागरिक समाज में अपने दैनंदिनी कार्य कलाप करते रहे हैं। साथ ही, भारतीयों के डीएनए में आध्यतम पाया जाता रहा है जिसके चलते वे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले अपने कार्यों को धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। लगभग समस्त भारतीय, काम, अर्थ एवं कर्म को भी धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। काम, अर्थ एवं कर्म में चूंकि तामसी प्रवृत्ति का आधिक्य बहुत आसानी से आ जाता है अतः इन कार्यों को तामसी प्रवृत्ति से बचाने के उद्देश्य से धर्म से जोड़कर इन कार्यों को संपन्न करने की प्रेरणा प्राप्त की जाती है। जैसे, भारतीय शास्त्रों में काम में संयम रखने की सलाह दी जाती है तथा अर्थ के अर्जन को बुरा नहीं माना गया है परंतु अर्थ का अर्जन केवल अपने स्वयं के हित के लिए करना एवं इसे समाज के हित में उपयोग नहीं करने को बुरा माना गया है। इसी प्रकार, दैनिक जीवन में किए जाने वाले कर्म भी यदि धर्म आधारित नहीं होंगे तो जिस उद्देश्य से यह मानव जीवन हमें प्राप्त हुए है, उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।

प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था। परंतु, जैसे जैसे राज्यों का विस्तार होने लगा और राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि होती गई तो उस राज्य में निवास कर रहे नागरिकों के कष्टों को दूर करने के लिए धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भी आगे आने लगे एवं नागरिकों के कष्टों को दूर करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने लगे। समय के साथ साथ धनाढ्य वर्ग भी इस पावन कार्य में अपनी भूमिका निभाने लगा। फिर, और आगे के समय में एक नागरिक दूसरे नागरिक की परेशानी में एक दूसरे का साथ देने लगे। परिवार के सदस्यों के साथ पड़ौसी, मित्र एवं सहृदयी नागरिक भी इस प्रक्रिया में अपना हाथ बंटाने लगे। इस प्रकार प्राचीन भारत में ही व्यक्ति, परिवार, पड़ौस, ग्राम, नगर, प्रांत, देश एवं पूरी धरा को ही एक दूसरे के सहयोगी के रूप में देखा जाने लगा। 'वसुधैव कुटुंबकम्', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय', 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का भाव भी प्राचीन भारत में इसी प्रकार जागृत हुआ है। 'व्यक्ति से समष्टि' की ओर, की भावना केवल और केवल भारत में ही पाई जाती है।

वर्तमान काल में लगभग समस्त देशों में चूंकि समस्त व्यवस्थाएं साम्यवाद एवं पूंजीवाद के नियमों पर आधारित हैं, जिनके अनुसार, व्यक्तिवाद पर विशेष ध्यान दिया जाता है और परिवार तथा समाज कहीं पीछे छूट जाता है। केवल मुझे कष्ट है तो दुनिया में कष्ट है अन्यथा किसी और नागरिक के कष्ट पर मेरा कोई ध्यान नहीं है। जैसे यूरोपीयन देश उनके ऊपर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पूरे विश्व का आह्वान करते हुए पाए जाते हैं कि जैसे उनकी समस्या पूरे विश्व की समस्या है परंतु जब इसी प्रकार की समस्या किसी अन्य देश पर आती है तो यूरोपीयन देश उसे अपनी समस्या नहीं मानते हैं। यूरोपीयन देशों में पनप रही आतंकवाद की समस्या पूरे विश्व में आतंकवाद की समस्या मान ली जाती है। परंतु, भारत द्वारा झेली जा रही आतंकवाद की समस्या यूरोप के लिए आतंकवाद नहीं है। यह पश्चिमी देशों के




डीएनए में है कि विकास की राह पर केवल मैं ही आगे बढ़ूं, जबकि भारतीयों के डीएनए में है कि सबको साथ लेकर ही विकास की राह पर आगे बढ़ा जाए। यह भावना भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों में भी कूट कूट कर भरी है। इसी तर्ज पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम है, और भारत में निवास करने वाले हम समस्त नागरिक हिंदू हैं, क्योंकि भारत में निवासरत प्रत्येक नागरिक से सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। भले ही, हमारी पूजा पद्धति भिन्न भिन्न हो सकती है, परंतु संस्कार तो समान ही रहने चाहिए। इसी विचारधारा के चलते आज संघ देश के कोने कोने में पहुंचने में सफल रहा है। संघ ने न केवल राष्ट्र को एकजुट करने का काम किया है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय तथा उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका सफलतापूर्वक निभाई है। इस वर्ष संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है परंतु संघ इसे अपनी उपलब्धि बिल्कुल नहीं मानता है बल्कि संघ के लिए तो शताब्दी वर्ष भी जैसे स्थापना वर्ष है और उसी उत्साह से अपने कार्य को विस्तार तथा सुदृढ़ीकृत करते हुए आगे बढ़ने की बात कर रहा है। संघ का अपनी 100 वर्षों की स्थापना संबंधी उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाने का विचार नहीं है बल्कि इस उपलक्ष में संघ के स्वयंसेवकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे आत्मचिंतन करें, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार प्रकट करें एवं राष्ट्र के लिए समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करें। शताब्दी वर्ष में समस्त स्वयंसेवकों से अधिक सावधानी, गुणवत्ता एवं व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेने हेतु आग्रह किया जा रहा है।

आज संघ कामना कर रहा है कि पूरे विश्व में निवास कर रहे प्राणी शांति के साथ अपना जीवन यापन करें एवं विश्व में लड़ाई झगड़े का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अतः हिंदू सनातन संस्कृति का पूरे विश्व में फैलाव, इस धरा पर निवास कर रहे समस्त प्राणियों के हित में है। इस संदर्भ में आज हिंदू सनातन संस्कृति को किसी भी प्रकार का प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अब तो विकसित देशों द्वारा की जा रही रिसर्च में भी इस प्रकार के तथ्य उभर कर सामने आ रहे हैं कि भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है और यह हिंदू सनातन संस्कृति के अनुपालन से ही संभव हो सका है। अतः आज विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से हिंदू सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में ही फैलाने की आवश्यकता है। परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भी संघ की स्थापना के समय कहा था कि संघ कोई नया कार्य शुरू नहीं कर रहा है, बल्कि कई शताब्दियों से चले आ रहे काम को आगे बढ़ा रहा है। संघ का यह स्पष्ट मत है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा। अतः हमारा कर्तव्य है कि सभी प्रकार के भेदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण, पर्यावरण पूरक जीवनशैली पर आधारित मूल्याधिशिष्ठ परिवार, स्व बोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज का निर्माण करें। संघ का यह भी स्पष्ट मत है कि हिंदुत्व की रक्षा और उसका सशक्तिकरण ही विश्व में स्थाई शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। 99 वर्ष की अहर्निश साधना के बाद संघ का प्रभाव देश में स्पष्ट रूप से दिख रहा है, और राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी भावना और हिंदू संस्कृति को ऊर्जा के स्त्रोतों के रूप में पुनर्परिभाषित करने के प्रयास तेज हो चुके हैं।

उक्त संदर्भ में संघ द्वारा नवम्बर 2025 से जनवरी 2026 के दौरान किन्हीं तीन सप्ताह तक बड़े पैमाने पर घर घर संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है, इसका विषय 'हर गांव, हर बस्ती, हर घर' होगा। साथ ही, संघ द्वारा समस्त मंडलों और बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी, का संदेश दिया जाएगा।

## राशिफल

**आज दिनांक 15 अप्रेल, 2025, मंगलवार, विक्रम संवत् 2082, वैशाख माह, कृष्ण पक्ष द्वितीया, विशाखा नक्षत्र, गरिजा करण, सिद्धी योग, राहुकाल: अपराह्न 3:35 से 5:09 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:09 बजे, सूर्यास्त सायं 6:43 बजे, चंद्रोदय रात 8.56 बजे, चंद्रास्त सुबह 7:49 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:01 बजे से 12:51 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:33 से 5:21 बजे तक, चंद्रमा तुला राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन आपके लिए कला व कौशल में निखार लेकर आएगा। आप अपने काम से लोगों को हैरान करेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।





आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको परिवार में छोटों की गलतियों को नजरअंदाज करना होगा। आपको किसी रुके हुए धन की प्राप्ति होने से आपका मन खुश रहेगा। संतान को किसी प्रतियोगिता में सफलता हासिल होगी।





आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आज आप किसी से कोई वादा सोच समझ कर करें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपका मन खुश रहेगा। संतान के ऊपर आप जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकते हैं।




आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। मन में बिजनेस को लेकर नए-नए विचार आएंगे, जो आपके बिजनेस में चार चांद लगाएंगे।




आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप अपने कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। भाई व बहनों को आपको पूरा साथ मिलेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको मान-सम्मान मिलता दिख रहा है। आप अपने बॉस को कोई सुझाव देंगे, वह उन्हें खूब पसंद आएगा।




आज का दिन आपके लिए धन को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। आप किसी के बहकावे में आकर कोई निवेश करने से बचें। आपको अपने बिजनेस की डील पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप अपनी सेहत में चल रही समस्याओं को नजरअंदाज न करें, नहीं तो वह बढ़ सकती हैं।





आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है, क्योंकि आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। किसी पारिवारिक समस्या को लेकर मन परेशान रहेगा। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा।




आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। जल्दबाजी के कारण कोई गलती हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप कामों को लेकर लापरवाही न दिखाएं। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन खुश रहेगा।




आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी जीवनसाथी आपके काम में पूरा साथ देंगी, लेकिन आपको उनकी भावनाओं का सम्मान करना होगा।




आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। किसी कानूनी मामले में आपको एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा, तभी वह पूरा होता दिख रहा है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होगी।




आज का दिन कुछ नया करने के लिए रहेगा। संपत्ति संबंधी मामलों में खुशी मिलेगी। किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में ढील देने से बचना होगा।




आज आपका मन व्यवसाय के कामों को लेकर परेशान रहेगा, जिससे आपका काम करने में भी मन नहीं लगेगा। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप कार्य क्षेत्र में अपने बॉस की बातों को इग्नोर ना करें,

## खाली डिब्बा

**प्रेरक प्रसंग**

**मैनेजमेंट** की शिक्षा प्राप्त कर रहे कुछ स्टूडेंट्स को प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स डेवलप करने के बारे में बताया जा रहा था। कुछ देर पढ़ाने के बाद प्रोफेसर ने बच्चों को एक केस स्टडी सोल्व करने को दी। जापान की एक साबुन बनाने वाली कंपनी अपनी क्वालिटी और वर्ल्ड क्लास प्रोसेसेज के लिए जानी जाती थी। पर आज उनके सामने एक अजीब समस्या आ खड़ी हुई, उन्हें कम्प्लेंट मिली कि एक कस्टमर ने जब साबुन का डिब्बा खरीदा तो वो खाली था। कंप्लेंट की जांच की गई तो पता चला चूक कंपनी के तरफ से ही हुई थी, असेंबली लाइन से जब साबुन डिलीवरी डिपार्टमेंट को भेजे जा रहे थे तब एक डिब्बा खाली ही चला गया। इस घटना से कंपनी की काफी किरकिरी हुई। कंपनी के अधिकारी बड़े परेशान हुए कि आखिर ऐसा कैसे हो गया। तुरंत एक हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई, गहन चर्चा हुई, और भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए लोगों से सुझाव मांगे गए। बहुत विचार-विमर्श के बाद निश्चय किया गया कि असेंबली लाइन के अंत में एक एक्स-रे मशीन लगाई जाएगी जो एक हाई रेसोलुशन मॉनिटर से कनेक्टेड होगी। मॉनिटर के सामने बैठा व्यक्ति देख पाएगा कि डिब्बा खाली है या भरा। कुछ ही दिनों में ये सिस्टम इम्प्लीमेंट कर दिया गया, पर जब एक छोटी रैंक के कर्मचारी को इस समस्या का पता चला तो उसने इस समस्या का हल एक बड़े ही सस्ते और आसान तरीके से निकाल दिया। एक ऐसा तरीका जिसमें ना लाखों की मशीन खरीदने का खर्च था और ना ही किसी आदमी को रखने की जरूरत।

सोचिए अगर आपके सामने ये समस्या आती तो आप क्या करते? उस आदमी ने ये किया -उसने एक हाई पावर इलेक्ट्रिकल फैन खरीदा और असेंबली लाइन के सामने लगा दिया , अब हर एक डिब्बे को पंखे की तेज हवा के सामने से होकर गुजरना पड़ता और जैसे ही कोई खाली डिब्बा सामने आता हवा उसे उड़ा कर दूर फेंक देती। मित्रों, इस तरह के सोल्युशन को हम आउट ऑफ द बॉक्स या क्रिएटिव थिंकिंग कहते हैं। और सबसे अच्छी बात ये है कि इसका किताबी ज्ञान से कोई लेना-देना नहीं होता। हममें से हर एक व्यक्ति अपनी समस्याओं को सरल तरीकों से सुलझा सकता है पर शायद हम सबसे पहले दिमाग में आने वाले हल को ही पकड़ कर बैठ जाते हैं। आइए इस केस स्टडी से प्रेरणा लेते हुए हम भी अपनी समस्याओं के नए-नए समाधान ढूंढें और इस जीवन को सरल बनाएं।

## सुडोकु 2080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | | 6 | | | 3 | 8 |
| 3 | | 9 | | | | | | 7 |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| | | | | 2 | 6 | 8 | | |
| | | | | | 1 | 6 | 2 | 9 |
| | | | | | 8 | | | |
| | | | 7 | 5 | 9 | | | |
| | | | | 1 | | 7 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2079 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 8 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 4 | 8 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 | 1 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 8 |

# जीत की पटरी पर चेन्नई, लखनऊ को 5 विकेट से हराया

### धोनी ने शिवम दुबे के साथ मिलकर दिलाई जीत

### ऋषभ पंत का अर्धशतक गया बेकार

महानगर संवाददाता

**लखनऊ।** लगातार पांच हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने अब जीत के रास्ते पर वापसी कर ली है। एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई ने सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स को उसके घर इकाना स्टेडियम में पांच विकेट से हरा दिया। ये चेन्नई की इस सीजन दूसरी जीत है, वहीं लखनऊ की तीसरी हार। टीम की जीत में फिनिशर धोनी का अहम रोल रहा।

कप्तान ऋषभ पंत के 63 रनों के दम पर लखनऊ ने संघर्ष करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 166 रन बनाए। चेन्नई ने 167 रनों का टारगेट 19.3 ओवरों में हासिल कर लिया।

### डेब्यूटंट रशीद ने किया प्रभावित

इस मैच में धोनी ने 20 साल के युवा बल्लेबाज शेख रशीद को मौका दिया और उन्होंने रचिन रवींद्र के साथ मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दी। इस युवा बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी की और अपने खूबसूरत शॉट्स से सभी को प्रभावित किया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर रशीद को आवेश खान ने निकोलस पूरन के हाथों कैच करा उनकी पारी का अंत कर दिया। रशीद ने 19 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 27 रन बनाए। इसके बाद एडेन मार्करम ने रचिन रवींद्र को एलबीडब्ल्यू कर दिया। राहुल त्रिपाठी एक बार फिर फेल हुए। 10 गेंद खेलने के बाद वह नौ रन ही बना सके। उन्हें रवि बिश्नोई ने पवेलियन की राह दिखाई।



### जडेजा और दुबे ने जारी रखा संघर्ष, धोनी-दुबे ने दिलाई जीत

राहुल का विकेट 76 रनों पर गिरा था। इसके बाद शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला, लेकिन बिश्नोई ने जडेजा को 7 रन पर आउट कर दिया। उनके बाद आए विजय शंकर भी 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर दिग्वेश राठी का शिकार हो गए। शंकर के बाद धोनी ने मैदान पर कदम रखा। धोनी ने 15वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आवेश खान पर दो चौके मार फैंस की उम्मीदें जिंदा रखीं। 17वें ओवर की आखिरी गेंद पर भी धोनी ने छक्का मार लखनऊ की चिंताओं को बढ़ा दिया। आखिरी दो ओवरों में चेन्नई को जीत के लिए 24 रनों की जरूरत थी। दुबे और धोनी के दम पर चेन्नई ने ये रन बना लिए और जीत हासिल की।

## लखनऊ के दिग्गज हुए फेल

इससे पूर्व घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरे लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन मध्यक्रम में कप्तान की अर्धशतकीय पारी की मदद से मेजबान टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को 167 रनों का लक्ष्य दिया। पिछले मुकाबलों में एलएसजी की जीत की गारंटी बने एडम मार्करम (06) और निकोलस पूरन (08) सीएसके के खिलाफ कोई कमाल नहीं कर सके। मिचेल मार्श (30) आक्रामक शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में विफल रहे।

### फॉर्म में लौटे पंत

लखनऊ ने चार ओवरों में 23 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। अब टीम की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी खराब फॉर्म से जूझ रहे पंत के कंधों पर थी। उन्होंने टीम प्रबंधन की उम्मीद को बरकरार रखा और क्रीज पर पहुंचते ही शानदार चौका जड़कर अच्छा संकेत दिया। हालांकि, इसी बीच मार्श को जडेजा ने बोल्ड कर दिया। पंत ने मिचेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े।

इसके बाद कप्तान ने आयुष बडोनी (22) के साथ धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान बडोनी को दो बार जीवनदान मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। जडेजा की शानदार गेंद पर धोनी ने उन्हें स्टंप आउट कर लखनऊ को करारा झटका दिया।

लगातार विकेट गिरने की वजह से वह अपनी शैली के अनुरूप तो बल्लेबाजी नहीं कर पाए, हालांकि टीम को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक जरूर पहुंचाया। पंत ने 42 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्कों की मदद से सीजन का पहला अर्धशतक लगाकर आईपीएल में जोरदार वापसी की।

## प्रदेश समाचार

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। भाजपा दौलतपुरा मंडल अध्यक्ष बलराम बैरवा ने बताया कि इस उपलक्ष्य में अंबेडकर विकास मंच अध्यक्ष सोनपाल मरमिट के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

रैली कोरापाड़ा अंबेडकर भवन से लालसोट के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई ज्योतिबा फुले सर्किल पहुंची, जहां लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच अध्यक्ष सोनपाल मरमू, पूर्व अध्यक्ष जोहरी लाल पहाड़िया, पूर्व पार्षद राममनोहर बैरवा, श्यामलाल मीरवाल, रामखिलाड़ी चांदसेन, जगमोहन मालिया, हरिसिंह लोदवाल, दुलीचंद खटीक, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सुमन मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### अंबेडकर जयंती पर हुई बिरसा विकास मंच की बैठक



**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित बालाजी गार्डन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाते हुए वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अंबेडकर बिरसा विकास मंच अध्यक्ष सूरज मीणा की अध्यक्षता में बालाजी गार्डन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंच के सदस्यों ने अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा पर फोकस किया। मंच के तत्वाधान में बालाजी गार्डन से रैली निकालते हुए बस स्टैंड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर व बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की गई। वहीं मंच की ओर से घास भैरू स्थित ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर प्रहलाद, ओमप्रकाश बिजलवास, व्याख्याता भोलाराम रैगर, सूरज मीणा, रामभजन, राजेंद्र कुशलपुरा, हीरालाल मीणा सहित कई लोगों ने रैली में भाग लिया।

### डीडवाना में सर्व समाज ने मनाई अंबेडकर जयंती

गांव डीडवाना में डॉ भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति अध्यक्ष लल्लूप्रसाद फुलवरिया की अध्यक्षता में बाबा रामदेव मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद मंदिर से मुख्य मार्गों से होते हुए रैली निकाली गई। रैली के दौरान कमलेश वर्मा, मनोहर लाल, कैलाश, मनीष, ऋषिराज, मोनू सहित कई लोक उपस्थित रहे।

# अक्षर पटेल पर 12 लाख का जुर्माना

### मुंबई के खिलाफ स्लो ओवर रेट के लिए लगा फाइन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

उन पर यह जुर्माना रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच में स्लो ओवर रेट के लिए लगाया गया है।



बीसीसीआई ने अपने बयान में लिखा कि आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी (पटेल की) टीम का इस सीजन का पहला अपराध था। इसलिए पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### इस सीजन में छठी बार स्लो ओवर के लगा जुर्माना

आईपीएल 2025 सीजन में स्लो ओवर के लिए अलग-अलग कप्तान पर छठी बार जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान रॉयल्स पर दो बार, मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स पर एक-एक बार जुर्माना लगाया गया है।

# भारत ने तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में जीते चार पदक

विशेष संवाददाता

**ऑबर्नडेल (अमेरिका)।** भारत ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 के पहले चरण में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित कुल चार पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया। भारत तीरंदाजी विश्वकप में चार पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसमें पुरुष रिकर्व टीम में एक रजत और पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य शामिल रहा। ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में चीन के वांग यान, ली झोंगयुआन और काओ वेनचाओ से 1-5 से हार गई। तीरंदाजी विश्वकप में मेक्सिको छह पदकों (तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) के साथ शीर्ष पर रहा। भारत ने सेमीफाइनल में स्पेन को 6-2 से हराने से पहले क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 6-2 से शिकस्त दी और पहले दौर में ब्राजील को 6-2 से हराया था।

# चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल होंगे 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे

### सीएसके को मिला ऋतुराज का रिप्लेसमेंट

महानगर संवाददाता

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे को ऋतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल करने का निर्णय लिया है, जोकि कोहनी की चोट के कारण आईपीएल 2025 के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। सीएसके ने दो सप्ताह पूर्व नेट पर आयुष म्हात्रे की बल्लेबाजी को परखने के लिए बुलाया था, लेकिन ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद इस युवा खिलाड़ी को टीम में शामिल करने का फैसला किया है।

17 वर्षीय ओपनर आयुष म्हात्रे ने मुंबई की ओर से 9 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है। उन्होंने मुंबई



की ओर से सात लिस्ट-ए मैच में मुंबई का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें नगालैंड के खिलाफ शानदार 181 रन की पारी खेली थी, जोकि उनका उच्चतम स्कोर है। इसके बाद जनवरी 2025 में सौराष्ट्र के खिलाफ 148 रन की पारी विजय हजारे ट्रॉफी में खेली थी। आईपीएल 2025 में वह जल्द चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ेंगे, लेकिन उन्हें मुकाबले में खेलने का मौका मिलेगा या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। आयुष म्हात्रे सिर्फ बल्लेबाजी नहीं, बल्कि राइट आर्म ऑफब्रेक बॉलर भी हैं।

# कौशल्या चौधरी को एनसीए हाई परफॉर्मेंस कैंप में मिला मौका

### अंडर-14 कैंप मैच: वशिष्ठ-विवेक की जोड़ी ने दिलाई टीम ए को बढ़त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की युवा क्रिकेटर कौशल्या चौधरी का चयन बीसीसीआई महिला अंडर-23 एनसीए इमर्जिंग हाई परफॉर्मेंस कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप 21 अप्रैल से 15 मई तक बेंगलुरु स्थित एनसीए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होगा। विधायक व आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी ने बताया कि कौशल्या ने राष्ट्रीय अंडर-23 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था।



बीसीसीआई की ओर से इस कैंप का आयोजन देशभर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए किया जा रहा है। कौशल्या को 20 अप्रैल तक कैंप में रिपोर्ट करना होगा। इससे पहले उन्हें 25 मार्च को आरसीए एप्रिशिएशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

### अंडर-14 कैंप मैच: टीम ए ने बनाई बढ़त

राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर में आयोजित अंडर-14 कैंप के पहले दिन दो दिवसीय मैच खेले गए। पहले मैच में टीम सी ने पहली पारी में 176 रन बनाए। कौस्तव ने 46, शौर्य ने 37 और नारायण ने 27 रन बनाए। टीम ए की ओर से अरहान ने 3 विकेट झटके। जवाब में टीम ए ने 2 विकेट पर 208 रन बनाकर बढ़त हासिल की। वशिष्ठ शर्मा 87 और विवेक बगड़ी 61 रन पर नाबाद रहे। दूसरे मैच में टीम डी ने पहली पारी 299/4 पर घोषित की। रियान सेबेस्टियन ने शतक (100 रन) जड़ा, अली हैदर ने 66 और आर्यन सिंह ने 62 रन बनाए।

# कपिल देव बने एसओजी ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के ब्रांड एंबेसडर



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव को एसओजीफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के उत्तर और पूर्व क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। स्किलहब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन (एसओजीएफ) गुरुग्राम के हयात रीजेंसी में 20 और 30 अप्रैल को इस ग्रैंडमास्टर्स सीरीज का आयोजन करेगा। इस ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के लिए अब तक एक लाख 50 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस अवसर पर पद्म भूषण कपिल देव ने कहा कि दुनिया भर में माइंड स्पोर्ट्स की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, जिसका श्रेय इंटरनेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती पहुंच को जाता है। एसओजीएफ के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूं। वहीं पूरे एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज की मुख्य ब्रांड एंबेसडर ग्रैंडमास्टर कोनेरु हम्पी ने कहा कि इस सीरीज का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात रही है।

# ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2025 में हिस्सा लेंगे भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल और अरविंद

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत के दो मशहूर शतरंज खिलाड़ी निहाल सरीन और अरविंद चितांबरम ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप (ईडब्ल्यूसी) 2025 में हिस्सा लेंगे। इन्हें एस8यूएल की शतरंज टीम में शामिल किया गया है। इस साल पहली बार ईडब्ल्यूसी में शतरंज को शामिल किया गया है। इस टूर्नामेंट के लिए कुल इनाम राशि 1.5 मिलियन डॉलर (लगभग 12.9 करोड़ रुपए) रखी गई है। विश्व प्रसिद्ध ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन को इसका 'ग्लोबल एम्बेसडर' बनाया गया है।

प्रतियोगिता का फॉर्मेट 'रैपिड' होगा, जिसमें हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय मिलेगा और चाल के बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं





मिलेगा। खिलाड़ी 'चैम्पियंस चेस टूर' के फरवरी और मई में होने वाले टूर्नामेंट से क्वालीफाई करेंगे, जबकि अंतिम चार खिलाड़ियों का चयन रियाद में होने वाले 'लास्ट चांस क्वालीफायर' से होगा।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लोगो' एवं 'शुभंकर' का हुआ अनावरण

महानगर संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आधिकारिक 'लोगो' तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का अनावरण किया।

नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार 2025 के आधिकारिक 'लोगो' तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का रिमोट के माध्यम से अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने खेल सॉन्ग का भी शुभारंभ किया।

# दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में हुआ धार्मिक कार्यक्रमों का समापन

महानगर संवाददाता

**सीकर।** शहर के सांवली रोड स्थित दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में त्रिदिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। मुख्य पुजारी जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि 11 अप्रैल को रामधुन से शुरू हुए इस आयोजन में 12 अप्रैल को सुबह पूजा, हवन के बाद बजाज रोड से देवकीनंदन पारीक के नेतृत्व में 21 निशान चढ़ाकर 108 सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। 13 अप्रैल को सायं 3.15 बजे दिल्ली से आए मनीष दाधीच की पार्टी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ तथा शाम 7.30 बजे से दिल्ली के अजय तुलस्यान की पार्टी द्वारा हनुमान जी व राधा कृष्ण की मनमोहक



झांकियों के साथ भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं, पुरुषों ने नाचते गाते हुए भजन सरिता में गोता लगाया। आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पुजारी महावीर प्रसाद शुक्ला ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा के संयोजक प्रदीप कुमार शर्मा व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन पारीक को दुपट्टा व बालाजी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया।

# निर्मल मन ही भगवत प्राप्ति का सरलतम साधन: सीताराम शास्त्री

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** निकटवर्ती गांव चूड़ी अजीतगढ़ में आयोजित सप्त दिवसीय भागवत कथा के द्वितीय दिवस दिल्ली से पधारे सीताराम शास्त्री ने बताया कि अगर किसी के मन में छल-कपट भरा हो, वह व्यक्ति भगवान को प्राप्त नहीं कर सकता है, बल्कि जिसका मन निर्मल हो, जो केवल परमार्थ की बात जानता हो, उसके लिए भगवान स्वयं चलकर आते हैं। सोमवार को हुई कथा में



मुख्य यजमान विमल पीपलवा द्वारा सपत्नीक पूजा संपन्न करवाई गई। कथा के दौरान मुकुंदगढ़ चेतननाथ आश्रम के संत अभय नाथ का भी सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कोलकाता से पधारे श्रोतागण रामगोपाल लड़ानीया, महेंद्र कुमार रूंथला, विजय कुमार पिपलवा, रामावतार मटोलिया, प्रहलादराय पिपलवा, भगवती प्रसाद काछवाल सहित कई गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच पर होगी रनों की बारिश!

# पंजाब-कोलकाता मुकाबला आज, श्रेयस-रहाणे पर रहेंगी नजरें

महानगर संवाददाता

**मुल्लांपुर।** सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स मंगलवार को जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी। उनका सामना गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। यह मैच मुल्लांपुर में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली टीम पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छठे पायदान पर है। वहीं, कोलकाता छह मैचों में तीन जीत और इतनी ही हार के साथ पांचवें स्थान पर है।

### मुल्लांपुर में अब तक खेले गए दो मुकाबले

पंजाब अब अपना अगला मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा, जहां के विकेट को बल्लेबाजी के



लिए अनुकूल माना जाता है। यहां अभी तक दो मैच खेले गए हैं, जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन का स्कोर बनाया था।

ऐसे में पंजाब के टीम प्रबंधन को फैसला करना होगा कि वह किस तरह की परिस्थितियों में खेलना चाहते हैं। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा, क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे।

### कोलकाता के इन बल्लेबाजों से रहना होगा सावधान

इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है, तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे, क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं।

### मैक्सवेल और स्टोइनिस से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी काफी हद तक कप्तान अय्यर (250 रन) पर निर्भर है, जिन्होंने अब तक पांच मैचों में तीन अर्धशतक लगाए हैं। प्रियांश आर्या (194 रन) इस सत्र की खोज रहे हैं। नेहल वढेरा (141 रन), प्रभसिमरन सिंह (133 रन) और फिनिशर शशांक सिंह (108 रन) भी टीम का मजबूत पक्ष हैं, लेकिन पंजाब की कमजोर कड़ी ग्लेन मैक्सवेल (34 रन) और मार्कस स्टोइनिस (59 रन) हैं, जिन्होंने अब तक बल्ले से खास योगदान नहीं दिया है।

## पंजाब किंग्स को बीच सीजन लगा झटका

### तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन चोट के कारण आईपीएल से हुआ बाहर

**नई दिल्ली।** शानदार फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स को बीच सीजन में बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। पंजाब के कोच जेम्स होप्स ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। पंजाब को मंगलवार को अपने घर में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना करना है। फर्ग्यूसन को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में चोट लग गई थी। वह पूरा मैच नहीं खेल सके थे और बीच में ही बाहर चले गए थे। उन्होंने इस मैच में सिर्फ दो गेंदें फेंकी थीं। कोलकाता के खिलाफ मैच से पहले सोमवार को होप्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'लॉकी फर्ग्यूसन अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए



हैं। सीजन के अंत में उनकी हमारी टीम में वापसी की बहुत ही कम संभावना है। मुझे लगता है कि उनको काफी गहरी चोट लगी है।' देखा जाए तो टीम के पास फर्ग्यूसन जैसे खिलाड़ी का इस समय कोई रिप्लेसमेंट नहीं है। टीम अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई के रूप में उनकी भरपाई कर सकती है। वहीं टीम के पास विजयकुमार विशाक का भी विकल्प है। कोलकाता के खिलाफ उसे इन दोनों में से ही किसी को चुनना होगा। फर्ग्यूसन ने चार मैचों में पांच विकेट अपने नाम किए थे।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें
और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# अनुसूचित जाति वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य बना तेलंगाना

महानगर संवाददाता

**हैदराबाद।** तेलंगाना ने सोमवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण के कार्यान्वयन पर एक सरकारी आदेश जारी किया। इसके साथ ही तेलंगाना आधिकारिक तौर पर ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने इस बात की जानकारी दी।

तेलंगाना सरकार ने पहले एससी वर्गीकरण पर रिटायर हाईकोर्ट के जज जस्टिस शमीम अख्तर की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था। आयोग ने सिफारिशें की थीं कि 59 अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में कुल 15 प्रतिशत आरक्षण के लिए तीन समूहों प्रथम, द्वितीय और तृतीय में विभाजित किया जाना चाहिए। सरकारी आदेश में कहा है तेलंगाना विधानमंडल के निम्नलिखित अधिनियम को 8 अप्रेल 2025 को तेलंगाना के राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई और उक्त स्वीकृति को सर्वप्रथम 14 अप्रेल, 2025 को तेलंगाना राजपत्र में आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। आयोग की रिपोर्ट के अनुसार समूह-1 में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से वंचित 15 अजा समुदाय शामिल हैं, जिन्हें एक प्रतिशत आरक्षण दिया है। समूह-2 में 18 मध्यम रूप से लाभान्वित अजा समुदाय शामिल हैं, जिन्हें 9 फीसदी आरक्षण दिया है, जबकि समूह-3 में 26 उल्लेखनीय रूप से लाभान्वित अजा समुदाय शामिल हैं, जिन्हें 5 फीसदी आरक्षण दिया है।

## वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ हवन-पूजन, सुरक्षा के लिए बनेगी चार किमी लंबी दीवार

# श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर हुई कलश की स्थापना

महानगर संवाददाता



**अयोध्या।** अयोध्या में सोमवार सुबह राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना की गई। कलश की पहले पूजा की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ इसे मुख्य शिखर पर रखा गया। परकोटे और सप्त ऋषि मंदिरों की मूर्तियां मंगलवार को जयपुर से अयोध्या पहुंच सकती हैं।

राम मंदिर परिसर में लगने वाली सभी मूर्तियां 30 अप्रेल तक मंदिरों में रख दी जाएंगी। राम मंदिर की सुरक्षा के लिए 4 किमी लंबी दीवार बनाने का काम शुरू होगा। डेढ़ साल में ये दीवार बनकर तैयार होगी। राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ये जानकारी दी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इंजीनियर इंडिया लिमिटेड राम मंदिर की सुरक्षा दीवार बनाएगी। दीवार की ऊंचाई और मोटाई कितनी होगी, इस पर फैसला लिया जा रहा है। मिट्टी की जांच के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

### जन्मभूमि की मिट्टी पूजनीय है

राम जन्मभूमि परिसर की मिट्टी राम भक्तों में वितरित किए जाने की चर्चा पर नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि अभी ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। साधना स्थल और पार्क को समतल करने में मिट्टी की जरूरत पड़ेगी। निर्माण काम की खुदाई में जो मिट्टी निकल रही, वह बाहर नहीं जाएगी। हमारी उद्देश्य राम भक्तों की आस्था को किसी भी तरह से ठेस पहुंचाना नहीं है। ये मिट्टी पूजनीय है। इसीलिए मिट्टी का परिसर में ही प्रयोग किया जाएगा।

### 10 एकड़ भूमि पर शू रैक बनेगा

राम मंदिर परिसर में ही 10 एकड़ भूमि में शू रैक बनेगा। जिसमें लगभग 62 काउंटर समान रखने के लिए होंगे। 10 एकड़ में ही साधना स्थल बनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु पूजा-पाठ कर सकेंगे। कुबेर टीला और साधना स्थल तक हरियाली होगी।

### शिखर पर ध्वज दंड 15 मई तक लगेगा

नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि 15 मई तक राम मंदिर का निर्माण काम पूरा हो जाएगा। शिखर पर ध्वज दंड लगा दिया जाएगा। आकाशीय बिजली से बचाने के लिए लाइटनिंग रॉड और हवाई जहाज के लिए एविएशन लाइट लग कर तैयार हो जाएगी। शिखर का निर्माण आखिरी चरण पर है।

# ओमाश्रय सेवाधाम में अंबेडकर जयंती पर हुआ गोष्ठी का आयोजन



**जयपुर (मसं)।** ओमाश्रय सेवा धाम में सोमवार को अम्बेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वैदिक चिंतक यशपाल यश ने कहा कि दलित समाज में जन्मे डॉ. भीमराव अंबेडकर मनु या प्राचीन विधि पुस्तक मनुस्मृति के मूल स्वरूप के विरोधी नहीं थे। यश ने कहा कि अम्बेडकर आर्य सामाजिक पृष्ठभूमि से शिक्षित हुए जो वर्ण व्यवस्था का आधार मनु एवं गीता के अनुसार जन्म से नहीं कर्म से मानते थे। यश ने अम्बेडकर की भावनानुसार आरक्षण का लाभ एक परिवार को एक बार ही मिले की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम संयोजक देवेश गोयल ने भारत के संविधान की विशेषता बताकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीमा भगवान दास गर्ग तथा निराश्रित जन नंदू ने अम्बेडकर की महिमा के गीत तथा विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व सामाजिक समरसताक के लिए यज्ञ में आहुतियां दी गईं।

## प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया, मुर्शिदाबाद में हालात सुधरे, 19 विस्थापित परिवार लौटे

# वक्फ कानून पर हिंसा, दक्षिण 24 परगना में पुलिस की गाड़ियां जलाईं







महानगर संवाददाता

**मुर्शिदाबाद।** वक्फ कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा होने के बाद अब दक्षिण 24 परगना में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई है। बसंती हाईवे पर बैरमपुर में पुलिस ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के कार्यकर्ताओं को लेकर जा रही एक गाड़ी को रोका, जिससे अशांति फैल गई। दरअसल भांगर, मिनाखा, संदेशखाली से आईएसएफ कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सुबह 10 बजे हाईवे जाम कर दिया था। रामलीला मैदान जा रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेर लिया। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। हाईवे पर हालात काबू में आ गए, लेकिन उग्र भीड़ ने शोणपुर में पुलिस की 5 बाइक में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी। कैदियों को ले जाने वाली वैन को पलट दिया और उसमें भी तोड़फोड़ की। ये कार्यकर्ता इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी के कहने पर कोलकाता के रामलीला मैदान में होने वाली जनसभा में शामिल होने जा रहे थे। जनसभा के दौरान नौशाद ने ये आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही वोट बैंक की राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल में धर्म से खेल रहे हैं। इन्हें आर्थिक विकास की कोई चिंता नहीं है।

### मुर्शिदाबाद सामान्य हो रही स्थिति

मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रेल बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया कि दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी करवा रहा है। शमीम ने कहा कि अब तक 210 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पिता-पुत्र की हत्या मामले में अलग केस दर्ज किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनएस की धारा 163 भी लागू है।

### विरोध करें, पर कानून अपने हाथ में न लें : ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि धर्म के नाम पर यह अपवित्र खेल कौन खेल रहा है? धर्म का मतलब है आस्था, प्रेम और संस्कृति। धर्म एकता का प्रतीक है। झगड़े, दंगे और अशांति क्यों हैं? प्यार से सब कुछ जीता जा सकता है। किसी को अलग-थलग करके नहीं। हम एक बार जीते हैं और एक बार मरते हैं तो फिर दंगा क्यों होता है? हर जाति और धर्म के लोगों को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें।

# हाईकोर्ट के दखल पर मिली सफाई कर्मचारी पद पर नियुक्ति

**जयपुर (मसं)।** सफाई कर्मचारी-2018 में नियुक्ति से वंचित किए गए अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट के दखल के बाद राहत मिली है। कोर्ट में याचिका दायर होने के बाद दिए निर्देश को लेकर विभाग ने याचिकाकर्ताओं के नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति मिलने पर कोर्ट ने मामले में दायर याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश हेमराज मीणा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर दिए। सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ताओं को सफाई कर्मचारी पद पर कार्य ग्रहण करने का आदेश जारी किया जा चुका है। याचिका में अधिवक्ता विकास सोमानी और एसएल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से साल 2018 में निकाली सफाई कर्मचारी भर्ती में याचिकाकर्ता ने अजमेर जिले में आवेदन किया था। नियमानुसार 16 जुलाई को कार्यग्रहण भी कर लिया था, लेकिन अगले दिन वह आकस्मिक कारण के चलते ड्यूटी से अनुपस्थित हुआ। इस पर विभाग ने सेवा से हटा दिया था। इसे याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

# एसबीआई कार्यालय में मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती




**जयपुर (मसं)।** भारतीय स्टेट बैंक जयपुर मण्डल द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। इसके उपरांत महाप्रबंधक मदन एल. एस. ने बताया कि बाबा साहेब का जीवन हमें समानता, शिक्षा और आत्म-सशक्तिकरण की प्रेरणा देता है। हमें उनके विचारों को अपने कार्य और जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर स्टेट बैंक अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन (सेवा) जयपुर मण्डल के अध्यक्ष अशोक मीणा एवं महासचिव विनोद तंवर ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बैंक द्वारा 50 प्रतिभावान बच्चों को अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई। उप महाप्रबंधक एवं मण्डल विकास अधिकारी कल्याण गजवेल्लि ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों को बैंक द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार ज्ञापित किया।

## सलमान खान को फिर मिली धमकी, पुलिस में एफआईआर दर्ज

# 'घर में घुसकर मारेंगे, कार बम से उड़ा देंगे'

महानगर संवाददाता



**मुंबई।** सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें घर में घुसकर मारने या कार उड़ाने की धमकी दी गई है। वर्ली पुलिस स्टेशन को फोन करके धमकी देने वाले अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ये धमकी मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर दी गई है। फिलहाल पता नहीं चल पाया है कि ये धमकी किसने दी है। बता दें इसके पहले सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग की गई थी।

घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी के सोर्स की जांच कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई धमकियां मिली हैं। गैंग कथित तौर पर 1998 के काले हिरण शिकार मामले में सलमान खान को निशाना बना रहा है, क्योंकि काला हिरण बिश्नोई समुदाय के लिए धार्मिक महत्व रखता है।

2024 में खान को बिश्नोई गैंग से धमकी मिली जिसमें मांग की गई कि वह या तो मंदिर जाएं और कथित काले हिरण की हत्या के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या 5 करोड़ रुपए का भुगतान करें। 30 अक्टूबर को अभिनेता को एक अज्ञात व्यक्ति ने फिर से धमकी दी, जिसने 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। 2024 में दो अज्ञात व्यक्तियों ने फर्जी पहचान का उपयोग करके खान के पनवेल फार्महाउस में जबरन घुसने की कोशिश की। 2023 में गैंगस्टर गोल्डी बरार द्वारा कथित तौर पर भेजा गया एक धमकी भरा ईमेल मिला। इन धमकियों के बाद सलमान खान की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### हाल ही सलमान ने दिया था यह बयान

मुंबई में हाल ही में एक प्रेस मीट में धमकियों के बारे में बोलते हुए सलमान खान ने कहा, 'भगवान, अल्लाह सब बराबर है। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। बस यही है।' धमकियों के बाद सलमान ने खुलासा किया कि अब वह केवल अपने घर और फिल्म सेट के बीच ही आना जाना करते हैं। 59 साल के एक्टर ने कहा, 'जब मैं प्रेस के साथ होता हूं तो मुझे कोई चिंता नहीं होती, लेकिन जब मैं प्रेस के बिना होता हूं, तो इससे काफी कुछ प्रभावित होता है। अब सब कुछ गैलेक्सी (घर) से शूटिंग और शूटिंग से गैलेक्सी (घर) तक ही सीमित है, इसके अलावा कुछ नहीं।'

# आतंकी तहव्वुर से रोज 10 घंटे पूछताछ कर रही एनआईए

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को चौथे दिन पूछताछ की।




मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए के अधिकारियों की एक टीम राणा से रोज 8 से 10 घंटे पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान राणा सहयोग भी कर रहा है। पिछले 4 दिन में राणा ने केवल तीन चीजें मांगी हैं - एक कलम, कागज या नोटपैड और कुरान। ये तीनों उसे दिए गए हैं। हालांकि उसने अभी तक किसी खास तरह के खाने की मांग नहीं की है। इसलिए उसे स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल के मुताबिक दूसरे आरोपियों को दिया जाने वाला खाना मिल रहा है। राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में आतंकवाद विरोधी एजेंसी के हेडक्वॉर्टर के अंदर एक हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। यहां चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मी उसकी निगरानी करते हैं।

# गुजरात में 1800 करोड़ रुपए की 300 किलो ड्रग्स जब्त

महानगर संवाददाता

**पोरबंदर।** गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रेल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है। गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था। अंधेरे के बीच कोस्ट गार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्करों ने ड्रग्स को समुद्र में फेंका और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले। कोस्ट गार्ड टीम ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है। फिलहाल जांच के लिए जब्त की गई ड्रग्स को पोरबंदर में एटीएस को सौंप दिया गया है।

# जनसाधारण को समर्पित माता कृष्णा उद्यान का भव्य उद्घाटन



**हरिद्वार/जयपुर (मसं)।** हरिद्वार में माता कृष्णा देवी की स्मृति में जनसाधारण को समर्पित 'माता कृष्णा उद्यान' का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश मण्डल अध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश महाराज की अध्यक्षता में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, महापौर किरण जैसल, विधायक मदन कौशिक उपस्थित रहे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि श्री प्रेम प्रकाश मंडल ट्रस्ट सेवा के कार्यों में सदा अग्रणीय है। पूर्व में भी हरिद्वार में भगीरथ दीप स्तंभ, श्री प्रेम प्रकाश घाट, सतनाम साक्षी घाट के साथ अनेक सुंदर घाटों स्वामी सर्वानंद घाट, श्री अमरापुर घाट, स्वामी टेऊंराम चौक भीम गोडा, का निर्माण कराया गया है, जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सर्व जनसाधारण को समर्पित माता कृष्णा उद्यान भी आने वाले समय में वृहद रूप में आकर्षण का केंद्र होगा। इस प्रयास से हरिद्वार में भक्त श्रद्धालुओं पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु महाराज को को पखर पहनाकर आशीर्वाद लिया।

# कृषि विज्ञान अतिरिक्त संकाय शुरू करवाने की मांग, मंत्री दिलावर को सौंपा ज्ञापन

**जमवा रामगढ़ (मसं)।** खवारानीजी ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आर्ट्स संकाय के अतिरिक्त कृषि विज्ञान संकाय शुरू करवाने की मांग को लेकर सोमवार को जागरूक प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामवासी सोहन शर्मा, जुगुल गील, महेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। मंत्री दिलावर ने अतिरिक्त संकाय शुरू करवाने की मांग पर सकारात्मक आश्वासन दिया।



# फिल्म सेवानिवृत्ति के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (मसं)।** श्री राधा गोविंद फिल्मस की ओर से निर्मित फिल्म सेवानिवृत्ति के पोस्टर का विमोचन हवामहल विधायक बालमकुंदाचार्य ने किया। इस अवसर पर प्रोडक्शन टीम से जुड़े लोग मौजूद रहे। लेखक-निर्देशक धर्मेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सामाजिक भावना से ओतप्रोत फिल्म की कहानी परिवारिक ताने- बाने में बेटियों की जिम्मेदारी को दर्शकों के समक्ष लाएगी। निर्माता माया देवी उपाध्याय, सह निर्माता ओ पी शर्मा और कार्यकारी निर्माता नवल किशोर शर्मा हैं। मुख्य भूमिका चारु शर्मा, कपिल वशिष्ठ, ओ पी शर्मा, सुमुख महर्षि, पारुल वत्स, मंजु वशिष्ठ ने निभाई हैं। फिल्म के लाइन प्रोड्यूसर महेश कुमावत और छायांकन ओमी ने किया है। निर्माण सहयोग सी आर जी फिल्म्स का है। फिल्म जल्दी ही सोनोटेक चैनल पर रिलीज होगी।

# समय पर इलाज नहीं हुआ तो स्थाई विकलांगता में बदल सकती है आर्थराइटिस

## नारायणा हॉस्पिटल में आर्थराइटिस-जोड़ पर बीट द पेन जागरूकता सेमिनार आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने आर्थराइटिस एवं जोड़ प्रत्यारोपण पर बीट द पेन नामक एक जागरूकता सेमिनार का 10वां एडिशंस का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के सीनियर ऑर्थोपेडिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विजय कुमार शर्मा ने आर्थराइटिस एवं जोड़ प्रत्यारोपण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने आर्थराइटिस (घुटने के दर्द) से बचाव, उसकी रोकथाम की चर्चा की। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में व्यायाम के प्रभाव एवं शंकाओं के समाधान के लिए सीधा संवाद किया। सेमिनार की मुख्य बात यह रही कि 100 से भी ज्यादा आर्थराटिस से पीड़ित लोगों ने भाग लिया जिसमें उनकी शंकाओं और प्रश्नों के जवाब पहले जोड़ प्रत्यारोपण करवा चुके मरीजों ने दिए।




डॉ. विजय कुमार शर्मा ने बताया कि चाहे आर्थराइटिस किसी भी प्रकार की हो, वह बहुत ही पीड़ादायक बीमारी होती है जिसका अगर समय पर उचित ईलाज नहीं किया जाए तो यह स्थाई विगलांगता की स्थिति में बदल सकती है। उन्होंने कहा कि जोड़ प्रत्यारोपण पिछले 50 सालों की सबसे सफल सर्जरी में से एक मानी जाती है। अब तक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी में बहुत से विकास हुए हैं चाहे वो मैटल की इंजीनियरिंग में हो, मैटल के प्रकार में हो, डिजाइन में हो या सर्जरी की तकनीक में हो। वह जोड़ प्रत्यारोपण सबवॉस्टस तकनीक से करते है।

### नहीं काटनी पड़तीं मांसपेशियां

इस तकनीक में जोड़ प्रत्यारोपण करते समय घुटने की मांसपेशियों को काटा नहीं जाता है बल्कि घुटने की मांसपेशियों को एक तरफ कर दिया जाता है जिससे मांसपेशियों नहीं कटती है और न ही खून बहता है और दर्द भी बहुत कम होता है। इस तकनीक से मरीज की मांसपेशियों की ताकत भी बराबर रहती है जिससे वह सर्जरी के बाद से ही बिना सहारे के चलने में सक्षम रहता है। नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जयपुर में 3डी और एआई तकनीक से सर्जरी करना शुरू कर दिया है जिसमें मरीज को बहुत छोटा चीरा लगाया जाता है, जिसके बाद मरीज की रिकवरी बहुत जल्दी और आसानी से हो जाती है।

### तकनीक हो रही एडवांस

हम नारायणा में होने वाली प्रोसिजर एवं सर्जरी में उपयोग की जाने वाली तकनीकों को लगातार एडवांस कर रहे है, ताकि हम हमारे मरीजों को विश्वस्तरीय सेवाऐं दे सके, जो उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जीने में सहायक बने।

*बलविंदर सिंह वालिया, फैसिलिटी डायरेक्टर नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर*

# कैट ने मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद का किया आह्वान






महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देशभर के व्यापारियों और नागरिकों से आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन ने व्यापारियों से भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और उपभोक्ताओं से देशी वस्तुओं तथा स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने की अपील की है। इसका मकसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं मेड इन इंडिया विजन को मजबूती देना है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस अभियान से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और संप्रभुता को मजबूती मिलेगी। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को देश के कोने-कोने में सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर भारतीय को एकजुट होकर भारतीय वस्तुओं और व्यवसायों का समर्थन करना चाहिए। इस मुहिम में 9 करोड़ से ज्यादा व्यापारी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

खंडेलवाल ने एक मजबूत आर्थिक नींव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद आज की सबसे बड़ी जरूरत है। हर भारतीय को एकजुट होकर भारतीय वस्तुओं और व्यवसायों का समर्थन करना चाहिए। यह केवल व्यापार का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, आर्थिक मजबूती और रणनीतिक आत्मनिर्भरता से जुड़ा मुद्दा है। इस राह पर सभी को साथ लेकर चलना होगा। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि विदेशी फंडिंग वाली ई-कॉमर्स कंपनियां तथा क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म ब्रांड्स के साथ मिलकर भारतीय बाजार में विदेशी और नकली उत्पादों की भरमार कर रही हैं, जिससे देश का खुदरा व्यापार ढांचा बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कैट लंबे समय से घरेलू उद्यमिता के पक्ष में खड़ा रहा है और विदेशी–विशेष रूप से चीनी–उत्पादों पर निर्भरता को कम करने की निरंतर वकालत करता रहा है। वर्षों से संगठन ने देशव्यापी अभियानों का नेतृत्व किया है, जिनमें चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान प्रमुख रहा है और जिसका असर पूरे देश में देखने को मिला है।

वर्तमान टैरिफ युद्ध में चीन अपना सामान भारत में थोपने की कोशिश कर रहा है लेकिन भारत के व्यापारी एवं लघु उद्योग चीन के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि देशभर में फैले 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों के व्यापक नेटवर्क के साथ कैट जन जागरुकता अभियानों, संपर्क कार्यक्रमों और जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी के जरिए आत्मनिर्भर, टिकाऊ और राष्ट्रीय हितों पर आधारित एक नए आर्थिक ढांचे के निर्माण के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## बाजार से हुआ 1.5 लाख करोड़ का आउटफ्लो

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से निकाले 31575 करोड़ रुपए

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया के तमाम देशों में लगाए गए टैरिफ से ग्लोबल मार्केट में खलबली मची हुई है। इसी के चलते विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से इस महीने अब तक (1 अप्रेल से 11 अप्रेल के बीच) 31,575 करोड़ रुपए निकाल लिए हैं।

डिपॉजिटरीज के आंकड़ों के अनुसार, 21 मार्च से 28 मार्च के बीच छह कारोबारी सेशन में एफपीआई ने 30,927 करोड़ रुपए भारतीय शेयरों में निवेश किए। इस वजह से मार्च में हुई कुल निकासी घटकर 3,973 करोड़ रुपए रह गई, लेकिन यह स्थिति ज्यादा लंबे समय तक नहीं टिकी और बाजार में बिकवाली का दौर फिर से शुरू हो गया।

जनवरी में विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से 78,027 करोड़ रुपए और फरवरी में 34,574 करोड़ रुपए निकाले थे। इनके मुकाबले अप्रेल में यह आंकड़ा बहुत कम है। इससे निवेशकों की भावना के धीरे-धीरे स्थिर होने के संकेत मिलते हैं।

इसी के साथ साल 2025 में अब तक शेयर बाजार से करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए का आउटफ्लो हो चुका है। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इंवेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ के चलते ग्लोबल शेयर मार्केट में उथल-पुथल एफपीआई निवेश को भी प्रभावित कर रही है। उनका ऐसा मानना है कि शेयर बाजार में एफपीआई की रणनीति का पैटर्न तभी स्पष्ट तरीके से उभरकर आएगा, जब ग्लोबल मार्केट में मची यह उथल-पुथल शांत हो जाएगी।

### लौट सकते हैं विदेशी निवेशक

उन्होंने आगे कहा, 'मीडियम टर्म में विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों में निवेश बढ़ा सकते हैं क्योंकि अमेरिका और चीन दोनों ही अपने बीच छिड़ी ट्रेड वॉर के चलते धीरे-धीरे मंदी की ओर बढ़ रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी 6 परसेंट की दर से ग्रो कर सकता है। वित्त वर्ष 26 में आय में वृद्धि होने का भी अनुमान है। ऐसे में बाजार में उथल-पुथल शांत होने के बाद भारत में एफपीआई निवेश कर सकते हैं।'

## फिर भरने वाला है सरकार का खजाना!

# आरबीआई जारी कर सकती है 2.5 लाख करोड़ रुपए डिविडेंड

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।।** सरकार को रिजर्व बैंक से बड़ी रकम मिलने वाली है। जानकारों का कहना है कि वित्त वर्ष 25 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सरकार को जो सरप्लस (अतिरिक्त) पैसा ट्रांसफर करेगा, वो आसानी से 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकता है।

पिछले साल आरबीआई ने जितना बड़ा डिविडेंड (मुनाफे का हिस्सा) दिया था, ये उससे भी लगभग पांचवां हिस्सा ज्यादा होगा। जब रिजर्व बैंक को मुनाफा होता है तो वह उसका कुछ हिस्सा सरकार को देता है। यानी रिजर्व बैंक के ज्यादा मुनाफे की वजह से सरकार को फायदा होगा। जानकारों का मानना है कि ये रकम सरकार के एफवाई 26 के बजट अनुमान से भी ज्यादा हो सकती है। इससे सरकार को ज्यादा कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उम्मीद है कि इस साल राज्यों के विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। रिजर्व बैंक सरकार के कर्ज का हिसाब-किताब रखता है। यह मई के आखिर में सरकार को बताएगा कि वो वित्त वर्ष 25 के लिए कितना सरप्लस पैसा ट्रांसफर करेगा। पिछले साल रिजर्व बैंक ने 2.1 लाख करोड़ रुपए दिए थे।

**डॉलर की खूब बिक्री :** अर्थशास्त्रियों का मानना है कि रिजर्व बैंक ने रुपए की कीमत को बचाने के लिए डॉलर की खूब बिक्री की है। साथ ही आरबीआई ने बैंकों को जो पैसा दिया, उससे भी उसे ब्याज मिला है। इन वजहों से आरबीआई इस बार सरकार को ज्यादा पैसा दे सकता है। एक विदेशी बैंक समूह का तो ये भी मानना है कि ये रकम 3.5 लाख करोड़ रुपए तक हो सकती है।




### क्या होगा इस रकम का

यह पैसा सरकार को अपना वित्तीय घाटा कम करने में मदद कर सकता है। वित्तीय घाटा मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर। इसके अलावा, सरकार के खर्च करने से बैंकों के पास भी ज्यादा पैसा आएगा। सरकार ने अपने बजट में 2.2 लाख करोड़ रुपए के डिविडेंड का अनुमान लगाया था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा का कहना है कि इस डिविडेंड से सरकार को अपना वित्तीय घाटा ठीक करने में मदद मिलेगी। खासकर तब, जब अर्थव्यवस्था में सुस्ती की वजह से टैक्स कलेक्शन कम हुआ है। इसके अलावा यह बॉन्ड मार्केट के लिए भी अच्छा होगा। इससे बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज कम होगा, खासकर कम समय वाले बॉन्ड का। एमके का अनुमान है कि डिविडेंड 2.8 से 3 लाख करोड़ रुपए के बीच हो सकता है। क्या आपको लगता है कि रिजर्व बैंक का मुनाफा सरकार के वित्तीय घाटे को कम करने में मदद करेगा?

### ब्याज से जबरदस्त हुई आमदनी

एएनजेड बैंकिंग ग्रुप के अर्थशास्त्री धीरज निम ने कहा कि रिजर्व बैंक ने रुपए को सहारा देने और एक्सचेंज रेट को स्थिर रखने के लिए डॉलर की खूब बिक्री की। इसके अलावा, बैंकों के पास पैसे की कमी थी। इसलिए केंद्रीय बैंक ने उन्हें पैसा दिया, जिससे उसे ब्याज मिला। इसलिए वित्त वर्ष 25 के लिए डिविडेंड ज्यादा होने की संभावना है।



# रास अल खैमाह में जेएनयू के पहले अंतरराष्ट्रीय परिसर के संचालन की घोषणा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुबई में आयोजित वार्षिक जेएनयू पूर्व छात्र परिषद सम्मेलन में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने संयुक्त अरब अमीरात के रास अल खैमाह में जेएनयू के पहले अंतरराष्ट्रीय परिसर के संचालन की आधिकारिक घोषणा की। इस कार्यक्रम में जेएनयू रास अल खैमाह परिसर की कार्यकारी निदेशक ऐश्वर्या बख्शी, दुबई इमिग्रेशन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मोहम्मद अल बहरीनी, दुबई न्यायिक न्यायालय के सालेह अल अंसारी और अब्दुल्ला अल जाफली सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. बख्शी ने कहा कि हमारा ध्यान छात्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजार की जरूरतों के अनुरूप अकादमिक उत्कृष्टता और पेशेवर विशेषज्ञता से लैस करने पर है। रास अल खैमाह परिसर से स्नातक वैश्विक रोजगार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त का आनंद लेंगे। उन्होंने कहा कि जेएनयू ब्रांड उच्च शैक्षिक मानकों को दर्शाता है, पाठ्यक्रम नवाचार के माध्यम से तकनीकी प्रगति के लिए तेजी से अनुकूलन करता है।

नया परिसर व्यवसाय, प्रौद्योगिकी और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में क्षेत्र की मांग के अनुरूप स्नातक कार्यक्रमों की एक विविध श्रृंखला प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य मध्य पूर्व में छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है, जिससे जेएनयू की अकादमिक उत्कृष्टता की विरासत कई भारतीय प्रवासियों और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए घर के करीब आ सके। पूर्व छात्र सम्मेलन में 1,000 से अधिक जेएनयू पूर्व छात्रों ने भाग लिया, जो अब विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में सफल हो रहे हैं।

# एसबीआई और बीओआई ने भी एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कटौती का किया ऐलान

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा रेपो रेट में कटौती का असर अब नजर आने लगा है। इसकी वजह से जहां कुछ बैंकों ने कर्ज की दरों में कटौती करने का ऐलान किया है, तो कई बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और सेविंग अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज की दरों में भी कटौती कर दी है। अब एफडी पर ब्याज दरों में कटौती करने वाले बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नाम भी शामिल हो गया है। एफडीएफसी बैंक ने सेविंग अकाउंट पर भी ब्याज दर को 3 प्रतिशत से घटा कर 2.75 प्रतिशत कर दिया है।

बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट की कई स्कीमों पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कटौती कर दी है। इसके तहत 91 से 179 दिन वाली एफडी पर अब 4.50 प्रतिशत की जगह 4.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसी तरह 180 दिन से 1 साल से कम वाली एफडी पर मिलने वाली 6 प्रतिशत ब्याज दर को घटा कर 5.75 प्रतिशत कर दिया गया है।

इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट में कमी होने के बाद अपने ग्राहकों को डबल झटका दिया है। बैंक ने अपनी रेगुलर एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दर को तो घटाने का ऐलान किया ही है। बैंक ने अपनी स्पेशल एफडी स्कीम अमृत वृष्टि पर मिलने वाले ब्याज की दर में भी 0.20 प्रतिशत की कटौती कर दी है। अमृत वृष्टि एसबीआई की 444 दिन चलने वाली स्पेशल एफडी स्कीम है। इसमें अभी तक जमाकर्ताओं को 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाता था जबकि सीनियर सिटीजन को 7.75 प्रतिशत की दर से और 80 साल से अधिक आयु वाले जमाकर्ताओं को 7.85 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाता था। अब बैंक ने जो नया ऐलान किया है, उसके मुताबिक 15 अप्रेल से इस एफडी स्कीम के तहत सामान्य जमाकर्ताओं को 7.05 प्रतिशत, सीनियर सिटीजन को 7.55 प्रतिशत और 80 साल से अधिक आयु वाले सुपर सीनियर सिटीजन को 7.65 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा।

# मार्च में बढ़कर 4 फीसदी पहुंच सकती है रिटेल महंगाई, आज जारी होंगे आंकड़े

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** मार्च में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 3.8 फीसदी-4 फीसदी पर जा सकती है। इससे एक महीने पहले फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61 फीसदी पर आ गई थी। वहीं जनवरी 2025 में महंगाई 4.31 फीसदी थी। सांख्यिकी मंत्रालय कल यानी, मंगलवार 15 अप्रेल को महंगाई के आंकड़े जारी करेगा। सब्जियों की कीमतों में मिलाजुला रुख है, जबकि सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यानी, खाने-पीने की महंगाई स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन अन्य चीजों की महंगाई थोड़ी बढ़ सकती है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है।

फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61 फीसदी पर आ गई। खाने-पीने की महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.97 फीसदी से घटकर 3.75 फीसदी हो गई। ग्रामीण महंगाई 4.59 फीसदी से घटकर 3.79 फीसदी और शहरी 3.87 फीसदी से घटकर 3.32 फीसदी हो गई।

**महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है :** महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है।

### सीपीआई से तय होती है महंगाई

एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है।

## चतुर्थ वीजीयू रांका मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 का समापन

# आपराधिक न्यायशास्त्र की प्रयोगशाला में तराशे गए भविष्य के विधिवेत्ता

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित चतुर्थ वीजीयू रांका मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2025 का समापन समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 50 से अधिक प्रतिष्ठित विधि संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आपराधिक विधि से संबंधित एक जटिल मूट प्रॉब्लम पर अपने विधिक ज्ञान, अनुसंधान एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश प्रशांत कुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं को भावी विधिवेत्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए प्रतिभागियों से निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और समाजोन्मुख सोच को अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विधि के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ की अपेक्षा समाज हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. भारती, डीन, विधि संकाय, मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर ने कहा कि ऐसे मंच विधि विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, तार्किक क्षमता एवं व्यावसायिक अधिवक्ता कौशल के विकास में सहायक होते हैं। पूर्व न्यायाधीश जे.के.रांका.ने अपने अनुभव साझा करते हुए समस्त प्रतिभागियों एवं उपस्थित सभी विधि विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं हौसला बढ़ाया।

विधि विभाग के मूट कोर्ट समिति के कन्वीनर मृदुल रावत ने इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. एन.डी. माथुर ने प्रतियोगिता को विधि शिक्षा को व्यावहारिक स्वरूप देने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास बताया। प्रतियोगिता में विजेता टीम सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, नागपुर रही, जिसे 30,000 की पुरस्कार राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर की टीम उपविजेता रही, जिसे 15,000 की राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## शेयर बाजार में गिरावट का असर, 2.6 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

# अडानी, अंबानी ने चुकाई ट्रंप के 'टैरिफ वार' की बड़ी कीमत

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** ट्रम्प टैरिफ पहले एफपीआई की निकासी और फिर डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार की वजह से देश के अमीरो उद्योगपतियों की संपत्ति इस साल 2.6 लाख करोड़ रुपए घट गई। इसमें बड़ी गिरावट ट्रंप के टैरिफ प्लान के ऐलान के बाद देखने को मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पिछले दिनों दुनिया भर के कई देशों पर टैरिफ लगा दिया था। इसके बाद भारत सहित अन्य देशों के स्टॉक मार्केट की कमर ही टूट गई। शेयर बाजार में गिरावट की वजह से मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, शिव नडार, सावित्री जिंदल, दिलीप सांघवी, अजीम प्रेमी जी नेटवर्थ घट गई। भारत के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी कुल नेटवर्थ इस साल 3.42 बिलियन डॉलर घट चुकी है। बता दें, फिलहाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाले टैरिफ को रोक दिया है।

**अंबानी टॉप-10 की लिस्ट से बाहर :** रिपोर्ट के अनुसार नेटवर्थ में भारी गिरावट की वजह से मुकेश अंबानी दुनियाभर के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट से बाहर हो चुके हैं। उनकी नेटवर्थ घटकर 87.2 बिलियन डॉलर हो गई है। वो अब 17वें पायदान पर आ चुके हैं। वहीं, गौतम अडानी की नेटवर्थ में इस साल 6.05 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। अडानी ग्रुप की चर्चित कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 2025 में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है।

| नाम | 2025 में नेटवर्थ में कितनी आई गिरावट |
|---|---|
| मुकेश अंबानी | 3.42 अरब डॉलर |
| गौमत अडानी | 6.05 अरब डॉलर |
| सावित्री जिंदल | 2.4 अरब डॉलर |
| शिव नडार | 10.5 अरब डॉलर |
| दिलीप सांघवी | 3.34 अरब डॉलर |

**सावित्री जिंदल को भी हुआ नुकसान:** भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल के कुल संपत्ति में 2.4 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। वहीं, एचसीएल टेक्नोलॉजी के संस्थापक शिव नडार के 10.5 अरब डॉलर डूब गए हैं। गौरतलब है कि 2025 में भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है।

सेंसेक्स और निफ्टी इस साल अबतक 4.5 प्रतिशत टूट चुके हैं। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप इंडेक्स और मिड कैप इंडेक्स क्रमशः 17 और 14 प्रतिशत टूट चुके हैं। इनके अलावा दिग्गज फार्मा कंपनी सन फार्मा के फाउंडर दिलीप सांघवी की संपत्ति में 3.34 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। इस साल सन फार्मा के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## टैरिफ के कारण लगातार बनी हुई है तेजी

# अक्षय तृतीया तक 1 लाख पार पहुंच सकते हैं सोने के भाव

महानगर संवादाता

**नई दिल्ली।** लगातार नई ऊंचाई छू रहा सोना इस साल अक्षय तृतीया तक एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच सकता है। इस समय यह 96,000 रुपए से ऊपर है। पिछले साल अक्षय तृतीया से लेकर अब तक सोने की कीमत में 32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।


विश्लेषकों का कहना है कि इस साल की शुरुआत से ही सोने में तेजी लगातार बनी हुई है। हर तीसरे दिन इसने नई ऊंचाई छुआ है। अब यह एक लाख रुपए का स्तर छूने की ओर बढ़ रहा है। मौजूदा वैश्विक हालात में यह किसी भी दिन इस मनोवैज्ञानिक स्तर को छू सकता है। शु वार को सोने की कीमतों में 6,250 रुपए की बड़ी तेजी देखने को मिली थी, जिससे यह पहली बार 96,000 रुपए को पार कर गया। दरअसल, कई देशों के बीच तनाव और अमेरिकी टैरिफ के कारण सुरक्षित मानी जाने वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमतों में इस साल जबरदस्त तेजी दिखी है। सोना इस साल अब तक 22 फीसदी या 17,000 रुपए महंगा हो गया है। विश्लेषकों का कहना है कि अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

# देश की विरासत नष्ट कर रही भाजपा के खिलाफ मजबूत संघर्ष की जरूरत : गहलोत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी पर हिन्दुस्तान की पुरानी विरासत को नष्ट कर भाजपा और संघ की विरासत को ही देश की विरासत बनाने का आरोप लगाते हुए महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के सदस्यों से इस षड्यंत्र के खिलाफ मजबूत से संघर्ष करने का आह्वान किया है।

गहलोत ने यहां समिति के सदस्यों से हुई मुलाकात में कहा कि आपके योगदान से गांधी की विचारधारा और भारत की पुरानी विरासत वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचे और समर्पित युवाओं की पहचान कर उन्हें इस विरासत को बचाने से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विरासत खत्म करना यानी गोपाल कृष्ण



गोखले और बाल गंगाधर तिलक सहित तमाम पुराने नेताओं की पहचान और उनकी सीख-सिद्धांतों को खत्म करना है।

गहलोत ने कहा कि देश आज खतरनाक मोड़ पर खड़ा है। वह किधर जा रहा है और किधर जाएगा, किसी को नहीं पता? गहलोत ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी सोशल साइंस इंस्टीट्यूट, गांधी म्यूजियम और अहिंसा और शान्ति विभाग बनाया। उसी दौर में समिति से जुड़े लोगों ने जो मेहनत की, उस पर मुझे गर्व है और आपके संकल्प पर मुझे विश्वास है। अब आप बिखरे लोगों को सहेजने की कोशिश करें और जनता से संवाद को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि, देश का वर्तमान नेतृत्व संवाद के सभी रास्तों को बंद कर रहा है। यहां तक कि नई संसद में सेंट्रल हॉल तक नहीं है। गहलोत ने कहा कि देश को एक और अखण्ड रखने में कांग्रेस और कांग्रेस विचारधारा की बड़ी जरूरत है।

इससे पहले दिन में नायला में गांधी जीवन दर्शन समिति के प्रदेश भर से आए जिला संयोजकों की बैठक हुई। इसे संबोधित करते हुए गांधी पीस फाउंडेशन दिल्ली के चेयरमैन कुमार प्रशांत ने बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन को दलित की जीवन कहानी बताते हुए संकल्प करने पर जोर दिया कि हम अपने जीवन में किसी का कोई अपमान नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई आए-जाए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दृढ़ विचारों वाले व्यक्ति अपनी जगह मजबूती से डटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत सामान्य बात है, लेकिन आज इसे भी बदलने की कोशिश हो रही है। यह षड्यंत्र हो रहा है कि अब हार-जीत हो ही नहीं। इसके लिए रोज-रोज ऐसे ही बदलाव हो रहे हैं। संविधान, उसकी धाराएं बदली जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि 75 साल में ऐसी जरूरत नहीं हुई कि सुप्रीम कोर्ट यह बताए कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को क्या और कैसे करना है? चुनाव आयोग कैसे गठित होगा, यह भी उसने बताया, पर सरकार ने वह बदल दिया। चयन समिति में से चीफ जस्टिस को बाहर कर दिया। अब अंपायर भी एक टीम की जीत के लिए खेलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग बाबा साहेब के संविधान और देश के झंडे तथा राष्ट्रगान को भी नहीं मानते। वे अपना झंडा और अपना गान चला रहे हैं। लोकतंत्र में जरूरी विपक्ष को भी ये भी खत्म करने पर तुले हैं।

उन्होंने कहा कि, भले आज गांधी नहीं हैं, लेकिन उनके विचार आज भी प्रेरणास्पद हैं। उन्हें समझने, सक्रिय रहने और दृढ़ता से दिल में उतार कर आजमाने की आवश्यकता है।

राज्य के पूर्व महाधिवक्ता एस. बापना ने समिति के क्रियाकलापों का साल भर का कैलेंडर बनाने की कोशिश करने की बात कहते हुए कहा कि यह हमारी गुड विल है कि लोग अब भी हमारे पास मदद लेने आते हैं। पूर्व विधायक गोपाल मीणा ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सूत्रों को जीवन में उतारने और गांव के स्तर तक समिति बनाने पर जोर दिया। गांधीवादी धर्मवीर कटेवा ने देश की एकता, अखण्डता और भाईचारे की बात कही।

**फाइनेंस**
डिफाल्टर, ब्लैकलिस्टेड, नेगेटिव मुस्लिम एरिया, निगम, JDA, पंचायत, अनअप्रूव्ड, सोसाइटी पट्टे, मकान बनायें, खरीदे, मॉर्गेज लोन, महेंद्र देवड़ा सोडाला 7792930003

**कार्यालय ग्राम पंचायत दोसरा पं. स. माधोराजपुरा (जयपुर)**
क्र./ग्रा.पं.दो/52 दिनांक: 07.04.2025
ई-निविदा सू सं. 07/2024-25
कार्यकारी एजेन्सी ग्राम पंचायत दोसरा पं.स. माधोराजपुर में वित्तीय वर्ष 2004-25 में संस्कृत शिक्षा विभाग से स्वीकृत राज. प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय दोसरा खुर्द में 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण कार्य को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के संशोधित नियम 181(1) के अन्तर्गत उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 व नियम 2013 के प्रावधानों के तहत GST अधिनियम एवं राजकीय विभाग में पंजीकृत फर्मो/संवेदको से ऑनलाईन ई-निविदा 07-04.25 से 17-04-2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी के लिए www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।
NIB No. ZJP2526A0058
सरपंच, ग्राम पंचायत दोसरा, पं. स. माधोराजपुरा

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर (मसं)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्नल राठौड़ ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती देते हैं। उनका जीवन संघर्ष और समर्पण से भरा रहा, जिससे हम सभी को सीख लेनी चाहिए।

## देश में सुख-समृद्धि की कामना से लगाई गोवर्धन महाराज की परिक्रमा

**जयपुर (मसं)।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन, जोन 5, सांगानेर के कार्यकर्ताओं ने देश में सुख-समृद्धि की कामना को लेकर गोवर्धन



महाराज की परिक्रमा लगाई। फाउंडेशन सांगानेर के प्रभारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि परिक्रमा के लिए शनिवार को कार्यकर्ताओं की टोली जयपुर से रवाना हुई। वहां गिर्राज महाराज की पूजा-अर्चना कर देश में सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद परिक्रमा लगाई गई। इस दौरान फाउंडेशन के सहसंयोजक पुरुषोत्तम शर्मा व अन्य पदाधिकारी अवधेश कुमावत, हरीश चतुर्वेदी, खेमेंद्र सिंघल, यादवेंद्र, गौरव सिंहल, प्रोफेसर सुनील पाठक, मनोज शर्मा, महिला टीम से राधा, सुनीता शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन : जिलेभर में आयोजित हुए शिविरों में आमजन हुए लाभान्वित

**जयपुर (मसं)।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत सोमवार को



जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि इस दौरान रोगियों की हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग कर निशुल्क उपचार किया गया। शिविरों में नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया। आवश्यक दवाइयां और जांचें निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। जरूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी गईं। साथ ही आयुष्मान आरोग्य शिविरों में योग सत्रों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना यानी मां योजना में पंजीकरण किया गया।

## राकेश गोदिका 'रक्त वीर' की उपाधि से अलंकृत

**जयपुर (मसं)।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संस्थापक अध्यक्ष युवा



समाजसेवी राकेश गोदिका को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर द्वारा उनकी सेवाओं के लिए 'रक्त वीर' की उपाधि से अलंकृत किया गया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेन्द पांड्या, यश कमल अजमेरा, वरिष्ठ संपादक शैलेंद्र गोधा ने रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, महासचिव निर्मल संघी, मनोनीत अध्यक्ष सुनील बज, महासचिव नीरज जैन, कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन सोनी के सानिध्य में राकेश गोदिका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सन्मति ग्रुप अध्यक्ष मनीष लोग्या, सचिव राजेश पाटनी, मुख्य समन्वयक दर्शन बाकलीवाल, समन्वयक राकेश छाबड़ा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई



**जयपुर (मसं)।** झोटवाड़ा मंडल, पीतावास में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला देहात प्रभारी सुनील भामू, मंडल संयोजक कैलाश चावला, सहसंयोजक भानु प्रताप सिंह व मनफूली देवी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष झोटवाड़ा पूर्व रामफूल यादव ने की। रामफूल यादव ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला और कई प्रेरक प्रसंग सुनाए। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. ग्यारसी लाल सरावता, लक्ष्मीनारायण तोड़ावता, श्याम सिंह सोलंकी, दुष्यंत सिंह, सुजीत कुमार, कैलाश रैगर, गिर्राज जोशी, गणेश दत्त बंधु, रमेश यादव, इंजीनियर कप्तान सिंह, महेंद्र सरावता, महिला मोर्चा से अनीता राठौड़, किशन कंवर, अंतिम राठौड़, निधि जी आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## मोनिका शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंतराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ भारत के होली स्नेह मिलन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जोशी (थोई) एवं कोर कमेटी सदस्य दिनेश पराशर



तथा प्रदेश उपाध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा (कुंडल) की अनुशंसा से मोनिका शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा को अंतराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ भारत जिला उपाध्यक्ष जयपुर का पदभार ग्रहण करवाया गया। जिसकी उद्घोषणा राष्ट्रीय सचिव मुख्य कार्यकारिणी एवं ट्रस्टी श्वेता योगेश उपाध्याय की ओर की गई। होली स्नेह मिलन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक सुभाष जोशी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जोशी, कोर कमेटी सदस्य दिनेश पाराशर ने गोपाल लाल शर्मा को सम्मानित किया।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह : अग्निशमन सेवा दिवस पर चलाया जन-जागरूकता अभियान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की अग्निशमन शाखा द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 से 20 अप्रेल) के उपलक्ष्य में सोमवार को वीकेआई फायर स्टेशन पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर 14 अप्रेल को अग्निशमन सेवा दिवस भी मनाया गया। गौरतलब है कि 1944 में इसी दिन मुंबई में हुए भीषण अग्निकांड के दौरान शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस सप्ताह के दौरान व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को आग से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है। उनके निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर रैलियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर फायर चेयरमैन पारस जैन भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी अग्निशमन कर्मियों का उत्साहवर्धन किया और उनके कार्यों की सराहना की। जैन ने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में अग्निशमन सेवाओं को और अधिक आधुनिक बनाया जाएगा तथा नई सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे आपात स्थितियों से निपटने की क्षमता और सुदृढ़ हो सके।




### प्राथमिक बचाव कार्यों के बारे में दी जा रही जानकारी

मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतम लाल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आमजन को आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक बचाव कार्यों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस उद्देश्य से एक पंपलेट भी जारी किया गया है, जिसमें बचाव के उपायों के साथ-साथ सभी अग्निशमन केंद्रों के संपर्क नंबर भी शामिल हैं। कार्यक्रम के तहत सोमवार को एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें लोगों को फायर सेफ्टी के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

## अंबेडकर जयंती पर निकाली विशाल वाहन रैली



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया (आठवले) राजस्थान के तत्वावधान में चौगान स्टेडियम से अम्बेडकर सर्किल तक विशाल वाहन रैली निकाली गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राधा मोहन सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राधा मोहन सैनी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मुकेश लखन ने बाबा साहेब की प्रतिमा को 21 किलो की माला पहनाकर पुष्पांजलि दी। रैली में पार्टी के पदाधिकारी संजीव गौड, अक्षय सैनी, सुरेन्द्र सिंह, हेमन्त वर्मा, संजय, ललिता वाल्मीकि, नरेश महता, कमला जायसवाल, अरविंद योगी आदि उपस्थित रहे।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा. जोन-9/2025/-डी- दिनांक: 10.04.2025
सार्वजनिक विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विकास सिंह पुत्र श्री विजय नारायण सिंह द्वारा निजी खातेदारी योजना उदय एनक्लेव जिरोता के भूखण्ड संख्या ए-143 क्षेत्रफल 138.89 व.ग. का नाम हस्तान्तरण करने हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 213694 दिनांक 18.03.2025 द्वारा निवेदन किया गया है। निजी खातेदारी योजना उदय एनक्लेव जिरोता के भूखण्ड संख्या ए-143 क्षेत्रफल 138.89 व.ग. की लीज डीड दिनांक 18.06.2012 को श्रीमती शशी कुमार पत्नी श्री गुलशन दत्त कुमार के पक्ष में जारी की गई। श्रीमती शशी कुमार द्वारा श्रीमती शचि जैन पत्नी श्री राजीव जैन को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17.08.2012 के द्वारा बेचान किया गया है। श्रीमती शचि जैन द्वारा श्री विकास सिंह पुत्र श्री विजय नारायण को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 27.03.2021 के द्वारा बेचान किया गया है। इत्यादि अपलोड किये गये है। उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त जोन-9, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**बेदखली आम सूचना**
मेरे अभिभाष्यगण श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा व उनके पुत्र अनूप शर्मा निवासी डी-197, जगदीश मार्ग, बनीपार्क, जयपुर, राजस्थान-302016 ने अपने पौत्र व पुत्र सिद्धांत शर्मा को उनके कहे में न रहने एवं गलत व गैर जिम्मेदाराना व्यवहार/गतिविधियों में सम्मिलित रहने के कारण अपने परिवार सहित सभी प्रकार के रिश्ते नाते खत्म कर अपनी सभी चल/अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। सिद्धांत शर्मा के किसी भी कार्य व्यवहार, लेन-देन अथवा पुलिस प्रशासन या राज्य के प्रति गैर कानूनी कार्य या अन्य किसी कृत्य के लिए मेरे अभिभाष्यगण या उनके परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सनद रहे।
राज कृष्णियां, एडवोकेट
राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर।
मो.नं. 94611-66666

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को सुनाई खरी-खरी, बोले-गाड़ियों पर नेम प्लेट लगाने से काम नहीं चलेगा...

# 'पद पर रहना है तो फील्ड में खुद को झोंको: डोटासरा'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के मौके पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी आमंत्रित थे, लेकिन अपेक्षित संख्या नहीं होने से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि गाड़ी के आगे बड़ी -बड़ी नेमप्लेट लगवाने से, आधे घंटे मीटिंग में आने से काम नहीं चलेगा। आगामी एक माह तक अंबेडकर जयंती से लेकर एक माह तक संविधान बचाओ अभियान चलेगा, उसमें सभी का मूल्यांकन हो जाएगा। भाजपा के खिलाफ क्यों नहीं बोलते हो। उनके खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे, तो वहां पर देखा जाएगा कि पार्टी के काम को लेकर किसमें कितनी गंभीरता है। उसे ही आगे रखा जाएगा।



गौरतलब है कि पार्टी के भीतर कांग्रेस के पदाधिकारी शिकायत कर रहे थे कि पार्टी के कार्यक्रम में पद लेने वाले नेता आते ही नहीं, अगर आते हैं तो आधे घंटे के लिए महज रस्म अदायगी करने आते हैं। इसी को लेकर डोटासरा ने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला, ब्लॉक और प्रदेश लेवल पर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। जो पदाधिकारी लगातार 3 महीने तक बिना कारण बताए बैठक में नहीं आएंगे, वे स्वतः ही पदमुक्त हो जाएंगे।

डोटासरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ, तो सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। अगर किसी ने अपराध किया है, चाहे वो हमारी पार्टी का ही क्यों न हो, उसे गिरफ्तार कीजिए, लेकिन राजनीतिक दुर्भावना से किसी को परेशान किया, तो हम कार्यकर्ता के साथ खड़े रहेंगे, भाजपा सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे।

### डोटासरा का बयान कांग्रेस की निराशा और अंतर्कलह का संकेतः पटेल

**जयपुर।** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के हालिया बयान को कांग्रेस की हताशा, निराशा और आंतरिक कलह का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि



कांग्रेस अधिवेशन में डोटासरा को नजरअंदाज किए जाने और सचिन पायलट के बढ़ते कद से डोटासरा राजनीतिक जमीन खोते नजर आ रहे हैं, इसलिए वे सुर्खियों में बने रहने के लिए तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। पटेल ने साफ किया कि विशेषाधिकार कानून को लेकर डोटासरा की जानकारी अधूरी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में समान विकास कार्य करवा रहे हैं। ऐसे में विशेषाधिकार हनन का कोई प्रश्न नहीं उठता। पटेल ने कहा कि पंचायतों और नगरपालिकाओं का पुनर्गठन पूरी तरह से प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया है, जिसमें जनप्रतिनिधि सिर्फ सुझाव दे सकते हैं। निर्णय प्रशासनिक इकाइयां लेती हैं और आपत्तियों की सुनवाई भी निर्धारित प्रक्रियाओं के जरिए होती है। उन्होंने डोटासरा द्वारा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर लगाए गए आरोपों को भी गलत और बेबुनियाद बताया।

**आम सूचना**
यह कि श्री लक्ष्मी नारायण पुत्र श्री मांगी लाल द्वारा प्लॉट नं. 23, रतन नगर, ढेहर का बालाजी, चौमू रोड, जयपुर, क्षेत्रफल 122.22 वर्गगज का उपहार पत्र दिनांक 14.08.2013 को श्री कैलाश चन्द शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा के हक में किया गया। श्री कैलाश चन्द शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 06.10.2020 को व इनकी पत्नी श्रीमती गीता शर्मा का दिनांक 06.09.2024 को हो गया। तत्पश्चात् इनके विधिक उत्तराधिकारियों में से श्रीमती निधि जाँगिड़, श्री सचेन्द्र शर्मा ने स्टिल्ट फ्लोर यूनिट, क्षेत्रफल 500 वर्गफीट अपने हिस्से का हकत्याग श्री राकेश कुमार शर्मा के हक में दिनांक 24.11.2024 को जरिये पंजीकृत हकत्याग पत्र कर दिया। श्री राकेश कुमार शर्मा द्वारा उक्त स्टिल्ट फ्लोर यूनिट, क्षेत्रफल 500 वर्गफीट का विक्रय श्रीमती ममता जाँगिड़ पत्नी श्री कमलेश जाँगिड़ को दिनांक 24.01.2025 को कर दिया। श्रीमती ममता जाँगिड़ पत्नी श्री कमलेश जाँगिड़ ने DMI Housing Finance Private Limited से गृह ऋण हेतु आवेदन किया है। यदि स्व. श्री कैलाश चन्द शर्मा के विधिक उत्तराधिकारियों व उक्त अचल सम्पत्ति के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिन में पेश करें। बाद मियाद आपत्ति अमान्य होगी। आर. बी. पार्टनर्स, एडवोकेट, ए-19, वैशाली मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर- 09928214445

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांकः जविप्रा/उपा जोन-9/2025/डी-1284 दिनांक 08-04-2025
क्रमांकः जविप्रा/उपा जोन-9/2025/डी-1324 दिनांक 10-04-2025
क्रमांकः जविप्रा/उपा जोन-9/2025/डी-1326 दिनांक 10-04-2025
सार्वजनिक विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शैफाली मीना पत्नी श्री राजेश कुमार मीना द्वारा निजी खातेदारी योजना सुमन एनक्लेव आई ब्लॉक की शॉप नम्बर 1 क्षेत्रफल 6 व.मी., शॉप नम्बर 2 क्षेत्रफल 6 व.मी., शॉप नम्बर 3 क्षेत्रफल 6 व.मी. का नाम हस्तांतरण करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पंजीयन संख्या 150086,150089,150090 दिनांक 14.03.2024 द्वारा निवेदन किया गया है। आवेदित दुकान की लीजडीड श्री रामूलाल मीना पुत्र श्री मूलचन्द मीना के पक्ष में दिनांक 04.02.2021 को जारी की गई है। श्री रामूलाल मीना द्वारा श्रीमती शैफाली मीना को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.08.2023 को किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि आवेदिक द्वारा जारी लीजडीड जो श्री रामूलाल मीना पुत्र श्री मूलचन्द मीना के पक्ष में दिनांक 04.02.2021 को जारी की गई। वह उप पंजीयक, जयपुर प्रथम के यहां से प्राप्त प्रमाणित इत्यादि अपलोड किये गये हैं। उक्त भूखंडों के स्वामित्व के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त, जोन-9 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

## उमेश वर्मा अध्यक्ष, इरफान जुबैरी आगामी अध्यक्ष निर्वाचित

**जयपुर (मसं)।** इंडियन सोसाइटी आफ हीटिंग रेफरीजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजिनियर्स जयपुर चैप्टर के 18वें वर्ष की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शहर के एक पॉच सितारा होटल में आयोजित हुआ। समारोह में उमेश वर्मा अध्यक्ष एवं इरफान जुबैरी को आगामी अध्यक्ष चुना गया। चंडीगढ़ से रीजनल डायरेक्टर नॉर्थ-2 प्रोफेसर एस.आर. धनासेकरन ने शपथ दिलाई। कार्यकारिणी में युवराज फर्नान्डिस सेक्रेटरी एवं डॉक्टर हरि कुमार सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। साथ ही 28 अन्य सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की। ईशरे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंता कुमार दास ने बताया कि इस वर्ष सोसाइटी की थीम 'ग्रीन' है जिसके तहत पूरे विश्व में डीकार्बनाईजेशन व स्किल डेवलपमेंट पर काम किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन आशू गुप्ता ने टीम का ओरियन्टेशन किया। इस अवसर पर इशरे जयपुर के सभी पूर्व अध्यक्षों ने भाग लिया।



**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा. जोन-8/2025/-डी-83 दिनांक: 08.04.2025
विज्ञप्ति
आवेदक श्री गोपी कृष्ण तोदी पुत्र श्री रामेश्वर लाल द्वारा निजी खातेदारी की आवासीय योजना नारायण विहार पी-ब्लाक के आवासीय भूखण्ड संख्या 264 क्षेत्रफल 179.16 व.ग. का फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। खातेदार द्वारा जारी पजेशन लेटर दिनांक 31.01.2005 को श्री जी.के. तोदी पुत्र श्री रामेश्वर लाल के नाम जारी किया गया था। विकासकर्ता द्वारा आवंटन पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र जी.के तोदी के नाम से जारी कि गई है। जबकि आवेदन गोपी कृष्ण के नाम से किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड/ नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-8, जविप्रा, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 7640/2025
विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी- 1. नाम अमृत मोहन पुत्र स्व. श्री आनन्द मोहन निवासी 57, गली न.2 गोपाल बाडी जयपुर
2. अभिनव मोहन पुत्र स्व. श्री आनन्द मोहन निवासी आर 501, मेफ्लावर टावर-7 आदर्श पाम रिट्रीट, बैंगलोर साउथ बैंगलोर विवाद स्थान.....
मृतक: आनन्द मोहन की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी दिनांक: 22/5/2025**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक नाम आनन्द मोहन पुत्र मोहन लाल जाति....निवासी 57, लेन नं.2, गोपाल बाडी, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22 माह 05 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 07 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीगण ने मृतक आनन्द मोहन के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित खाते में जमा राशी बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
2882
7.4.2025
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

# भीलवाड़ा जार के चुनाव में गर्ग अध्यक्ष, खान महासचिव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार भीलवाड़ा इकाई के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव संपन्न हुए। पत्रकार पंकज गर्ग को अध्यक्ष और दिलशाद खान को महासचिव तथा धीरज कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जार के जिला चुनाव प्रभारी शहजाद खान ने बताया कि जार के राज्य स्तरीय चुनाव संपन्न होने के बाद राजस्थान के प्रत्येक जिला स्तर पर चुनाव संपन्न कराने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। चुनाव के इसी क्रम में जार के सदस्यों की जनरल मीटिंग वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र ओरडिया की अध्यक्षता एवं अशोक जैन के मुख्य आतिथ्य में आहूत की गई जिसमें जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। अध्यक्ष गर्ग एवं महासचिव खान तथा कोषाध्यक्ष शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित जार के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र ओझा, प्रदेश सचिव प्रकाश चपलोत, कार्यकारिणी सदस्य संजय लड्ढा एवं चुनाव प्रभारी शहजाद खान की सहमति के बाद अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष मुरली मनोहर सेन, सचिव लोकेश तिवारी, संयुक्त सचिव ब्रजेश शर्मा के साथ कार्यकारिणी सदस्य में महेंद्र नागौरी, सुरेंद्र सागर (मांडल) दयाराम दिव्य (मंगरोप) गोविंद पायक को मनोनीत किया गया।

### आमसभा में लिए गए निर्णय

जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार की नवनिर्वाचित जिला इकाई एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव के तहत जार के कुशल संचालन एवं मार्गदर्शन के लिए पांच सदस्यों की एक सलाहकार समिति गठित की गई जिसमें वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र ओरडिया, शहजाद खान, अशोक जैन के अतिरिक्त कार्यकारिणी के अध्यक्ष पंकज गर्ग एवं महासचिव दिलशाद खान को सदस्य बनाया गया। भीलवाड़ा में राजस्थान का प्रदेश स्तरीय पत्रकार महाअधिवेशन आयोजित करने तथा जिले भर के पत्रकारों के लिए जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से सभी सुविधा युक्त पत्रकार कक्ष की स्थापना करवाने, भीलवाड़ा में आवासीय भूखंड से वंचित रहे पत्रकारों को भूखंड दिलवाने का प्रस्ताव पारित किया गया एवं जार की सदस्यता बढ़ाने के लिए ग्रामीण स्तर पर पत्रकारों को जोड़ने का प्रयास भी किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत श्योसिंहपुरा, पंचायत समिति झोटवाडा जयपुर**
क्रमांक: ग्रा.पं.श्योसिंहपुरा/निर्माण/निविदा/2025-26/09 दिनांक: 14.04.2025
**ई-निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 03-08 दिनांक 13.04.2025 द्वारा ग्राम पंचायत **श्योसिंहपुरा** में निर्माण कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं 2013 के नियम 16 के तहत एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी डी-श्रेणी या उच्च श्रेणी में रजिस्ट्रेशन संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनके NIB Code-PFG2526A0001 एवं NIB Code-PFG2526WSRC00001, PFG2526WSRC00002, PFG2526WSRC00003, PFG2526WSRC00004, PFG2526WSRC00005, PFG2526WSRC00006,निविदा सूचना की शर्तें वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in है।
प्रशासक
ग्राम पंचायत श्योसिंहपुरा
पं.स. झोटवाडा, जयपुर
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत श्योसिंहपुरा
पं.स. झोटवाडा, जयपुर

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# मेघना गुलजार की नई फिल्म का ऐलान



**बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन और करीना कपूर**

**बॉलीवुड** में एक नई जोड़ी दर्शकों के सामने आने को तैयार है। करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगे। 'राजी' और 'तालवर' जैसी यादगार फिल्में देने वाली मेघना अब जंगली पिक्चर्स के साथ तीसरी बार



फिल्म बनाने जा रही हैं। 'दायरा' एक क्राइम ड्रामा है। फिल्म के ऐलान के बाद फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है।

**करीना कपूर ने किया नई फिल्म का एलानः** करीना ने इस फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर बड़े उत्साह के साथ की। उन्होंने लिखा, 'मैं हमेशा निर्देशक के निर्देश पर काम करने वाली अभिनेत्री रही हूं। इस बार मेघना गुलजार जैसे शानदार निर्देशक के साथ काम करना मेरे लिए खास है। पृथ्वीराज के अभिनय की मैं कायल हूं। उनके साथ यह सफर और रोमांचक होगा। 'दायरा' मेरी ड्रीम टीम का प्रोजेक्ट है। आइए इसे खास बनाएं।'

**फिल्म से फैंस को काफी उम्मीदेंः** 'दायरा' की कहानी मेघना गुलजार, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। फिल्म अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन इसकी स्टारकास्ट और मेघना का नाम पहले ही इसे चर्चा में ला चुका है। करीना का बेबाक अंदाज और पृथ्वीराज की गंभीर अदाकारी इस फिल्म को खास बनाने का दम रखती है। मेघना की फिल्में हमेशा दिल को छूती हैं और फैंस को 'दायरा' से भी ऐसी ही उम्मीद है।

**'सिंघम अगेन' में दिखी थीं करीना कपूरः** वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर को पर्दे पर आखिरी बार सिंघम रिटर्न्स में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन समेत कई बड़े सितारे नजर आए थे। हालांकि, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी।

**मेघना की 'सैम बहादुर' ने दिखाया था कमालः** वहीं, मेघना गुलजार ने इससे पहले फिल्म सैम बहादुर बनाई थी। इस फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में थे। दर्शकों को विक्की की अदाकारी के साथ फिल्म भी काफी ज्यादा पसंद आई थी। टिकट खिड़की पर यह फिल्म सफल घोषित की गई थी।

# साउथ फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में तमन्ना

## हिंदी फिल्मों में भी निभाए अलग किरदार









**जल्द** ही तमन्ना भाटिया की एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'ओडेला 2' रिलीज होगी। इस सुपरनेचुरल थ्रिलर में वह एक शिक्त भक्त बनीं हैं, जो लोगों की मदद करती हैं। फिल्म में तमन्ना का लुक काफी चर्चा में बना हुआ है। तमन्ना दक्षिण भारत में जितनी मशहूर हैं, उतनी ही फेमस वह हिंदी फिल्मों में भी हैं। जानिए, अब तक तमन्ना ने किस तरह की हिंदी फिल्में की हैं।

**बबली बाउंसरः** साल 2022 में तमन्ना भाटिया ने हिंदी फिल्म 'बबली बाउंसर' की, इस फिल्म में एक महिला बाउंसर का किरदार निभाया। फिल्म में वह एक हरियाणवी लड़की के रोल में दिखीं, जो बाउंसर बनती है और लोगों की मदद करती है। इस फिल्म को मधुर भंडारकर ने निर्देशित किया था।

**एंटरटेनमेंटः** अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'एंटरटेनमेंट(2014)' में तमन्ना ने कॉमिक रोल किया। फिल्म में वह अक्षय के किरदार की प्रेमिका बनीं। अक्षय के साथ तमन्ना की जोड़ी पर्दे पर खूब जमी थी। इस फिल्म को साजिद-फरहाद ने निर्देशित किया था।

**हिम्मतवालाः** फिल्म 'हिम्मतवाला (2013)' में तमन्ना भाटिया ने कॉमिक रोल किया। फिल्म में अजय देवगन ने लीड रोल किया था। फिल्म को साजिद खान ने निर्देशित किया। यह फिल्म 1983 में रिलीज हुई जितेंद्र और श्रीदेवी की फिल्म 'हिम्मतवाला' का रीमेक थी।

**वेदाः** फिल्म 'वेदा (2024)' में तमन्ना ने जॉन अब्राहम के किरदार अभिमन्यु की पत्नी का रोल किया। फिल्म में तमन्ना का कैमियो रोल था, लेकिन यह किरदार फिल्म की कहानी में अहम भूमिका निभाता है। इस फिल्म को निखिल आडवाणी ने निर्देशित किया था।

**इन हिंदी फिल्मों में किए आइटम डांसः** हिंदी फिल्मों में अभिनय करने के साथ ही तमन्ना ने आइटम डांस भी किया है। वह पिछ्ले साल रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री 2' में आइटम डांस के कारण चर्चा में आईं, इस फिल्म में उनका छोटा सा रोल भी था। जल्द ही अजय देवगन की 'रेड 2' में वह एक आइटम डांस करती नजर आएंगी।

# राशी खन्ना ने अपने अगले किरदार की पहली झलक दिखाई



**पैन-इंडिया** स्टार राशी खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी तस्वीर साझा की, जिसने उनके अगले प्रोजेक्ट के लिए फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है। इस बार उनका लुक जितना सादा है, उतना ही आकर्षक भी। तस्वीर में वो अपनी वैनिटी वैन में शॉट का इंतजार करते हुए नजर आ रही हैं, नीले रंग की सिंपल कुर्ती में। हल्का मेकअप, नैचुरल चार्म और कैप्शन में लिखाः 'मेरे शॉट का इंतजार कर रहा हूं जैसे', जो उनके रिलैक्स और आत्मविश्वासी मूड को बखूबी दर्शाता है। राशी खन्ना को उनकी भाषाओं और किरदारों के बीच सहज ट्रांजिशन के लिए जाना जाता है। उनका यह नया लुक भी एक ऐसी भूमिका की ओर इशारा करता है, जो जमीन से जुड़ी, भावनात्मक रूप से गहरी और रियलिज्म से भरी हो सकती है। फिल्म की ज्यादा जानकारी भले ही सामने न आई हो, लेकिन उनके इस अवतार ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है। फैन्स ने उनके इस सिंपल और ग्रेसफुल लुक की जमकर तारीफ की है। थ्रिलर से लेकर इमोशनल ड्रामा तक, राशी ने हर बार खुद को नई चुनौती दी है और अपनी परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीता है। हाल ही में उन्हें ई एंड सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस के बाहर भी देखा गया, जिससे यह तय माना जा रहा है कि कई नए प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। अब देखना है कि उनकी अगली फिल्म में वो हमें किस नए रंग में दिखेंगी।

# छोटी-छोटी चीजों में खुशियां तलाशती हैं कृतिका

## छोटी-छोटी चीजें मायने रखती हैं







**अभिनेत्री** कृतिका कामरा खुद को यथार्थवादी मानती हैं। एक्ट्रेस के अनुसार वो छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढ लेती हैं। कृतिका की जिंदगी पर कोई फिल्म बने, तो उसका शीर्षक क्या होगा? इस सवाल पर उन्होंने एक बातचीत में कहा, 'थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है।' मुझे लगता है कि यह मेरी जिंदगी की कहानी है। मैं यथार्थवादी हूं और मेरे लिए खुशी छोटी-छोटी चीजों में है। मेरे पास जो कुछ भी है, मैं उसके लिए आभारी हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'जीवन एक यात्रा है और अब तक की मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है।'

कृतिका को शो 'कितनी मोहब्बत है' में आरोही शर्मा का किरदार निभाकर सुर्खियां मिलीं। इसके बाद उन्हें 'कुछ तो लोग कहेंगे', 'रिपोर्ट्स' और 'प्रेम या पहेली-चंद्रकांता' जैसे शो में देखा गया।

इसके अलावा, अभिनेत्री ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 7' में भी भाग लिया है और 'तांडव' और 'बंबई मेरी जान' जैसी श्रृंखलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 35 वर्षीय अभिनेत्री ने 2018 में रिलीज हुई 'मित्रों' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनके पास एक और प्रोजेक्ट है। वह प्रतीक गांधी के साथ 'फॉर योर आईज ओनली' में भी हैं।

इस बारे में बात करते हुए कि उन्हें कौन सा किरदार निभाना मुश्किल लगता है- खुद से बिल्कुल अलग किरदार या फिर खुद से मिलता-जुलता किरदार। इस पर कृतिका ने बताया, 'एक आदर्श किरदार वह होता है जिसमें ऐसे गुण और भावनाएं हों, जिससे आप कनेक्ट कर सकें, लेकिन उस किरदार का जीवन आपसे (एक्टर) बिल्कुल अलग हो। मैं ऐसे किरदारों की तलाश करती हूं, जो मुझे ऐसी परिस्थितियों की कल्पना करने के लिए मजबूर करें जिनमें मैं कभी नहीं रही।'

उन्होंने आगे कहा कि ऐसी चीजें जो मैंने कभी नहीं की या महसूस नहीं कीं, लेकिन उस स्थिति में होना तभी संभव है जब आपकी उस चरित्र से कुछ समानता हो और सभी अच्छे से लिखे गए पात्रों में यह होता है। बस आपको उसका इतिहास, उससे जुड़ी भावना या उस किरदार के सिद्धांत पर काम करना होता है। बाकी आप अभिनव यात्रा में अनुभव के साथ सीख लेते हैं।

अभिनेत्री को हाल ही में 'ग्यारह ग्यारह' सीरीज में देखा गया था, जो कोरियाई नाटक 'सिग्नल' का रूपांतरण है। उनका अगला प्रोजेक्ट मटका किंग है, जिसके निर्माता राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नागराज मंजुले हैं। 'मटका किंग' मुंबई में शुरू हुए मटका जुए की जटिल दुनिया को दर्शाता है। इस सीरीज में विजय वर्मा मटका किंग की मुख्य भूमिका में हैं।


# ऋतिक रोशन के साथ नजर आईं प्रियंका चोपड़ा, 'कृष 4' में काम करने की अटकलें फिर तेज



**प्रियंका चोपड़ा** और ऋतिक रोशन की जोड़ी एक बार फिर सुर्खियों में है। बीते वीकएंड से ही सोशल मीडिया पर 'कृष 4' को लेकर चर्चा जोरों पर थीं। अब प्रियंका की ताजा पोस्ट ने इस उत्साह को और हवा दे दी है। प्रियंका ने सोमवार को न्यूयॉर्क में बिताए अपने कुछ खास पलों की तस्वीरें साझा कीं।

इन तस्वीरों में उनके साथ पति निक जोनस, बेटी मालती मैरी, ऋतिक रोशन और उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद और सोफी चौधरी नजर आए। इस ग्रुप ने निक के ब्रॉडवे म्यूजिकल 'द लास्ट फाइव इयर्स' का मजा लिया और एक साथ पूरा दिन बिताया।

प्रियंका की ओर से पोस्ट की गई ये तस्वीरें फैंस का खूब ध्यान खींच रही हैं। इसे देखकर लोग यह कयास लगा रहे हैं कि क्या यह 'कृष 4' में प्रियंका की वापसी का इशारा है। वहीं, साझा की गई तस्वीरों में प्रियंका की बेटी मालती काफी ज्यादा क्यूट लग रही हैं।



**मालती का दिखा मस्ती भरा क्यूट अंदाजः** तस्वीरों में मालती अपनी हरी टूटू स्कर्ट और परियों जैसे पंखों में मस्ती करती दिखीं। उनकी नन्ही हरकतें और प्रियंका के साथ उनके प्यारे पल हर किसी का दिल जीत रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट का कैप्शन रखा, 'अप्रेल अब तक।' इन तस्वीरों ने फैंस को 'कृष 4' को लेकर और उत्सुक कर दिया। प्रियंका और ऋतिक की जोड़ी इससे पहले 'कृष' (2006) और 'कृष 3' (2013) में धमाल मचा चुकी है। अब ऋतिक की 'कृष 4' बनने की पुष्टि हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशन खुद ऋतिक रोशन करने वाले हैं।

**'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगी प्रियंकाः** वहीं, प्रियंका इस समय एसएस राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी 29' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म से वह लंबे समय के बाद भारतीय सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। फिल्म में महेश बाबू भी हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म साल 2027 में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

# सामंथा ने इसलिए ठुकरा दी करोड़ों की डील, हिंदी सिनेमा में वापसी के लिए जबर्दस्त तैयारी



**साउथ सिनेमा** की सुपरस्टार रहीं सामंथा रुथ प्रभु ने ऐसे किसी भी ब्रांड का विज्ञापन करने से मना कर दिया, जिसके चलते लोगों की सेहत पर खराब असर पड़े। ऐसा ही एक फैसला हाल के दिनों में अभिनेता आर. माधवन भी ले चुके हैं। बताया जाता है सामंथा अपनी ब्रांडिंग उत्तर भारत में माधवन के नक्शे कदम करना चाहती हैं। साउथ सिनेमा की सुपरस्टार रहीं सामंथा रुथ प्रभु की साल 2012 में आई पहली हिंदी फिल्म 'एक दीवाना था' के 13 साल बाद उनके एक बड़े बजट की हिंदी फिल्म में लीड हीरोइन के तौर पर बड़े परदे पर उतरने के आसार बनते दिख रहे हैं।

इस फिल्म को करने से पहले सामंथा ने अपनी पर्सनल ब्रांडिंग के लिए खास रिसर्च कराई है और माना जा रहा है कि उनकी पर्सनल ब्रांडिंग हिंदी सिनेमा में एक 'केयरिंग' सुपरस्टार के तौर पर आने वाले दिनो में और मजबूत होने वाली है। पहले 'फैमिली मैन 2' और फिर 'सिटाडेलः हनी बनी' में हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खूब पसंद की गईं सामंथा की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होने वाली है, लेकिन अगले साल के लिए सामंथा ने एक तो अपनी ही प्रोडक्शन कंपनी की शूटिंग शुरू कर दी है, दूसरी फिल्म उनकी हिंदी सिनेमा के एक ऐसे प्रोडक्शन हाउस की फिल्म बताई जा रही है, जो अरसे से साउथ सिनेमा के सितारों को हिंदी सिनेमा में लॉन्च करने की कोशिश में रहा है। जानकारी के मुताबिक सामंथा को हिंदी सिनेमा में बतौर लीड हीरोइन लॉन्च करने जा रही इस कंपनी ने साउथ के एक बड़े सितारे को लेकर एक द्विभाषी फिल्म कुछ साल पहले बनाई भी, हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही। सामंथा के करीबी बताते हैं कि हिंदी पट्टी में बड़े परदे पर उतरने की तैयारी वह बीते तीन-चार साल से करती आ रही हैं और इसी के चलते उन्होंने ऐसे किसी भी ब्रांड का विज्ञापन करने से मना किया, जिसके चलते लोगों की सेहत पर खराब असर पड़े। सॉफ्ट ड्रिंक्स से लेकर सौंदर्य क्रीम तक के दर्जनों प्रस्ताव इस दौरान सामंथा को मिलते रहे हैं, लेकिन वह कहती हैं, 'मैंने अपनी युवावस्था में जो गलतियां कीं, मैं नहीं चाहती कि आज की युवतियां उन्हें दोहराएं। अब जब भी कोई सौंदर्य उत्पाद या सेहत से जुड़ा उत्पाद मेरे पास एंडोर्समेंट के लिए आता है तो सबसे पहले मैं अपने तीन डॉक्टरों के एक पैनल से सलाह लेती हूं। उसके बाद भी किसी ब्रांड के साथ अपना नाम जोड़ने का फैसला लेती हूं। अगर मैं गिनने बैठूं तो सिर्फ बीते एक साल में मैंने 15 बड़े ब्रांड को मना किया। जाहिर है इससे मुझे करोड़ों रुपए का नुकसान भी हुआ, लेकिन मेरा मानना है एक लोकप्रिय सितारे को पैसे से ज्यादा अपने प्रशंसकों की सेहत को अहमियत देनी चाहिए। ज्यादा दिन नहीं हुए सब अभिनेता आर माधवन ने भी इसी तरह करोड़ों रुपए की एक डील एक पान मसाला कंपनी का प्रस्ताव ठुकराकर रद्द कर दी थी। माधवन का बेटा वेदांत अंतरराष्ट्रीय तैराकी चैंपियन है और अपने बेटे के खेल प्रेम को देखते हुए ही माधवन ने ऐसे किसी भी ब्रांड का प्रमोशन न करने का फैसला किया है जो लोगों की सेहत पर विपरीत असर डाल सकता हो। सामंथा की कोशिश भी अपना पर्सनल ब्रांड माधवन की तरह का ही विकसित करने की है।







# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर अंबेडकर सर्किल पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, ग्रेटर निगम महापौर सौम्या गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे। इससे पहले शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### 'जन-जन को अपनाने हैं डॉ. अंबेडकर के आदर्श'

**राज्यपाल** बागडे ने इस अवसर पर संविधान निर्माण के लिए उनके महती योगदान के साथ वंचित वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि संविधान के जरिए देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की समता एवं बंधुत्व का मंत्र देने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को जन-जन को अपनाने की आवश्यकता है।



अंबेडकर सर्किल पर स्टॉल से संविधान पट्टिका खरीदते सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुआ एमओयू उतर रहा धरातल पर, सुक्षेम फाउंडेशन कराएगा निर्माण

# सुजानगढ़ में बनेगा तीन सौ बेड का अस्पताल, हुआ भूमि पूजन

- अस्पताल निर्माण पर आएगी 250 करोड़ की लागत
- केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज करेंगे शिलान्यास
- उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित कई मंत्री होंगे शामिल



महानगर संवाददाता

**सुजानगढ़।** कस्बे में 250 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले तीन सौ पलंगों की क्षमता वाले सुक्षेम आरोग्य विहार मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का मंगलवार को केंद्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय सांगलिया धुणी पीठाधीश्वर ओमदास महाराज भी मौजूद रहेंगे।

सुक्षेम फाउंडेशन के ट्रस्टी के.सी. मालू ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, नगरीय विकास और आवासन (यूडीएच) मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत होंगे, वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में प्रतिपक्ष के पूर्व नेता राजेंद्र राठौड़ भी मौजूद रहेंगे। मंच पर स्थानीय विधायक मनोज मेघवाल और नगरपरिषद सभापति नीलीफोर गौरी अतिथियों का स्वागत करेंगे। समारोह में सुक्षेम फाउंडेशन के संरक्षक शायर और हीरालाल मालू के साथ ही उपाध्यक्ष बजरंगलाल बाहेती, महामंत्री राजेंद्र दाधीच, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, ट्रस्टी विजय सिंह डोसी, जे.सी. शर्मा, अनिता चोरड़िया और यशवंत बाफना भी उपस्थित रहेंगे।

### राज्य सरकार हॉस्पिटल का करेगी संचालन

**के.सी.** मालू ने बताया कि इस अस्पताल के लिए पिछले वर्ष जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में सुक्षेम फाउंडेशन और राजस्थान सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। सुक्षेम फाउंडेशन जन सहयोग से इस अस्पताल भवन का निर्माण कराएगा तथा इसका संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। सुक्षेम फाउंडेशन लीनन बदलने और साफ-सफाई आदि जिम्मेदारी का निर्वहन भी करेगा। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को विधि विधान से भूमि पूजन में भाग लिया।

### 2027 तक तैयार होगा अस्पताल भवन

**मालू** ने बताया कि इस अस्पताल के लिए सुक्षेम फाउंडेशन ने 57 बीघा भूमि अधिग्रहित कर राज्य सरकार के चिकित्सा विभाग के साथ एक एमओयू किया, जिसके अनुसार वर्ष 2027 तक यह अस्पताल भवन तैयार करवाकर राज्य सरकार को सुपुर्द कर दिया जाएगा। इस अस्पताल के बनने से सुजानगढ़ और आसपास की 10 लाख की आबादी लाभान्वित होगी।

### आयुष कॉम्प्लेक्स, चिकित्सकीय आवास भी बनेंगे

**उपाध्यक्ष** बजरंगलाल बाहेती ने बताया कि अस्पताल परिसर के साथ एक ही छत के नीचे आयुष कॉम्प्लेक्स में आयुर्वेदिक एवं नेचुरोपैथी, योग एवं ध्यान केंद्र आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा एक वृद्धाश्रम भी बनेगा। साथ ही संस्था परिसर में अध्यात्म साधना के लिए कृष्ण मंदिर का निर्माण कराया जाएगा।

भगवान धन्वन्तरि की मूर्ति भी लगेगी। इसके अलावा अस्पताल के डॉक्टरों, पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग और अन्य स्टाफ तथा मरीजों के परिजनों के लिए आवास एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों के लिए निशुल्क धर्मशाला तथा विजिटिंग डॉक्टर्स के लिए गेस्ट हाउस आदि भी बनवाए जाएंगे। महामंत्री राजेंद्र दाधीच और कोषाध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि इन सभी सुविधाओं के मद्देनजर सूक्षेम आरोग्य विहार मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को निकट भविष्य में बतौर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में क्रमोन्नत किया जा सकेगा।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह का आगाज आज से

**बच्चों की प्रतियोगिता, पौधरोपण सहित होंगे अन्य आयोजन**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इस वर्ष प्रदेश में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह 16 अप्रेल को राज्य स्तर, रेंज, जिला, यूनिट, प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा। राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी में होगा। महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राज्यस्तरीय समारोह की श्रंखला में 15 अप्रेल को बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिनके विजेता एवं उनके अभिभावकों को बुधवार को मुख्य समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। 15 व 16 अप्रेल को सभी पुलिस कार्यालयों व परिसरों में सफाई एवं पौधरोपण किया जाएगा। डीजीपी साहू ने बताया कि चयनित थानों में स्कूल के बच्चों का भ्रमण व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर, पुलिस लाइन आयुक्तालय, जयपुर व जयपुर ग्रामीण पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविरों में जयपुर स्थित पुलिस कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों व स्वयंसेवकों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में रेंज मुख्यालय, जिला, यूनिट एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार व बुधवार को स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण, रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत रेंज व जिला पुलिस के सभी कार्यालयों, पुलिस लाइंस, पुलिस थानों, पुलिस चौकियों में साफ-सफाई व पौधरोपण होना है।

### उत्कृष्ट बच्चों का होगा सम्मान

**जिला** पुलिस लाइन, आरएसी बटालियन मुख्यालय एवं प्रशिक्षण संस्थानों में मंगलवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इनके तहत खेलकूद, वाद-विवाद, कविता वाचन, नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित व भाग लेने के लिए पुलिस कार्मिकों के परिवारजनों को भी आमंत्रित किया जाएगा। समारोह में पुलिसकार्मिकों के बच्चे, जिन्होंने खेलकूद, पढ़ाई एवं अन्य गतिविधि में अच्छा योगदान, अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें पुलिस अधीक्षक या कमांडेंट द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# चिरेका में मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**चित्तरंजन (म.सं.)।** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में 14 अप्रेल को देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में समारोहपूर्वक किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा एससी-एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव एवं संगठन के पदाधिकारी, विभागों के प्रधान अध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारियों ने भी डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। एससी-एसटी एसोसिएशन के सचिव ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को महाप्रबंधक ने सम्मानित किया।






स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25